राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 324 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र ने डॉ. राकेश कुमार शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक 'लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवनवृत्त' का विमोचन किया।

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# संभलः मस्जिद के सर्वे पर बवाल-आगजनी

● संभल में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हिंसा, आगजनी और पत्थरबाजी, 3 लोगों की मौत

**बरपा हंगामा**

**पुलिस ने स्थिति काबू करने के लिए हवाई फायरिंग और आंसू गैस के गोले छोड़े, क्षेत्र में तनाव**



**टीम एक्शन इंडिया**

**संभलः** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में जामा मस्जिद में सर्वे के लिए एडवोकेट कमिश्नर की अगुवाई में रविवार सुबह टीम पहुंची। टीम के पहुंचने के बाद स्थानीय लोगों की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की हुई। कुछ ही देर में लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया, जिससे इलाके में तनाव पैदा हो गया। पुलिस ने स्थिति काबू करने के लिए हवाई फायरिंग और आंसू गैस के गोले छोड़े। जामा मस्जिद के पास पत्थरबाजी और आगजनी की घटना पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बनी हुई है। मामले पर सूबे की राजनीति भी तेज हो गई है।

**क्या है जामा मस्जिद विवाद?**

वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु जैन ने अपने पिता व वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर जैन सहित आठ लोगों की ओर से 19 नवंबर को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) में वाद दायर किया। उनका दावा है कि संभल की शाही जामा मस्जिद हरिहर मंदिर है। कोर्ट ने वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश राघव को सर्वे के लिए एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया है। कोर्ट ने सर्वे का वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी का भी आदेश दिया। यह 29 नवंबर तक कोर्ट में प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

कोर्ट के आदेश पर 19 नवंबर की शाम को टीम सर्वे करने पहुंची। टीम ने करीब दो घंटे तक सर्वे किया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रहा। 22 नवंबर को सर्वे के बाद पहली जुमे की नमाज हुई। सुबह से ही बड़ी संख्या में विशेष समुदाय के लोग एकत्र होने लगे। पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए मामले को शांत कराया। साथ ही मस्जिद के चारों ओर कैमरे लगवा दिए।

## बुलानी पड़ी 30 थानों की पुलिसफोर्स



**टीम एक्शन इंडिया**

**संभल/मुरादाबादः** जामा मस्जिद के सर्वे पर हुए बवाल के बाद मंडल के सभी जिलों की पुलिस फोर्स ने संभल में डेरा डाल दिया है। कई सीओ व अधिकांश थानेदार मस्जिद के पास तैनात हैं और निगरानी कर रहे हैं। बता दें कि 19 नवंबर को सर्वे के लिए टीम पहुंची थी। उस समय मंडल के सभी जिलों के पुलिस फोर्स व अधिकारी आए थे। तब सब कुछ शांति के साथ निपट गया था। लेकिन अब रविवार की सुबह जब टीम पहुंची तो सिर्फ संभल पुलिस ही मौजूद थी। फिर बवाल शुरू और माहौल बिगड़ता चला गया। डीआईजी मुनिराज जी ने भी मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए बवालियों पर आंसू गैस के गोले दागे। अमरोहा के सिटी सीओ अरुण कुमार, रजबपुर के प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह, हसनपुर के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह, बछरायूं के थानेदार विकास कुमार, रामपुर के सीओ जितेंद्र सिंह के अलावा कई थानेदार व मुरादाबाद के भी पुलिस अधिकारी पहुंच गए।

# भारतीय मूल के लोग हर क्षेत्र में आगेः पीएम मोदी




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान कहा कि विदेशों में रहने वाले भारतीय समुदायों के व्यक्तित्व में भारतीयता गहराई से समाहित है। पीएम मोदी ने जोर देते हुए कहा कि भारतीय मूल के लोग अपने निवास वाले देशों में हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने भारतीय विरासत को जीवित रखा है। दरअसल, पीएम मोदी ने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 116वें एपिसोड को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने देश के नागरिकों से भारतीय प्रवासियों की प्रेरक कहानियों और दुनिया में उनके योगदान को साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी के साथ उन्होंने देश के युवाओं से खास अपील भी की।

**युवाओं से पीएम मोदी की अपील**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में देश के युवाओं से खास अपील की। उन्होंने कहा कि मैं पूरे महीने इस खास दिन का इंतजार करता हूं जब देश के लोगों से सीधा संवाद कर सकूं। पीएम मोदी ने आज के कार्यक्रम में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

## हमने भारतीय विरासत को रखा जीवितः पीएम

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि हमने भारतीय विरासत को जीवित रखा है। पीएम मोदी ने इस दौरान ओमान में एक अनूठी परियोजना का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने ओमान में चल रही एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी प्रोजेक्ट के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि कई भारतीय प्रवासी परिवार ओमान में रह रहे हैं। इनमें से कई के बाद ओमान की नागरिकता है, लेकिन भारतीयता उनकी रग-रग में बसती है।

# अमृतसर में थाने के बाहर से मिला आईईडी, जांच में जुटी पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** पंजाब के अमृतसर जिले में स्थित अजनाला पुलिस थाने के बाहर से रविवार को आईईडी बरामद किया गया है। यह वही पुलिस थाना है जहां खालिस्तानी कट्टरपंथी अमृतपाल ने हमला करके अपने साथियों को छुड़ाया था। इस पुलिस थाने के आसपास के क्षेत्र में पहले भी बम धमाके हो चुके हैं। आशंका जताई जा रही है कि दहशत फैलाने के उद्देश्य से किसी ने यह हरकत की है। पुलिस के आलाधिकारियों द्वारा इसकी जांच शुरू कर दी गई है। अमृतसर पुलिस के अनुसार आज सुबह जब थाने से एक कर्मी बाहर निकला तो उसने देखा कि एक बाउल पड़ा था, जिसे खाकी रंग की टेप लगाकर अच्छी तरह से बंद किया गया था। उक्त बाउल के अंदर से कुछ तार बाहर निकले हुए थे। वह बम जैसी चीज थी, जो खुले में पड़ी हुई थी। उसे किसी भी चीज से ढंका नहीं गया था। पुलिस की अभी तक की जांच में पता चला है कि उस चीज को देर रात धुंध का फायदा उठाकर रखा गया है। इसकी आलाधिकारियों तथा बम निरोधक दस्ते को सूचना दी गई।

# अडानी और मणिपुर पर चर्चा चाहता है विपक्ष



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः संसद** के सोमवार से शुरू होने जा रहे हैं शीतकालीन सत्र से एक दिन पूर्व आज सरकार द्वारा सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। इस दौरान विपक्ष ने कुछ मांगें और सुझाव सरकार के समक्ष रखें। वहीं सरकार की ओर से आश्वासन दिया गया कि राज्यसभा के सभापति, लोकसभा के अध्यक्ष और कार्यमंत्रणा समिति के समक्ष इन्हें रखा जाएगा और उन पर उचित निर्णय लिया जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में संसद भवन में आयोजित सर्वदलीय बैठक में 30 राजनीतिक दलों के 42 नेताओं ने भाग लिया। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई और सरकार ने विपक्ष की मांगों और सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। सरकार विपक्ष के सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार हैं, हम केवल इतना चाहते हैं कि सदन सुचारु रूप से चले। बैठक में अडानी समूह से जुड़े मामले, मणिपुर में पिछले डेढ़ साल से जारी हिंसा और वक्फ संशोधन विधेयक का भी मुद्दा विपक्ष की ओर से उठाया गया।

**सर्वदलीय बैठक**

**बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई और सरकार ने विपक्ष की मांगों और सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना**

# महाराष्ट्रः सीएम, 2 डिप्टी सीएम का फॉर्मूला तय

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः महाराष्ट्र** के विधानसभा चुनाव के रिजल्ट आने के बाद अब साफ हो गया है कि राज्य में महायुति की सरकार बनेगी। महायुति से सीएम पद के उम्मीदवार की अभी तक घोषणा नहीं हुई है। विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो रहा है, इसलिए इससे पहले सरकार गठित होनी है। ऐसा न होने पर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ेगा।

सरकार का चेहरा यानी मुख्यमंत्री का नाम तय करने के लिए देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार रविवार शाम को दिल्ली रवाना होंगे। भाजपा आलाकमान के साथ मीटिंग के बाद सीएम के नाम का ऐलान हो सकता है।

**मंथन**

**अभी तक घोषणा नहीं हुई है। विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो रहा है**

# पहाड़ों पर बर्फबारी से अभी और बढ़ेगी ठंड

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः देशभर** में मौसम तेजी से बदल रहा है। पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू होने से ठंड बढ़ने लगी है और बर्फीली हवाएं भी शरीर को परेशानी देने लगी हैं। यही कारण है कि उत्तर भारत में बर्फीली हवाओं का असर देखने को मिल रहा है और दिल्ली, पंजाब, यूपी और बिहार तक तापमान में गिरावट हो रही है। वहीं, मौसम विभाग ने आज दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, यूपी और उत्तराखंड के कई जिलों में कोहरे की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने तमिलनाडु और केरल के कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**उत्तराखंड के ज्यादातर क्षेत्रों में सुबह-शाम की ठंड बढ़ी**

उत्तराखंड के ज्यादातर क्षेत्रों में सुबह-शाम ठंड बढ़ गई है। हालांकि, अभी अगले सप्ताह से रात को कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिन पहाड़ों में पाले और मैदानी क्षेत्रों में कोहरा छा सकता है। आगामी तीन दिन बाद से दून समेत ज्यादातर क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। शनिवार को प्रदेशभर में शुष्क मौसम रहा। हालांकि, सुबह मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाया रहा।

# कोर्ट के काम को किया जा रहा प्रभावितः चंद्रचूड़



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारत के पूर्व मुख्य न्यायीश डी वाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि विशेष हित समूहों द्वारा मामलों के नतीजों को प्रभावित करने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया जा रहा है और न्यायाधीशों को उनसे सावधान रहने की जरूरत है। पूर्व सीजेआई ने कहा कि आजकल लोग यूट्यूब या किसी अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर देखे गए 20 सेकंड के आधार पर राय बनाना चाहते हैं। इससे समाज को एक बड़ा खतरा है।

**अदालतों के काम को प्रभावित करने की कोशिश**

पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने आगे कहा कि आज के समय में कई ऐसे समूह हैं जो अदालतों के मामलों और नतीजों को प्रभावित करने की कोशिश सोशल मीडिया के सहारे करते हैं। उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक को समझने का अधिकार है कि अदालत द्वारा दिए गए किसी भी निर्णय का आधार क्या है। देश के हर नागरिक को अदालत के फैसले पर राय रखने का पूरा अधिकार है।

**फैसला**

**विशेष हित समूहों द्वारा मामलों के नतीजों को प्रभावित करने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया जा रहा**

**समारोह** जींद में आयोजित हुआ राज्य स्तरीय महर्षि वाल्मीकि समारोह, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की शिरकत

# गरीबों के लिए बनाए जाएंगे 5 लाख नए आवासः सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः श्रीराम क**था की सबसे पहले रचना करने वाले आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती को हरियाणा में बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में जिला जींद के एकलव्य स्टेडियम में राज्य स्तरीय समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नरवाना में महर्षि वाल्मीकि भवन के लिए 51 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने हिसार में छात्रवास बनाने के लिए भी मदद करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि जी को नमन करते हुए कहा कि इस समारोह में आकर उन्हें बड़ी खुशी व गर्व की अनुभूति हो रही है। हमारा परम सौभाग्य है कि हम अयोध्या में भगवान श्रीराम जी के भव्य एवं दिव्य मंदिर के निर्माण के साक्षी बने हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी वेदों के ज्ञाता और ब्रह्म ज्ञानी थे। उन्होंने मानवता को शोषितों व पीड़ितों के प्रति करूणा व दया भाव रखने, त्याग करने, बड़ों का आदर व आज्ञा का पालन करने का पाठ पढ़ाया , वे ऋषियों के ऋषि और योगियों के योगी थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने रामायण में एक आदर्श शासक के लिए जो मयार्दाएं निर्धारित की, उनका पालन करते हुए हमारी सरकार हरियाणा प्रदेश के हर नागरिक के कल्याण व उत्थान के लिए कार्य कर रही है।

**भव्य आयोजन**

**सरकार महापुरुषों के विचारों का प्रचार करने के लिए प्रमुख शहरों में स्थापित करेगी समरसता विरासत केंद्र**



# हर वर्ग के मतदाताओं ने किया भाजपा पर भरोसा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** उपचुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत की वजह कार्यकताओं का सक्रिय रहना और पार्टी के समर्थित लोगों से मतदान कराना रहा। सभी वर्ग के मतदाताओं का साथ भाजपा को मिला है। यही वजह रही कि अधिकतर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में बहुत कम वोट मिलने के बावजूद भाजपा प्रत्याशी ने 69 हजार से अधिक मतों से जीत हासिल की है। उपचुनाव में सबसे अधिक मतदान विजयनगर ए- ब्लॉक स्थित चिल्ड्रेंस एकेडमी स्कूल में हुआ था। इस बूथ पर भाजपा प्रत्याशी को सर्वाधिक वोट भी मिले हैं। उन्होंने यहां पर तिहरा शतक लगाया है। विजयनगर में ही योगी आदित्यनाथ ने रोड शो किया था, जिसके बाद भाजपा खुद को चुनाव में और मजबूत मानकर चल रही थी। विजयनगर के अधिकतर बूथों पर भाजपा ने भारी अंतर से जीत हासिल की है।



**सपा के सिंह राज को पूनम ने भी हराया:** एसएसके पब्लिक स्कूल में बने बूथ संख्या 174 पर भी भाजपा को 304 वोट मिले हैं, यहां पर दूसरे नंबर पर हिंदुस्थान निर्माण दल की पूनम को 63 वोट मिले, वह दूसरे नंबर पर रहीं। सपा प्रत्याशी को यहां पर 53 और बसपा प्रत्याशी को 13 वोट मिले।

**अनुसूचित वर्ग के लोगों ने भी किया भाजपा पर भरोसा:** अनुसूचित वर्ग के मतदाताओं ने भाजपा पर भरोसा जताया है। यहां पर शिब्बनपुरा में मंत्री असीम अरुण गए थे।

शिब्बनुपरा में बूथ संख्या 321 पर बसपा को 39, भाजपा को 42, सपा को आठ, आजाद समाज पार्टी को 24 वोट मिले। इनके अलावा अन्य प्रत्याशियों को इस बूथ पर एक भी वोट नहीं मिला है।

**रिकॉर्ड वोटों से सीते भाजपा प्रत्याशी :** गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा ने कम मतदान होने के बावजूद 69,304 वोटों से रिकॉर्ड जीत हासिल कर भाजपा को इस सीट पर जीत की हैट्रिक दिलाई है। संजीव शर्मा को कुल 96,878 वोट मिले हैं।

**हैट्रिक लगाई**

**69,304 वोटों से रिकॉर्ड जीत हासिल कर भाजपा को इस सीट पर जीत की हैट्रिक दिलाई है**

दूसरे नंबर पर रहे सपा प्रत्याशी सिंह राज जाटव को 27,574 वोट मिले हैं। तीसरे नंबर पर रहे बसपा प्रत्याशी पीएन गर्ग की जमानत जब्त हो गई है, उनको कुल 10,729 वोट मिले हैं। चुनाव के मैदान में 14 प्रत्याशी उतरे थे। इनमें से 12 की जमानत जब्त हो गई है।

**17 साल बाद भाजपा ने बनाया था ब्राह्मण प्रत्याशी:** भाजपा ने 17 साल बाद इस सीट पर ब्राह्मण वर्ग से आने वाले संजीव शर्मा को प्रत्याशी बनाया है। इससे पहले आखिरी बार वर्ष 2007 में इस सीट से सुनील शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया था, उन्होंने इस सीट पर भाजपा को जीत दिलाई थी। इसके बाद 2012 में सुनील शर्मा को साहिबाबाद से प्रत्याशी बनाया गया। इस सीट पर वैश्य वर्ग के अतुल गर्ग को चुनाव लड़ाया गया, वह बसपा के सुरेश बंसल से हारे। 2017, 2022 के उपचुनाव में उनको दोबारा मौका मिला तो उन्होंने लगातार दो बार जीत हासिल की। संजीव शर्मा का प्रोफाइल 2007 में भाजपा में शामिल हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष बने 2013 में उनको भाजपा ने महानगर महामंत्री बनाया। 2019 में वह भाजपा के महानगर अध्यक्ष बने तीन साल का कार्यकाल खत्म होने पर दोबारा महानगर अध्यक्ष बने।

# एक महिला ने अपने पति पर सुहागरात का वीडियो बनाने का आरोप लगाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद :** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां विजयनगर थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने पति पर सुहागरात का वीडियो बनाने और ननदोई पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा है कि जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। विजयनगर थाना क्षेत्र की महिला ने दर्ज मुकदमे में बताया कि इसका निकाह जून 24 में शाहदरा निवासी युवक से हुआ है। निकाह के बाद कमरे में आए पति ने सुहागरात का वीडियो बनाया और विरोध करने पर यादगार के रूप में संरक्षित करने की बात कही। करीब एक माह बाद ननदोई पीड़िता के कमरे में घुस आया



और अश्लील हरकत की। महिला का आरोप है कि विरोध पर ननदोई ने धमकी दी कि उसकी आपत्तिजनक वीडियो उनके पास है और ससुराल में उसकी पत्नी के अनुसार ही रहना होगा। दहेज में मोटरसाइकिल और एक लाख रुपये को मांग कर पीड़िता का मानसिक उत्पीड़न करने लगे। इस दौरान वह गर्भवती हुई लेकिन उपचार के अभाव के चलते गर्भपात हो गया।

पीड़िता ने महिला थाने और पिंक बूथ पर शिकायत दर्ज कराई लेकिन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। पीड़िता ने कोर्ट के आदेश पर विजयनगर थाने में आरोपी पति, ननदोई और ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। एडीसीपी रितेश तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# रामलीला मैदान जाने को निकले यति नरसिंहानंद नजरबंद



**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद :** सरकार के खिलाफ आइएमसी के अध्यक्ष तौकी रजा ने दिल्ली के रामलीला मैदान पर रविवार को सभा करने का एलान किया। इस सभा को डासना स्थित शिव शक्तिधाम के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और जवाब देने के लिए सभा में शामिल होने के लिए रविवार को दर्जनों अनुयायियों के साथ निकले। वेव सिटी पुलिस और पीएसी मौके पर पहुंची और यति नरसिंहानंद को रोका।

# आतिशबाजी के दौरान बग्गी में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा:** बढ़ते प्रदूषण के बावजूद शहर में हर्ष आतिशबाजी पर रोक नहीं हैं। इसका दुष्प्रभाव बीत दिनों नोएडा के सेक्टर-34 स्थित सामुदायिक केंद्र में बरात चढ़ने के दौरान देखा गया। आतिशबाजी से दूल्हा सवार बग्घी में आग लग गई। बग्घी पर सवार दूल्हा और बच्चों ने वहां से उतरकर खुद को सुरक्षित किया। स्थानीय आरडब्ल्यूए ने डीएम को पत्र लिख हर्ष आतिशबाजी पर रोक लगाने की मांग की है।

**दूल्हा और बच्चे थे बग्घी पर** सेक्टर-34 स्थित बी-3 अरावली अपार्टमेंट के अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि बीते दिनों एक बरात



चढ़त में जमकर हर्ष आतिशबाजी हुई। इससे दूल्हे की बग्घी के ऊपरी हिस्से की छतरी में आग लग गई। घटना के वक्त दूल्हा और कुछ बच्चे बग्घी पर ही थे।

**आतिशबाजी न करने का लिया जाता है हलफनामा:** आनन-फानन सभी लोग बग्घी से नीचे उतरे। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। बग्घी की छतरी में लगी आग को समय पर बुझा दिया गया। धर्मेंद्र ने बताया कि सामुदायिक केंद्र में बुकिंग के वक्त आतिशबाजी नहीं करने के लिए एक हलफनामा लिया जाता है। इसके बाद भी लोग नहीं मान रहे हैं। हर्ष आतिशबाजी पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए अब डीएम को पत्र लिखा गया है। वैवाहिक कार्यक्रमों के दौरान हो रही आतिशबाजी भी शहर में बढ़ते प्रदूषण के स्तर की एक वजह बन रही है।

**बाल-बाल बचे**

**आतिशबाजी से दूल्हा सवार बग्घी में आग लग गई। बच्चों ने वहां से उतरकर खुद को सुरक्षित किया**

# सड़क हादसा: जगदगुरु कृपालु महाराज की बड़ी बेटी की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा:** नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे पर शनिवार की रात सड़क हादसे में आठ लोग घायल हो गए, जिसमें एक की मौत हो गई। कार और ट्रक के बीच यह हादसा एक्सप्रेस-वे पर 8 किलोमीटर के बोर्ड के पास आगरा से नोएडा की तरफ जाने वाले रास्ते पर हुआ। एक कैंटर ने दो कार सवारों को पीछे से टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार चल रहा है। घायल और उनके साथी एक समूह में वृंदावन की यात्रा करके वृंदावन से दिल्ली वापस लौट रहे थे। घायलों में दिल्ली के 35 वर्षीय दीपक, मथुरा निवासी 56 वर्षीय हंसा, 53 वर्षीय कश्मीरा, 40 वर्षीय जानूका और प्रतापगढ़ के 57 वर्षीय संजय मलिक शामिल हैं। वहीं द्वारका नई दिल्ली की विशाखा त्रिपाठी, श्यामा त्रिपाठी व कृष्ण त्रिपाठी शामिल हैं, जो प्रेम मंदिर वृंदावन के संस्थापक जगद्गुरू कृपालु महाराज की बेटियां हैं। जगद्गुरू कृपालु महाराज की बड़ी बेटी 65 वर्षीय डॉ. विशाखा त्रिपाठी को दिल्ली के अस्पताल के डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हालांकि अपोलो हास्पिटल की ओर से इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया। अस्पताल के विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक 69 वर्षीय डॉ. श्यामा त्रिपाठी और 67 वर्षीय डा. कृष्णा त्रिपाठी की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा इतना जबरदस्त था कि गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसे में आठ लोग घायल हो गए।

**दुखद**

**शनिवार की रात सड़क हादसे में आठ लोग घायल हो गए, जिसमें एक की मौत हो गई**

# प्रेमी संग रहने के लिए सोनम ने किया दो बच्चों का कत्ल, बेटे ने खोला राज

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा :** ग्रेटर नोएडा के खेड़ा धर्मपुरा गांव के पास वायु एनक्लेव कॉलोनी में साढ़े तीन साल पहले दूसरी शादी करने के बाद बच्चों के साथ महिला रह रही थी। महिला ने अपने दो बच्चों का गला दबाकर हत्या कर दी था। दोनों बच्चों की हत्या का राज तीसरे बच्चे नकुल ने अपने दादा से उंगली का इशारा कर खुलवाया। जबकि दादा को महिला ने रोका था लेकिन वह बच्चों के बारे में पूछने लगा। महिला ने रो-रोकर बच्चों की हत्या का राज उगल दिया। अब ढाई वर्षीय नकुल का बार-बार मां पुकार कर रो-रो कर बुरा हाल है। जिसे दादा व उसका ताऊ बार-बार चुप कर रहे हैं। बता दें कि मूल रूप से मेरठ के परतापुर की रहने वाली सोनम ने करीब सात साल पहले साहिल के साथ प्रेम विवाह किया था। प्रेम विवाह करने के बाद बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के खेड़ा धर्मपुरा गांव में सोनम व साहिल रहने लगे। सोनम व साहिल के समीप दूसरे कमरे में मूल रूप से



मुजफ्फरनगर के भोरा कला गांव निवासी सोनू भी रहता था। वह निजी कंपनी में नौकरी करता है। साहिल अक्सर सोनम के साथ मारपीट करता था। बच्चे भूखे रहने पर सोनू खाने के लिए कुछ ना कुछ दे देता। जिससे सोनम व उसके दोनों बच्चों का लगाव सोनू के साथ होने लगा। साहिल द्वारा सोनम के साथ मारपीट करने को लेकर मकान मालिक ने कमरा खाली कर दिया था। करीब 4 साल पहले साहिल एक मामले में जेल चला गया। उसके बाद सोनू व सोनम का मिलना जुलना शुरू हो गया। सोनम सोनू के साथ रहने लगी। सोनू से एक बच्चा पैदा हुआ। उसका नाम नकुल रखा गया। नकुल की उम्र करीब ढाई वर्ष है। साहिल की जेल से जमानत पर छूटने के बाद सोनम से संपर्क के लिए फोन किया। जिससे सोनम डर गई। उन्होंने दोनों बच्चों की हत्या कर स्वयं भी आत्महत्या करने की ठान ली। जबकि सोनू का भाई राजू व पिता राजवीर भी खेड़ा धर्मपुरा गांव के डिफेंस एनक्लेव कॉलोनी में रहते हैं। सोनू का पिता राजवीर हफ्ते में एक दो बार घर सोनम के पास हाल-चाल के लिए चला जाता है। शुक्रवार को सोनू कंपनी में ड्यूटी पर चला गया। सोनम ने अपने दोनों बच्चों का गला दबाकर हत्या कर दी। कमरे में कपड़ा डालकर लिटा रखा था। आत्महत्या करने को लेकर विचार कर रही थी। इसी दौरान सोनू के पिता राजवीर घर पर अचानक पहुंच गए। वह गुम बैठी हुई थी। ढाई वर्षीय नकुल रो रहा था। जब नकुल को शांत किया तो नकुल ने अपने दादा राजवीर से उंगली पकड़कर कमरे की तरफ इशारा करने लगा। इशारा करने पर राजवीर ने दोनों बच्चों के बारे में पूछा की दोनों कहां है। इतना कहते ही उन्होंने कहा कि दोनों बच्चे बीमार हैं। बच्चों को देखने के लिए जैसी कपड़ा हटाकर बच्चों की नवज पकड़ कर देखी तो कुछ नहीं था। इतना देखा जब राजवीर ने सोनम की तरफ देखा तो वह रोने लगी। रोने की आवाज सुनने पर आसपास के लोग आ गए। आसपास के लोगों के आने पर मामला खुल गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई थी। उसके बाद राजवीर ने ढाई वर्षीय नकुल को गले से लगा लिया। उसे चुप करने के लिए कुछ खाने को दिया। पिता राजवीर व महिला के जेठ राजू ने बताया कि उन्होंने सोनू से सोनम के साथ शादी करने से मना किया था। लेकिन वह नहीं माना। पिता राजवीर के साथ अलग रह रहे हैं।

**शिकंजा**

**बच्चों का गला दबाकर हत्या कर दी था। दोनों बच्चों की हत्या का राज तीसरे बच्चे नकुल ने अपने दादा से उंगली का इशारा कर खुलवाया**

# महर्षि दयानन्द की शिक्षाओं से बनेगा उन्नत समाज: निखिल मदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** महर्षि दयानन्द सरस्वती का नाम भारत के उन महापुरुषों में प्रमुख है जिन्होंने अपने ज्ञान और पुरुषार्थ से देश की जनता का ना केवल तब भला क्या बल्कि उनकी शिक्षाओं को अपनाने से आज भी उन्नत समाज बन सकता है। ये विचार स्थानीय विधायक निखिल मदान ने व्यक्त किए। वे रविवार को स्थानीय काठ मंडी स्थित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे यजुर्वेद महायज्ञ के कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। वैदिक प्रवक्ता महेन्द्र कुमार शास्त्री के ब्रह्मत्व में चले महायज्ञ के अंतिम दिन अरुण दहिया-शैली, भारत-सोनिया, संदीप कुमार-निशा, प्रदीप खत्री-कविता, राजेश मलिक-पुष्पा, विजय लाकड़ा-कविता, मंदीप फोगाट-सुषमा, नितिन-लता, संदीप खत्री-सविता यजमान बने। आर्यसमाजियों ने वैदिक रीति से आयोजित महायज्ञ में आहुति देकर विश्व शांति और समस्त प्राणिमात्र के कल्याण की कामना की। कार्यक्रम में आर्य बाल भारती स्कूल पानीपत के प्रधान आर्य रणदीप कादियान, पंचकूला के आबकारी एवं कराधान ज्वाइंट कमीश्नर अनिल कादियान भी पहुंचे जिन्होंने आर्य समाज द्वारा देश हित में किए कार्यों की सराहना की। विधायक निखिल मदान ने कहा कि महिलाओं को भोग विलास की वस्तु समझा जाता था।


## एक्शन इंडिया

### (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स


**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें। **फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें। **फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041


## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बोली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बडथल, तहसील नीलोखेडी, जिला करनाल में रायपुर वाली सडक पर तालाब व शिव मंदिर के पास तालाब इन दोनों तालाबों की बोली 26.11.2024 को गांव बडथल, के ओम शांति हाल में सुबह 11 बजे की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता मौके पर पहुंच कर बोली में भाग ले सकता है। बोली की बाकी शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत बडथल**
**खण्ड नीलोखेडी (करनाल)**
**मोबाइल : 9729663963**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# सिपाही की हत्याः तीसरे आरोपित को किया ढेर

## दिल्ली पुलिस की टीम ने आरोपित राघव उर्फ रॉकी को घेरा, इस बीच राघव ने पुलिस पर फायरिंग कर दी

**मुठभेड़**

**दिल्ली पुलिस के सिपाही किरण पाल (28) की पेट्रोलिंग करने के दौरान हत्या कर दी गई थी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दक्षिण** पूर्वी जिले के गोविंदपुरी में तैनात सिपाही किरण पाल सिंह की हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने तीसरे आरोपित को मुठभेड़ में ढेर किया। यह घटना रविवार सुबह संगम विहार इलाके में हुई, जहां दिल्ली पुलिस की टीम ने आरोपित राघव उर्फ रॉकी को घेरा। इस बीच राघव ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल राघव को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उल्लेखनीय है कि शनिवार देर रात जब किरण पाल पेट्रोलिंग में थे, तब तीन बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। आरोपितों ने किरणपाल पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे किरणपाल की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपित दीपक को क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ के बाद दबोचा। जबकि कृष को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस मामले में तीसरे आरोपित राघव की तलाश थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, राघव उर्फ रॉकी के बारे में सूचना मिलने पर संगम विहार में उसे घेरने का प्रयास किया गया। पुलिस ने उसे समर्पण करने लिए कहा लेकिन रॉकी ने समर्पण करने के बजाय फायरिंग कर दी। दिल्ली पुलिस के सिपाही किरण पाल (28) की पेट्रोलिंग करने के दौरान हत्या कर दी गई। सिपाही घालयावस्था में पड़ा रहा और अधिक खून बहने के कारण उसने मौके पर तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। शनिवार तड़के सिपाही के शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। बावर्दी सिपाही की हत्या होने से दिल्ली पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मचा गया और ताबड़तोड़ रंगदारी मांगने की वारदातों के बाद सिपाही की हत्या से दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार मूलरूप से बुलंदशहर, यूपी के रहने वाले किरण पाल वर्ष 2018 में दिल्ली में बतौर सिपाही भर्ती हुआ था। उनकी तैनाती मार्च महीने में ही गोविंदपुरी थाने में हुई थी और उनकी ड्यूटी गोविंदपुरी में थी। वह रात को मोटरसाइकिल से पेट्रोलिंग कर रहे थे। शुक्रवार रात को पेट्रोलिंग के दौरान सिपाही किरणपाल ने स्कूटी पर संदिग्ध हालत में घूम रहे तीन लड़कों को रोका। किरणपाल ने उनसे रात में घूमने का कारण पूछा तो आरोपियों ने सिपाही पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। इस पर किरण पाल ने हेलमेट उतारकर गोविंदपुरी थाने से अन्य पुलिसकर्मियों को बुलाने के लिए फोन करने लगा तभी एक आरोपी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू छाती में दिल तक पहुंच गया था। ये भी कहा जा रहा है कि सिपाही उनकी तलाशी ले रहा था। उनके पास चाकू थे। पकड़े जाने के डर से एक आरोपी ने सिपाही को कई बार चाकू मार दिया। सिपाही का शव मेन रोड रविदास मार्ग से गोविंदपुरी की गली नंबर-10 में घूसते ही पड़ा हुआ था। सूचना मिलने के बाद जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए।





### रात को बाइक से पेट्रोलिंग कर रहे थे किरणपाल

**दक्षिण-पूर्व** जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार मूलरूप से बुलंदशहर, यूपी के रहने वाले किरण पाल वर्ष 2018 में दिल्ली में बतौर सिपाही भर्ती हुआ था। उनकी तैनाती मार्च महीने में ही गोविंदपुरी थाने में हुई थी और उनकी ड्यूटी गोविंदपुरी में थी। वह रात को मोटरसाइकिल से पेट्रोलिंग कर रहे थे। शुक्रवार रात को पेट्रोलिंग के दौरान सिपाही किरणपाल ने स्कूटी पर संदिग्ध हालत में घूम रहे तीन लड़कों को रोका। किरणपाल ने उनसे रात में घूमने का कारण पूछा तो आरोपियों ने सिपाही पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। इस पर किरण पाल ने हेलमेट उतारकर गोविंदपुरी थाने से अन्य पुलिसकर्मियों को बुलाने के लिए फोन करने लगा तभी एक आरोपी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू छाती में दिल तक पहुंच गया था। ये भी कहा जा रहा है कि सिपाही उनकी तलाशी ले रहा था। उनके पास चाकू थे। पकड़े जाने के डर से एक आरोपी ने सिपाही को कई बार चाकू मार दिया। सिपाही का शव मेन रोड रविदास मार्ग से गोविंदपुरी की गली नंबर-10 में घूसते ही पड़ा हुआ था। सूचना मिलने के बाद जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार देवा नाम के युवक की जन्मदिन पार्टी थी। तीनों आरोपी पार्टी में शामिल होकर लौट रहे थे। जिले की नारकोटिक्स यूनिट प्रभारी विष्णु दस्त की टीम ने एक आरोपी को वारदात के कुछ घंटे बाद ही पकड़ लिया।

### वो भागा नहीं, डटा रहा... बदमाशों से अकेले ही भिड़े

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** परिवार को ठीक से चलाने व बदमाशों पर लगाम लगाने के जज्बे के साथ दिल्ली पुलिस में भर्ती हुए सिपाही किरणपाल ने दो दिन पहले ही बूढ़ी मां गुड्डी देवी से फोन पर बात की थी। उसने कहा था कि मां मैं जल्द ही आऊंगा, तुम ठीक से रहना, लेकिन उसे क्या पता था कि वह मां से आखिरी बार बात कर रहा है। उसने यूपी के अमरगढ़ से अंग्रेजी विषय में डबल एमए कर रखा था। साथी पुलिसकर्मियों ने बताया कि वह परीक्षाएं दे रहा था और बड़ा अफसर बनना चाहता था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, किरणपाल की हत्या की सूचना मिलते ही परिजन व मामा कालीचरण दिल्ली पहुंच गए थे।

# शिकायतों के समाधान के लिए कंपनियों के साथ की साझेदारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने शिकायतों के समाधान में तेजी लाने के लिए अपने कन्वर्जेंस कार्यक्रम के तहत 1000 से अधिक कंपनियों के साथ साझेदारी की है। उपभोक्ता मामलों के विभाग का कहना है कि ये कंपनियां ई-कॉमर्स, यात्रा और पर्यटन, निजी शिक्षा, एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, खुदरा दुकानें, ऑटोमोबाइल, डीटीएच व केबल सेवाएं और बैंकिंग समेत प्रमुख क्षेत्रों में फैली हुई हैं।

इन कन्वर्जेंस कंपनियों से जुड़ी शिकायतें ऑनलाइन समाधान के लिए सीधे उनके पास स्थानांतरित कर दी जाती हैं। भारत सरकार का उपभोक्ता मामले विभाग (डीओसीए) शिकायत निवारण प्रक्रिया में सुधार के लिए नियमित रूप से शिकायत डेटा को मॉनीटर करता है। हाल ही में, विभाग ने शीर्ष दस नॉट-कन्वर्जेंस कंपनियों की पहचान की है, जिन्हें मौजूदा वित्तीय वर्ष (2024-25) के दौरान सबसे अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन कंपनियों में डेल्हीवरी लिमिटेड, इलेक्ट्रॉनिक्सकॉम्प.कॉम, डोमिनोज पिज्जा, हेयर अप्लायंसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, फर्स्टक्राई.कॉम, थॉमसन इंडिया, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रैपिडो, ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड और सिंफनी लिमिटेड शामिल हैं। इन कंपनियों के साथ चल रही शिकायतों पर चर्चा करने, उन्हें संबोधित करने और उन्हें कन्वर्जेंस पार्टनर के रूप में शामिल करने के लिए अगले सप्ताह एक बैठक निर्धारित है। एनसीएच के तकनीकी परिवर्तन से इसकी कॉल-हैंडलिंग क्षमता में सार्थक बढ़ोतरी हुई है। एनसीएच की ओर से प्राप्त कॉलों की संख्या जनवरी 2015 में 14,795 कॉल से जनवरी 2024 में 1,41,817 कॉल यानी लगभग दस गुना तक कॉल बढ़ गई हैं। यह तेज बढ़ोतरी अपनी शिकायतें दर्ज करने के लिए हेल्पलाइन का उपयोग करने में उपभोक्ताओं के बढ़ते भरोसे को दिखाती हैं। प्रति माह दर्ज की जाने वाली शिकायतों की औसत संख्या 2017 में 37,062 से बढ़कर 2024 में 1,12,468 हो गई हैं।

**प्रमुख क्षेत्र**

**खुदरा दुकानें, ऑटोमोबाइल, डीटीएच व केबल सेवाएं और बैंकिंग समेत प्रमुख क्षेत्रों में फैली हुई हैं**

# आप-कांग्रेस की काट बागी नेताओं में तलाश रही है भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः विधानसभा** चुनाव में बागी नेताओं की इस बार बल्ले-बल्ले है। इन्हें टिकट में मजबूत दावेदारी के साथ ही संगठन में भी तरजीह मिल रही है। वे भी बदली हुई पार्टी के सियासी दांवपेच में मुख्य भागीदार बन गए हैं। हालांकि, इसका विरोध भी कम नहीं है। कार्यकर्ताओं में इससे निराशा है और वे भी पार्टी बदलने के चक्कर में हैं। विधानसभा चुनाव को लेकर इस बार सबसे अधिक दल-बदल देखने को मिल रहा है। मंत्री पद तक छोड़कर नेता पार्टी बदल रहे हैं। इनमें आप नेता कैलाश गहलोत व राजकुमार



आनंद शामिल हैं। इतना ही नहीं, कांग्रेस के पूर्व मंत्री व अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली और राजकुमार चौहान ने भी पार्टी बदलकर भाजपा का दामन थाम लिया था।

लवली दूसरी बार भाजपा में शामिल हुए। पहली बार जब उन्हें पार्टी में कुछ खास पद नहीं मिला तो वह लौट गए थे। इसे ही देखते हुए भाजपा रणनीति बदलकर चुनाव की जिम्मेदारी सौंपने लगी है, ताकि उनका भरोसा न डिगे। पांच दिन पहले ही मंत्री पद के साथ आप छोड़कर भाजपा में शामिल हुए कैलाश गहलोत को भाजपा ने चुनाव संचालन समिति का सदस्य बना दिया है।

**सियासी दांव**

**आप छोड़कर भाजपा में शामिल हुए कैलाश को भाजपा ने चुनाव संचालन समिति का सदस्य बना दिया**

# अगले दो दिन भारीः दिल्ली की हवा हुई और जहरीली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** राजधानी में वायु गुणवत्ता की स्थिति में सुधार नहीं आ रहा है। हर तरफ स्मॉग की मोटी चादर छाई है। लोग इस प्रदूषण में सांस लेने को मजबूर हैं। साथ ही, स्वास्थ्य संबंधी परेशानी भी बढ़ने लगी हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक एक बार फिर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 412 दर्ज किया गया। इसमें गुरुवार के मुकाबले 19 सूचकांक की वृद्धि हुई है, जोकि गंभीर श्रेणी है। दो दिन बाद फिर हवा दमघोंटू हो गई है। वजीरपुर, जहांगीरपुरी, आनंद विहार सहित 18 इलाकों में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में है। यह आलम तब है जब पूरे दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) लागू है। लेकिन, इसका भी कोई असर नहीं दिख रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदूषकों के फैलाव के लिए मौसम संबंधी स्थितियां बेहद प्रतिकूल होने से स्थिति बिगड़ रही है। रविवार को भी कमोबेश यही स्थिति रहने की आशंका है। रात के समय स्मॉग छाया रहेगा। इससे हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी। शनिवार को सुबह से ही कोहरा छाया रहा। धूप निकलने के बाद आसमान में स्मॉग की मोटी चादर लिपटी रही।

# दिल्ली में ईंधन के प्रकार की पहचान के लिए लगाना होगा स्टीकर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली की सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों को अब अपने वाहन पर ईंधन के प्रकार की पहचान के लिए स्टीकर लगाना होगा। इसके लिए परिवहन विभाग की ओर से नोटिस जारी किया गया है। अधिकारियों ने बताया दिल्ली में वाहन मालिकों को अब क्रोमियम-आधारित होलोग्राम स्टिकर लगाना अनिवार्य होगा। स्टिकर, जांच के दौरान वाहन के ईंधन के प्रकार को पहचानने में मदद करेगा। यह नियम एक अप्रैल, 2019 से खरीदे गए नए वाहनों और 31 मार्च, 2019 से पहले पंजीकृत पुराने वाहनों दोनों पर लागू होगा। वाहन की विंड स्क्रीन पर स्टीकर चिपकाना होगा। पुराने वाहनों के मालिकों को स्टिकर लगाने के लिए अपने संबंधित वाहन डीलरों से संपर्क करना होगा। इसके अलावा सोसाइटी ऑफ इंडियन आटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआइएएम) की वेबसाइट या परिवहन विभाग के पोर्टल के माध्यम से ईंधन-आधारित रंग-कोडित स्टीकर के साथ-साथ हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) को अपने घर पर लगवाने के लिए आनलाइन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।




# एनजीटी ने स्टेडियम के रिनोवेशन का दिया निर्देश




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः नेशनल** ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने पिछले महीने दिलजीत दोसांझ कॉन्सर्ट के 'अराजक परिणाम' के बाद जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए तत्काल कार्रवाई का आदेश दिया है, जिसमें स्टेडियम का रनिंग ट्रैक कूड़े से भरा हुआ था। एक समाचार रिपोर्ट के आधार पर इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लेते हुए ट्रिब्यूनल ने कहा, 'यह मामला ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के उल्लंघन का संकेत देता है।' 19 नवंबर को दिए गए एक आदेश में एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अगुवाई वाली पीठ ने कहा, 'संगीत कार्यक्रम के बाद स्टेडियम का मैदान कूड़े से भरा हुआ था, जिसमें टूटी हुई कांच की बोतलें, बीयर के डिब्बे, प्लास्टिक के रैपर और अन्य कचरा शामिल था और गंदगी थी।

# अब ड्रोन से होगी वायु प्रदूषण फैलाने वाली फैक्टरियों-इकाइयों की पहचान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः राजधानी** के रिहायशी इलाकों में अवैध रूप से चलने वाली जींस रंगाई की फैक्ट्री, रेडी-मिक्स कंक्रीट (आरएमसी) प्लांट और इलेक्ट्रोप्लेटिंग इकाइयों पर गाज गिरेगी। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) अवैध फैक्ट्री और इकाइयों को लेकर ड्रोन से सर्वे कराने की तैयारी कर रहा है। औद्योगिक प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों की पहचान करने के बाद इन पर कार्रवाई कर जल्द बंद किया जाएगा। सर्वे तुखमीरपुर, करावल नगर, गोकुलपुरी, गाजीपुर, आली विहार और मीठापुर समेत 17 प्रदूषण के प्रमुख हॉटस्पॉट के साथ इनके आसपास के इलाके में होगा, जहां अवैध डाइंग इकाइयों और जींस वॉशिंग इकाइयों का संचालन होता है। अभी सर्वे 15 दिन के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप किया जाएगा। इसमें ड्रोन-आधारित ऑर्थो-रेक्टीफाइड इमेजरी (ओआरआई) का इस्तेमाल किया जाएगा। यह प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों की ऊंचाई से तस्वीर लेगा। दिल्ली पिछले 10 से 15 वर्ष से गंभीर वायु व जल प्रदूषण से जूझ रही है। इससे यमुना नदी भी प्रदूषित हो रही है। ऐसे में यह सर्वे अधिकारियों के लिए जमीनी स्तर की कार्रवाइयों की योजना बनाने और उनका मूल्यांकन करने के लिए बेहतर माना जा रहा है। इसमें ड्रोन लगभग 45-60 मिनट की अवधि के लिए उड़ान भरेगा। इसकी दृश्यता सीमा 3-5 किमी तक होगी और 750 फीट की ऊंचाई तक जाएगा। इसमें 17 ड्रोन का इस्तेमाल होगा। डीपीसीसी का कहना है कि चोरी-छिपे चल रहीं अवैध औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले प्रदूषण ने वायु व जल की गुणवत्ता को खराब करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके लिए डीपीसीसी ने निविदा जारी की है। इसके तहत इच्छुक एजेंसियों को निर्धारित समय के भीतर अपने प्रस्ताव में ड्रोन योजना, मसौदा स्क्रिप्ट, कार्य योजना, मसौदा डिजाइन प्रस्तुत करना है। वहीं, ड्रोन द्वारा एकत्रित तस्वीर और डेटा को डीपीसीसी को ऑनलाइन देना है।



**सख्ती**

**औद्योगिक प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों की पहचान करने के बाद इन पर कार्रवाई कर जल्द बंद किया जाएगा**

# एम्स में जल्द शुरू होंगी दो नई एमआरआई मशीनें

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** एम्स में दो नई एमआरआई मशीनें खरीदी गई हैं। इन दोनों मशीनों को अलग-अलग दो के ब्लाक में लगाया जा रहा है। एम्स प्रशासन का कहना है कि इन दो नई एमआरआई मशीनों का संचालन जल्द शुरू कर दिया जाएगा। इससे एम्स में एमआरआई जांच की सुविधा बढ़ेगी और वेटिंग की समस्या भी कम होगी। एम्स में पहले से सात एमआरआई मशीनें उपलब्ध हैं। जिसमें तीन मशीनें एनएमआर (न्यूक्लियर मैग्नेटिक रेजोनेंस) विभाग में हैं। एक एमआरआई मशीन रेडियोलाजी विभाग व एक मशीन ट्रामा सेंटर व एक अन्य एमआरआई मशीन गामा नाइफ के साथ लगी है। इसके अलावा ट्रामा सेंटर व राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एनसीआई) में एक-एक एमआरआई मशीन है। एम्स की ओपीडी में प्रतिदिन करीब 14 हजार मरीज पहुंचते हैं। सात एमआरआई व दस सीटी स्कैन मशीन उपलब्ध होने के बावजूद एम्स में जांच में वेटिंग एक बड़ी समस्या रही है।

# पालम में दलाल चला रहा था देह व्यापार का धंधा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दक्षिण** पश्चिम जिला पुलिस ने पालम इलाके में चल रहे वेश्यावृत्ति रैकेट का खुलासा किया है। पुलिस ने यहां से एक दलाल को गिरफ्तार कर दो महिलाओं को बचाया है। पुलिस ने दलाल के कब्जे से नकली ग्राहक से मिले दो हजार रुपये बरामद किए हैं। आरोपी की पहचान महावीर एन्क्लेव निवासी लिटन मजूमदार के रूप में हुई है। दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस को पालम इलाके में वेश्यावृत्ति गतिविधि चलने की जानकारी मिली। अधिकारियों ने जिला के स्पेशल स्टाफ को अपराध पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने धंधे के बारे में जानकारी हासिल की। पुलिस ने धंधे की जगह और इससे जुड़े लोगों की पहचान की।

**काबू**

**पुलिस ने छापा मारकर दबोचा... दो महिलाओं को भी बचाया, एक दलाल को गिरफ्तार किया**

# प्रदूषणः आखिर पहाड़ी राज्यों की ओर क्यों रुख कर रहे दिल्लीवासी?

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः वायु** गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 के ऊपर होने से दिल्ली में सांस लेना कठिन बना हुआ है। ऐसे में कुछ दिन राहत की तलाश में दिल्ली वाले पर्वतीय राज्यों का रुख कर रहे हैं। विशेष बात कि कुछ बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कर्मचारी कामकाज के सिलसिले में पर्वतीय राज्यों को चुन रहे हैं। इसी तरह, स्कूल बंद है तो स्कूल के छात्रों का अध्ययन टूर पर्वतीय राज्यों को पहुंच रहा है जबकि, अपनी गाड़ियां उठाकर अचानक पर्वतीय राज्यों में खुली हवा में सांस लेने की चाहत रखने वाले भी काफी अधिक है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड व जम्मू-कश्मीर के साथ गोवा और दक्षिण के राज्य पसंदीदा स्थल बने हुए हैं। मामले के जानकारों के अनुसार, वायु प्रदूषण आधारित पर्यटन में अक्टूबर की तुलना में नवंबर माह में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उम्मीद है कि यह दिसंबर और जनवरी में क्रिसमस और नव वर्ष के उत्सव तक चलेगा।

**हिमाचल के बारे में अधिक पूछताछ कर रहे दिल्लीवासी**

हिमाचल प्रदेश ट्रेवेल एजेंट एसोसिशन के महासचिव शेनव शर्मा के अनुसार, दिल्ली में वायु प्रदूषण के चलते दिल्ली-एनसीआर से ऐसे लोगों की पूछताछ काफी बढ़ी है जो कुछ दिन के लिए हिमाचल प्रदेश को ठिकाना बनाना चाहते हैं। शिमला, मनाली, धर्मशाला व कसौल ऐसे पसंदीदा पर्यटन स्थल बने हुए हैं। उनके अनुसार, दिल्ली-एनसीआर की आईटी और अन्य से जुड़ी दो कंपनियों ने अपना तत्कालिक वर्किंग स्टेशन शिमला को बनाया है। इसके लिए उन्होंने फ्लैट आधारित व्यवस्था को चुना है। इसी तरह, कई स्कूलों के स्टडी टूर भी मौजूदा वक्त में शिमला समेत आस-पास के पर्यटन स्थलों में टिका हुआ है।



**दिल्ली के कई लोग असमंजस की स्थिति में**

उत्तराखंड टूरिज्म प्रोफेशनल्स एसोसिएशन के महासचिव सुनील बहुगुणा के अनुसार, दिल्ली में स्थिति वाकई में खराब है। देहरादून, नैनीताल, मसूरी व ऋषिकेश जैसे स्थान दिल्ली वालों के लिए पसंदीदा स्थल बने हुए हैं। मसूरी स्थित डिवाइन उत्तराखंड टूर एंड ट्रैवल के रोहित के अनुसार, मौजूदा समय में मसूरी हिल स्टेशन में 60 प्रतिशत से अधिक लोग अकेले दिल्ली वाले है। जो बातचीत में बता रहे हैं कि वह प्रदूषण के कारण यहां आए हुए हैं। वैसे, दिल्ली के कई लोग असमंजस की स्थिति में है, क्योंकि दिसंबर से जनवरी में क्रिसमस से लेकर नए वर्ष के उत्सव को वे छुट्टियों के रूप में चुनते हैं। फिर भी प्रदूषण मजबूर कर रहा है कि वे बाहर निकले और कुछ दिन अच्छी हवा में सांस ले लें।

**पर्यटन में 50 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई**

इंडिजन फेडरेशन ऑफ टूरिज्म इंटग्रिटी (टिफ्टी) के अध्यक्ष शैलेंद्र श्रीवास्तव के अनुसार, अक्टूबर से नवंबर की तुलना में देखें तो पर्यटन में 50 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है और ये दिल्ली में वायु प्रदूषण के चलते हैं।

**स्थिति खराब**

**वर्क फ्रॉम होम, स्कूलों का टूर और अपने स्तर पर जा रहे हैं लोग, प्रदूषण से लोग परेशान**

# जींद में आयोजित हुआ राज्य स्तरीय महर्षि वाल्मीकि समारोह

टीम एक्शन इंडिया
**जींद:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अनुसूचित जातियों में कुछ लोग अभी भी आरक्षण के लाभ से वंचित रह रहे थे। भाजपा उन्हें यह लाभ देकर समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए विधानसभा चुनाव के दौरान संकल्प लिया था। इसके साथ ही वर्गीकरण करने का वादा भी किया था। उन्हें खुशी है कि हरियाणा प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनते ही इस वादे को अमलीजामा पहनाते हुए वर्गीकरण को अमलीजामा पहनाने का काम किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को एकलव्य स्टेडियम में महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में मंत्री बेदी व विधायक कपूर सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। सीएम ने कहा कि सरकारी सेवाओं, सीधी भर्ती में आरक्षित 20 प्रतिशत कोटे में से 10 प्रतिशत कोटा अनुसूचित जातियों के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित किया गया है।



यदि वंचित अनुसूचित जातियों के उपयुक्त उम्मीदवार नहीं हैं तो शेष रिक्त पदों को अन्य अनुसूचित जातियों के उम्मीदवारों से भरा जाएगा। यदि उनमें भी उपयुक्त नहीं हैं तो शेष फिर वंचित जातियों के उम्मीदवारों में ही विचार किया जाएगा। इससे पहले अनुसूचित जातियों को प्रथम व द्वितीय श्रेणी में डेढ़ प्रतिशत आरक्षण दिया है। प्रदेश में 50 प्रतिशत सफाई ठेके सफाई मित्रों व उनके समूहों को ही दिए जाएंगे। उससे बाहर नहीं जाएंगे। सफाई कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग का गठन भी किया है। सफाई कर्मियों का वेतन 16 से बढ़ा कर 26 से 27 हजार करने का संकल्प सरकार ने लिया है। यह भी निर्णय लिया है कि सफाईकर्मियों की ड्यूटी पर मृत्यु होने पर पांच लाख, सीवरेज में काम करते हुए दुर्घटना होने पर दस लाख बीमा का प्रावधान किया है। पांच हजार से अधिक एजेंसी कर्मियों को संबंधित पालिका के रोल पर लिया है। देश के किसी भी कालेज में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों को छात्रवृति सरकार देगी। सरकार हर गरीब के उत्थान के लिए काम कर रही है। बीपीएल परिवारों को 500 रुपये का गैस सिलेंडर मिल रहा है। एक लाख से कम इंकम वाले 23 लाख परिवारों को एक हजार किलोमीटर एक साल में हरियाणा रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि महापुरूषों के जन्मदिवस को भाजपा ने प्रदेशस्तर पर मनाना शुरू किया। आचार संहिता के चलते भगवान वाल्मिक जन्मदिवस आया। मन में पीडा थी कि इसे राज्यस्तर पर नहीं बना पाए। फिर खुशी हुई कि जिस दिन शपथ ग्रहण समारोह था तो उस दिन भगवान वाल्मीकि आशीर्वाद मिल रहा था। उसी समय संकल्प लिया था कि भगवान वाल्मीकि के प्रकाश पर्व को भव्य तरीके से मनाएंगे।

## हुडा जैसे कमजोर आदमी ने डीएससी को आरक्षण नहीं दिया : कृष्ण बेदी

टीम एक्शन इंडिया
जींद: सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि हुडा जैसे कमजोर आदमी ने डीएससी को आरक्षण नहीं दिया बल्कि उन्होंने तो आरक्षण खोसने का काम किया। उन्होंने एवट नहीं बनाया। विधानसभा नहीं बुलाई। यह सब दिखावा था। जिसे अब सब समझ चुके हैं। मुख्यमंत्री ने जींद में ही कहा था कि आप तीसरी बार सरकार बनाने का काम करो। पहली कलम से डीएससी समाज का भाग्य लिखने का काम करें। सरकार बनते ही पहला काम मुख्यमंत्री ने अपना वादा निभा दिया। मंत्री बेदी रविवार को एकलव्य स्टेडियम में महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह जो डीएससी समाज का भाग्य आपने लिखा है, यह छोटी लड़ाई नहीं है। पंजाब के समय से यह लड़ाई चल रही थी। पंजाब को तो अपनी मंजिल मिल गई लेकिन हरियाणा को नहीं मिली। इसलिए लगातार यह लड़ाई चल रही थी। डीएससी समाज के लोग लगातार अपनी लड़ाई लड़ रहे थे। भाजपा की हरियाणा प्रदेश में लगातार तीसरी बार सरकार बनते ही भाजपा ने यह काम कर दिखाया। भूपेंद्र हुड्डा सरकार ने डीएससी समाज का आरक्षण पर रोक लगा दी। पंजाब मुख्यमंत्री ने तो डीएससी समाज के लोगों का हनन नहीं होने दिया।

## मुख्यमंत्री ने जींद में सुना प्रधानमंत्री का मन की बात

टीम एक्शन इंडिया
**जींद:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को डीएवी स्कूल में पहुंचे और यहां मन की बात कार्यक्रम को सुना। मन की बात कार्यक्रम सुनने के लिए यहां बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। तय समयानुसार मन की बात कार्यक्रम सुना और जब स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आए तो सभी ने एकटक होकर मन की बात कार्यक्रम सुना। मन की बात कार्यक्रम महाराष्ट्र में भाजपा की जीत के बाद लोगों से जुड़े। मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने अपने गयाना दौरे का जिक्र किया और कहा कि गुयाना में भारतीय मूल के लोग राजनीति, व्यापार, शिक्षा और संस्कृति के हर क्षेत्र में गुयाना का नेतृत्व कर रहे हैं। गयाना के राष्ट्रपति डा. इरफान अली भी भारतीय मूल के हैं, जो अपनी भारतीय विरासत पर गर्व करते हैं। यहां मोदी ने आगे कहा कि गयाना की तरह ही दुनिया के दर्जनों देशों में लाखों की संख्या में

**कार्यक्रम**

**भाजपा की जीत के बाद लोगों से जुड़े। पीएम मोदी ने अपने गयाना दौरे का जिक्र किया**

भारतीय हैं। दशकों पहले की 200-300 साल पहले की उनके पूर्वजों की अपनी कहानियां हैं। क्या आप ऐसी कहानियों को खोज सकते हैं कि किस तरह भारतीय प्रवासियों ने अलग-अलग देशों में अपनी पहचान बनाई, कैसे उन्होंने वहां की आजादी की लड़ाई के अंदर हिस्सा लियाः कैसे उन्होंने अपनी भारतीय विरासत को जीवित रखा। पीएम मोदी ने मन की बात में कहा कि मैं चेन्नई का एक उदाहरण को शेयर किया। यहां बच्चों के लिए एक ऐसी लाइब्रेरी तैयार की गई है, जो क्रिएटिविटी और लर्निंग का हब बन चुकी है।

## न्यूज फ्लैश

### अखिल हरियाणा सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता- 2024 आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** बच्चों में सड़क सुरक्षा की संस्कृति पैदा करने के उद्देश्य से राज्य भर के सभी स्कूलों और कॉलेजों में अखिल हरियाणा सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता -2024 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 44 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने रिकॉर्ड भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने में विद्यार्थी सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि स्कूलों व कॉलेजों के विद्यार्थी श्रेष्ठ शिक्षक होते हैं। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थी न केवल स्वयं सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक होंगे बल्कि अपने अभिभावकों से भी यातायात के नियमों की पालन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी सांझा करेंगे। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा एक गंभीर विषय है और सुरक्षित ड्राइविंग की जानकारी के अभाव के कारण कई बार लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा चालक, वाहन और सड़कों की गुणवत्ता इन तीन कारकों पर निर्भर करती है इनमें से चालक की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है। ड्राइविंग कौशल का अभाव सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण है इसके बारे में आमजन में जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि हरियाणा की सड़कों को आमजन के लिए सुरक्षित बनाने के लिए इस अभियान के तहत कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए। सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में विभिन्न प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरूक किया गया। इसके अलावा, आवश्यकता अनुरूप रोड इंजीनियरिंग अर्थात सड़क अभियांत्रिकी में सुधार करते हुए संबंधित विभाग की जवाबदेही सुनिश्चित की गई। इतना ही नहीं , दुर्घटना के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को तत्काल स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की पहल भी की गई । सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में सड़क सुरक्षा ,ज्ञान केंद्र तथा रोड सेफ्टी क्लबों की स्थापना करते हुए इनका संचालन किया गया। सड़क सुरक्षा फंड की स्थापना कर सभी इच्छुक संस्थाओं तथा विभागों को समुचित धनराशि उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की गई। इतना ही नहीं, सभी शहरों में चालक प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना करते हुए वहां पर प्रशिक्षण करवाया गया।

### गुरुग्राम में जल भराव की नहीं होने देंगे समस्या: मुख्य सचिव विवेक जोशी

चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्य सचिव श्री विवेक जोशी गुरुवार को गुरुग्राम में विकास कार्यों की समीक्षा करने के लिए शहर में मौजूद रहे। उन्होंने जीएमडीए, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। मुख्य सचिव ने कहा कि गुरुग्राम किसी अन्य शहर से अलग है। यहां सिटिज़न काफी सजग है। इस दौरान उन्होंने लगभग तीन घंटे बैक-टू-बैक अलग-अलग विभागों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से गुरुग्राम में बरसात के दौरान होने वाले जलभराव, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता पर मंथन किया गया।

मुख्य सचिव श्री विवेक जोशी ने जीएमडीए के अधिकारियों संग गुरुग्राम में जलभराव, पेयजल व्यवस्था, सड़क व्यवस्था, शहर की परिवहन व्यवस्था, विभिन्न प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए जमीन की उपलब्धता जैसे मुद्दों पर मुख्य रूप से चर्चा की। इस दौरान जीएमडीए के सीईओ श्री ए. श्रीनिवास ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुग्राम में मुख्य सड़कों का मरम्मत कार्य जीएमडीए अगले छह माह में पूरा कर लेगा। इसके अलावा अगले वर्ष जीएमडीए की बस सेवा में नई बसें शामिल की जाएंगी। ऐसे में यह ध्यान रखा जाएगा कि आम नागरिकों को बेहतर परिवहन सेवा मिले और कनेक्टिविटी की सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि शहर में सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या से निपटने के लिए पायलट प्रोजेक्ट पर स्टडी भी की जा रही है। नरसिंहपुर, खांडसा, राजीव चौक, इफको चौक, एंबियंस माल आदि स्थानों पर होने वाले जलभराव को रोकने की कार्य-योजना के बारे में विस्तार से बताया। नगर निगम गुरुग्राम श्री अशोक गर्ग ने बताया कि बंधवाड़ी में 14 लाख टन कचरे से ऊर्जा उत्पादन के लिए तीन टेंडर लगाए जाने हैं। मुख्य सचिव श्री विवेक जोशी ने कहा कि टेंडर की नियम-शर्तें सोच समझ कर तय की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि टैक्स रिकवरी के लिए मकान के किरायेदार व मालिक दोनों को मैसेज भेजा जाए। गुरुग्राम के उपायुक्त श्री अजय कुमार ने बताया कि आरडब्ल्यूए, आम नागरिकों की समस्याओं पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारियों के माध्यम से जनशिकायतों का सजगता से समाधान करवाया जा रहा है।

## जनहित के फैसलों की बदौलत मिल रहा है भारी जनसमर्थन

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जनता ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और विकास का समर्थन किया है। विकासशील सोच व सबका साथ-सबका विकास की नीति की बदौलत हरियाणा के बाद अब महाराष्ट्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। हमारी पार्टी ने किसान, मजदूर, जरूरतमंद, हर वर्ग का ख्याल रखा है। हरियाणा में ऐतिहासिक फैसलों में ह्यआरक्षण में वर्गीकरणह्न के बाद अनुसूचित जाति के वंचित वर्ग में (डीएससी समाज) में खुशी की लहर है।वे रविवार को सिरसा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। सरकार की जनहितैषी नीतियों का जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में किसानों को फसल मुआवजे के नाम पर 1-2 रुपये के चेक दिए जाते थे, लेकिन वर्तमान सरकार ने किसानों को 14 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का मुआवजा दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पारदर्शिता के आधार पर काम किया जा रहा है।

## डिप्टी स्पीकर की सीएम से मांग, जींद में लगे बड़ा उद्योग

टीम एक्शन इंडिया
जींद: जींद से भाजपा विधायक एवं डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जींद में एक बड़ा उद्योग लगाया जाए ताकि यहां के बच्चों को नौकरी मिल सके। यहां उद्योग लगेगा तो बच्चों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। जींद से भाजपा विधायक एवं डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा रविवार को महर्षि वाल्मीकि प्रकाट्य दिवस पर एकलव्य स्टेडियम में आयोजित रैली को संबोधित कर रहे थे। भाजपा विधायक एवं डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जींद की जनता ने पांच में से चार सीटें भाजपा को देने का काम किया। वो इसके लिए आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि प्रकाट्य दिवस की सभी को बधाइयां दी



और कहा कि भगवान राम के जीवन से पहले ही रामायण लिखी गई। वो महर्षि वाल्मीकि के चरणों में प्रणाम करते हैं। रामायण में उन्होंने बताया कि किस तरह अपना जीवन जीना चाहिए। रामायण ऐसा ग्रंथ है जिसमें जीवन जीने की कला सिखाई गई है। हर मां-बाप चाहता है कि हमारा बेटा राम जैसा हो। भाई चाहता है कि उसका भाई राम जैसा हो। शत्रु भी चाहता है कि शत्रु राम जैसा मर्यादित हो। यह सब बताने का काम महर्षि वाल्मीकि ने किया है। उन्होंने शेर सुनाते हुए कहा कि फैसला कुछ भी हो, मंजूर होना चाहिए। जंग हो या जुनून हो भरपूर होना चाहिए। वो डीएससी समाज का धन्यवाद करते हैं। डा. मिड्ढा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने पारदर्शिता के आधार पर नौकरियां देने का काम किया।

**मांग**

**हरियाणा प्रदेश में ऐसे बच्चों को नौकरियां मिली, जिनके घर खाने तक को नही था: डा. कृष्ण मिड्ढा**

हरियाणा प्रदेश में ऐसे बच्चों को नौकरियां मिली, जिनके घर खाने तक को नही था। उनकी इसी पारदर्शिता को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी आगे बढाने का काम किया है। हरियाणा प्रदेश में जिन नौकरियों की बोली दो से चार करोड़ तक लगती थी वो होनहार बच्चों को उनकी मेहनत के बल पर भाजपा सरकार ने देने काम किया है।

## हरियाणा विधानसभा की 13 कमेटियों का गठन, 76 विधायक बने सदस्य

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने विधानसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमों के अंतर्गत वर्ष 2024-25 की शेष अवधि के लिए विधानसभा की समितियों का गठन किया है। विधानसभा के मीडिया एवं संचार अधिकारी दिनेश शर्मा ने रविवार को जारी सूचना में बताया कि यह कमेटियां 31 मार्च 2025 तक कार्य करेंगी, लेकिन विशेषाधिकार समिति नई समिति के गठन होने तक जारी रहेगी। विस अध्यक्ष ने कमेटियों का गठन करते वक्त

**जिम्मेदारी**

**विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने जारी की अधिसूचना, 12 कमेटियां 31 मार्च 2025 तक करेंगी काम**

सभी दलों में संतुलन साधने के साथ-साथ निर्दलीय विधायकों को भी पूरा मान-सम्मान दिया है।विधानसभा की नव गठित नियम समिति में विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण पदेन अध्यक्ष होंगे। कल्याण ने कहा कि विधायिका की प्राथमिक जिम्मेदारी कानून बनाना और सरकार को जवाबदेह बनाना है। सभी सदस्य नागरिकों के प्रतिनिधि के रूप में कानून पारित करते हैं और सरकारी कामकाज की देखरेख करते हैं। वे सार्वजनिक धन का कुशल आवंटन भी सुनिश्चित करते हैं। ये समितियां एक ऐसे तंत्र के रूप में कार्य करती हैं, जो विधायिका की प्रभावशीलता में सुधार करने में मदद करती हैं। समितियों के माध्यम से विधायी कार्य प्रभावी ढंग से किया जाता है। इसलिए इन संसदीय समितियों को 'मिनी-हाउस' कहा जाता है।

## स्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के लिए जत्था रवाना

टीम एक्शन इंडिया
**नारनौल:** महर्षि वाल्मीकि की स्मृति में जींद में होने वाले राज्य स्तरीय समारोह के लिए जिला महेंद्रगढ़ से रविवार को नागरिकों का जत्था रवाना हुआ। जींद के एकलव्य स्टेडियम में होने वाले इस राज्य स्तरीय समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद होंगे। हरियाणा सरकार ने संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार प्रसार योजना के तहत महान संतों और महापुरुषों के साथ-साथ वीर.वीरांगनाओं की शिक्षाओं और संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है।

## नशे से दूर रहें युवाः डॉ पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा



टीम एक्शन इंडिया
**रोहतकः** प्रदेश के सहकारिता, पर्यटन एवं कारागार मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने किसान मसीहा चौधरी छोटू राम जयंती पर आयोजित मैराथन में युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान किया और कहा कि नशा मनुष्य की सामाजिक निष्ठा व धार्मिक प्रवृति को भी नष्ट करता है और नशे के खिलाफ समाज में जागरूकता लाएं, ताकि युवा नशे से दूर रहें। साथ ही उन्होंने चौधरी छोटूराम के जीवन पर भी प्रकाश डाला और कहा कि चौधरी छोटूराम मजदूर, गरीब व किसानों के सच्चे हितैषी थे और उन्होंने किसानों व मजदूरों को उनके हक के लिए लड़ना सिखाया।

रविवार सुबह कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा रोहतक पहुंचे और चौधरी छोटूराम की जयंती पर आयोजित मैराथन में शिरकत की और साथ ही कैबिनेट मंत्री ने युवाओं के साथ दौड़ लगाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि चौधरी छोटूराम ने गरीब, मजदूर व किसानों के लिए जो कार्य किए, वो अविस्मरणीय है। उनकी सोच

**आह्वान**

**नशा मनुष्य की सामाजिक निष्ठा व धार्मिक प्रवृति को भी नष्ट करता है, समाज में जागरुकता लाएं**

किसान को उन्नत और खुशहाल बनाने की थी, क्योंकि इससे देश की समृद्धता का मार्ग प्रशस्त होगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि एक साधारण किसान परिवार में जन्मे चौधरी छोटूराम ने किसानों को न केवल एक महत्वपूर्ण स्थान दिया, बल्कि उनकी आवाज को बुलंद भी किया। उनके लिए राजनीति, धर्म और जात-पात से ऊपर किसानों की भलाई थी। उन्होंने किसानों के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए कहा था कि अगर किसान को लोग अन्नदाता तो कहते है, परन्तु कोई नहीं देखता कि वह अन्न खाता भी है या नहीं और जो कमाता है, वहीं भूखा रहे, यह दुनिया का सबसे बड़ा आश्चर्य है। हमारे देश की 75 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर है।

## बाबा बंदा सिंह बहादुर का जीवन प्रेरणादायकः सुभाष

टीम एक्शन इंडिया
**फतेहाबादः** महान अमर शहीद बाबा बंदा सिंह बहादुर जी की पावन याद में समर्पित भूना गुरुद्वारे में 78वां वार्षिक दीवान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और सबके सुख समृद्धि की अरदास की।

सांसद सुभाष बराला ने रविवार को संगत को संबोधित करते हुए कहा कि मन से संत और कत्तर्व्य से योद्धा बाबा बन्दा सिंह जी ने ज्ञान व रणकौशल का विलक्षण परिचय दिया और मुगल



आक्रान्ताओं के हौसले पस्त किए। किसानों के हितों और उनकी रक्षा के लिए उन्होंने संघर्ष किया और अपने शौर्य व पराक्रम से उन्हें भयमुक्त किया। बराला ने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर का बलिदान राष्ट्र और समाज की एकता हेतु हम सबके लिए राष्ट्र सेवा की बहुत बड़ी प्रेरणा है। हमें उनके जीवन चरित्र से देश और समाज सेवा की सीख लेकर सेवा के क्षेत्र में आगे बढने.की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर हमारे समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण है, जिन्होंने अपने प्राणों की परवाह न करके समाज की परवाह की और बाहरी आक्रमणकारियों से बचाने के लिए बलिदान दिया। उनकी सेवा में समाज के हर वर्ग के लोग शामिल थे, जिन्होंने अपने देश की रक्षा के लिए कई लड़ाइयां लड़ी। आक्रांताओं को कई बार देश से बाहर भगाने का काम किया। उन्होंने किसानों को उनका जमीनी हक दिलवाने का काम किया। बदलते परिवेश में देखा जाए तो उनका बलिदान हम सबके लिए नया जज्बा और जोश भरने का काम करता है।

## भारतीय किसान संघ ने राज्यसभा व लोकसभा सांसदों को सौंपा ज्ञापन

टीम एक्शन इंडिया
**फतेहाबाद:** भारतीय किसान संघ ने जीएम (जेनेटिक मॉडिफाइड) सरसों को मानव शरीर के लिए हानिकारक बताते हुए इसके उत्पादन पर रोक लगाने की मांग की है। इसको लेकर भारतीय किसान संघ का प्रतिनिधिमंडल रविवार को जिला प्रधान रोहताश पंघाल के नेतृत्व में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला और सिरसा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा के प्रतिनिधि से मिला और उन्हें मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में भारतीय किसान संघ के जिला प्रधान रोहताश पंघाल के साथ जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट सुधीर मेहता, जिला मंत्री देवी लाल गोदारा, जिला युवा प्रमुख राहुल गोदारा भोडिया खेड़ा, भुना खंड अध्यक्ष सूरज भान चंद्रावल, सह मंत्री जितेंद्र मताना, रतिया खंड अध्यक्ष मिल्खा राज कंबोज, भट्टू खंड के अध्यक्ष जय किशन गोदारा, जैविक प्रमुख धर्मवीर जाखड़ व अन्य कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। संघ के जिला प्रधान रोहताश पंघाल ने कहा कि जेनेटिकली मॉडिफाइड सरसों की गुणवत्ता पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है। यहां तक कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने निर्णय में इसके ऊपर संदेश जताया है। देश में जीएम फसल के रूप में बीटी कपास को वर्ष 2002 में किसानों के बीच पिछले दरवाजे से लाया गया था। कपास में बैक्टीरिया से दो अलग जीन को डालकर बारी-बारी से अधिक जहरीला कपास बनाया गया और बताया गया था कि यह कपास में लगने वाले कीट को रोकेगा जबकि यह दावा झूठा साबित हुआ।

वैसे ही अब कई फसलों में जीव-जंतुओं के जीन को डालकर नए जीव की तैयारी का खेल चल रहा है। सरकार यह सब बड़ी-बड़ी कम्पनियों के दबाव में कर रही है। रोहताश पंघाल ने कहा कि जेनेटिकली मॉडिफाइड फसल में अगर जीव के जीन होंगे तो यह फसल कहा जाएगा या जीव।

## भाजपा सरकार आश्वासन देकर किसानों को गुमराह कर रहीः सैलजा

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार केवल आश्वासन देकर किसानों को गुमराह करने का काम कर रही है, अगर प्रदेश में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं है तो किसान इसके लिए धक्के क्यों खा रहे है, सच तो ये है कि इस खाद की कमी के चलते गेहूं बिजाई का लक्ष्य भी पूरा नहीं हो पा रहा है। दूसरी ओर अब यूरिया खाद की मांग बढ़ रही है जिसे लेकर भी किसान परेशान है। प्रदेश की भाजपा सरकार को अगर किसान हितों की चिंता है तो उसे किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान करना होगा। मीडिया को लेकर जारी बयान में



कुमारी सैलजा ने कहा है कि पिछले साल की तरह इस बार भी हरियाणा समेत अन्य राज्यों के किसानों को डीएपी खाद संकट से गुजरना पड़ा। सरकार भले ही दावा करती हो कि डीएपी खाद की कोई कमी नहीं थी, मगर जब डीएपी की मांग सबसे पीक पर थी तो उस दौरान करीब 40 हजार टन डीएपी कम वितरित किया गया था। यहां स्थिति में सुधार होने के बजाए हर साल समस्या बढ़ती ही जा रही है। इस बार पिछली बार के मुकाबले मांग भी बढ़ी है। गेहूं बिजाई सीजन के दौरान डीएपी खाद की कमी अब बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। आलम ये है कि प्रदेश का एक भी जिला ऐसा नहीं है, जहां पर मांग के अनुरूप खाद की आपूर्ति की जा सकी हो। सरकार का दावा

**निशाना साधा**

**अगर प्रदेश में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं है तो किसान इसके लिए धक्के क्यों खा रहे है**

है कि खाद की कोई कमी नहीं है पर अधिकारी कहते है कि समुद्री जहाज के जरिये डीएपी की आपूर्ति ज्यादातर जॉर्डन, रूस व इजराइल से होती है। अभी यह रूट बंद होने के कारण जहाज को साढ़े छह हजार किलोमीटर अतिरिक्त सफर तय करना पड़ रहा है। इस कारण से सभी जहाज 15 दिन की देरी से पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह का आश्वासन होता है कि किसान सब्र रखें, सभी को खाद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब किसानों को यूरिया खाद की ज्यादा जरूरत होती है। पर यह खाद भी पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पा रही है ऐसे में किसानों को इस खाद के लिए चक्कर काटने पड़ रहे है। कृषि अधिकारियों, वैज्ञानिकों को इस खाद का विकल्प तैयार करना ही होगा। किसानों को समझाना होगा कि अधिक मात्रा में खाद, कीटनाशकों का प्रयोग करने से खाद्यान्न जहरीला हो जाता है। उन्होंने कहा कि अगर किसानों को डीएपी खाद देना जरूरी है तो सरकार को इसका पर्याप्त स्टॉक रखना होगा, अगर बिजाई में देरी होती है तो फसल उत्पादन भी प्रभावित होगा।

# पांच तीर्थंकरों की अयोध्या में मंदिर का जीर्णोद्धार समाज के लिए गौरव की बात: जैन

## कविता जैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने पूजा अर्चना के बाद हरियाणा भ्रमण के लिए रवाना किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** भगवान ऋषभदेव की जन्म भूमि अयोध्या में प्राचीन चरण स्थानों एवं 10 जिन मंदिरों के निर्माण के प्रति जैन समाज में अलख जगाने भारत में प्रवास पर निकले अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ को पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने पूजा अर्चना एवं आरती के बाद हरियाणा भ्रमण के लिए रवाना किया।

दिगंबर जैन मंदिर मंडी के प्रांगण में दीप प्रज्वलित एवं भगवान ऋषभदेव के चित्र के अनावरण के बाद कविता जैन ने कहा कि आदरणीय शिरोमणि ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से पांच तीर्थंकरों की जन्म भूमि अयोध्या में



मंदिर का जीर्णोद्धार समाज के लिए गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के साथ-साथ द्वितीय तीर्थंकर भगवान अजीत नाथ चतुर्थ तीर्थंकर भगवान अभिनंदन नाथ पंचम तीर्थंकर भगवान सुमतिनाथ और और चौदहवें तीर्थंकर भगवान अनंतनाथ का जन्म अयोध्या में हुआ इसके अलावा भगवान ऋषभदेव के चक्रवर्ती पुत्र भरत के नाम पर ही भारत देश का नामांकन हुआ। जैन समाज के

**तीर्थयात्री**

**रथ अब तक गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पूर्वांचल का भ्रमण कर चुका है: कविता जैन**

प्रधान एस के जैन एडवोकेट ने कहा की अयोध्या हमारा शाश्वत तीर्थ है इसलिए, हमें अयोध्या के दर्शन करने एवं तन मन धन समर्पित करके मंदिर को भव्य बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

दिगंबर जैन अयोध्या तीर्थ कमेटी के महासचिव जीवन प्रकाश जैन ने बताया कि रथ अब तक गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पूर्वांचल का भ्रमण कर चुका है और आज से पूरे हरियाणा प्रदेश के सभी शहरों में जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान राम मंदिर के निर्माण में अयोध्या विश्व स्तरीय तीर्थ बन चुका है इसलिए देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्री जैन मंदिर के भी दर्शन अवश्य करेंगे।

इस अवसर पर पंडित सतेंद्र जैन रथ संचालक, मनोज भैया, अजय कुमार जैन, जगदीश जैन, मुकेश जैन, मनीष जैन, राजकुमार जैन, डॉक्टर आदिश जैन, राकेश जैन, सूरज जैन एडवोकेट, महेंद्र जैन, अरुण जैन, विपिन जैन, आनंद जैन, सुखमाल जैन, सुरेश जैन, मधु जैन, शशि जैन, अनु जैन, सरिता, सुनीता, राखी, शिल्पा, रीना, संजना, पीयूष जैन आदि उपस्थित रहे।

# दीनबंधु छोटूराम ने पूरा जीवन समाज उत्थान व भलाई में लगाया: कादियान

**नमन**

**विधायक कादियान ने सर छोटूराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए याद किया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** खेड़ी रोड स्थित जाट धर्मशाला में रविवार को किसान मसीहा दीनबंधु सर छोटूराम की जयंती मनाई। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने सर छोटूराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए याद किया। इस मौके पर विधायक ने धर्मशाला में आधुनिक भवन का रिबन काटकर उद्घाटन किया। इससे पहले संस्था पदाधिकारियों ने विधायक कादियान का फूलमाला से स्वागत किया और कार्यक्रम समापन पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि समाज के उत्थान में सर छोटूराम का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहा है। जिन्होंने अपना पूरा जीवन समाज उत्थान एवं भलाई में लगाया। ऐसे महापुरुष विरले ही होते है जो 36 कौम के भले का सोचते है और समाज के हर वर्ग को अपना परिवार मानते है। उनका मानना था कि गरीब किसान व मजदूर के बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर ही आगे बढ़ सकते है। इसलिए ऐसे महापुरुषों को हमेशा याद किया जाएगा ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके पद चिन्हों पर चल सकें और समाज को नई दिशा मिल सकें। कादियान ने कहा कि हलके की जनता ने उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, वे अपना फर्ज निभाने में पीछे नहीं हटेंगे। गन्नौर का विकास कर उसकी सूरत बदलने का काम करके दिखाना है। इस मुहिम को लेकर पहले दिन से लगा हूं। अभी शुरूआती दिन है, 6 माह के बाद गन्नौर का स्वरूप बदलता दिखाई देने लगेगा। इस अवसर पर प्रधान वीरेंद्र राठी, रामधारी खोखर, मास्टर रमेश नैन, भूप सिंह, इंद्रजीत राणा, राजेंद्र, मास्टर श्रीपाल, रामकरण दहिया आदि मौजूद रहे।

# कृष्ण कुमार निर्माण को मिलेगा डॉ. लालचंद स्मृति साहित्य सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** साहित्य सभा, कैथल की ओर से आगामी एक दिसम्बर को आरकेएसडी कॉलेज में आधा दर्जन से अधिक पुस्तकें लिख चुके, शिक्षा विभाग हरियाणा में हिंदी प्राध्यापक के रूप में कार्यरत कृष्ण कुमार निर्माण के हिंदी काव्य संग्रह शब्द बोलते हैं, को डॉक्टर लालचंद भल्ला स्मृति साहित्य सम्मान से नवाजा जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व आईजी राजबीर देशवाल होंगे, तो हरियाणा साहित्य अकादमी उर्दू प्रकोष्ठ के निदेशक चंद्र त्रिखा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे और हरियाणा संस्कृत साहित्य अकादमी के निदेशक डॉक्टर चितरंजन दयाल कौशल विशिष्ट अतिथि होंगे। उपरोक्त कार्यक्रम में कुल सत्रह पुस्तकों का विमोचन होगा और दिल्ली, पंजाब समेत प्रदेशभर के बाइस साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। ज्ञात रहे कि कृष्ण कुमार निर्माण की अभी तक आधा दर्जन से ज्यादा पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और इन्हें वीएचसीए द्वारा हिंदी श्री सम्मान, राष्ट्रीय संस्था निफा द्वारा करनाल रत्न सम्मान, हरियाणवी साहित्य गौरव अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। भिवानी की तनसुख संस्था द्वारा इन्हें कबीर रत्न सम्मान के अलावा नेपाल की संस्था द्वारा साहित्य क्षेत्र में हिंदी काव्य रत्न की मानद उपाधि भी दी जा चुकी है। कृष्ण कुमार निर्माण बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। वे एक प्रखर वक्ता/बेहतर मंच संचालक, सुयोग्य शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, कवि, लेखक, स्तम्भकार और पैनलिस्ट भी हैं। इनकी रचनाएं लगभग देश के सभी समाचार पत्र-पत्रिकाओं में निरंतर प्रकाशित हो रही हैं और विभिन्न कवि सम्मेलनों-मुशायरों में ये अपनी छाप छोड़ चुके हैं। कई अखबारों में ये स्थाई स्तम्भ भी लिखते हैं। ताऊ के तीर इनका स्थाई स्तम्भ पिछले दस सालों से निरंतर प्रकाशित हो रहा है।

**सम्मान**

**ताऊ के तीर इनका स्थाई स्तम्भ पिछले दस सालों से निरंतर प्रकाशित हो रहा है**

# संतों के जीवन से लेनी चाहिए शिक्षा: हरविंदर कल्याण

**संत सम्मेलन**

**संत एक जाति या धर्म के नहीं होते, वे सर्व समाज के कल्याण के लिए जन्म लेते हैं: कल्याण**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला के गांव मूनक में आज संत गुरु साहिब प्रेमदास की याद में 33वां विशाल संत सम्मेलन श्री 108 संत धूणी दास महाराज द्वारा साहब प्रेमदास आश्रम में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण व सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा ने भाग लिया, जबकि असंध के विधायक योगेंद्र राणा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सम्मेलन में हरियाणा व पंजाब के संतों ने भाग लिया। इस मौके पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि संत एक जाति या धर्म के नहीं होते, वे सर्व समाज के कल्याण के लिए जन्म लेते हैं। गुरु रविदास महाराज व अन्य संतों ने समय-समय पर लोगों को सदमार्ग पर चलना सिखाया है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का जीवन सेवा भावना से ओतप्रोत होना चाहिये। जीवन में अच्छे कर्म करने चाहिए। बच्चों को अच्छे संस्कार देकर अच्छी शिक्षा देनी चाहिए ताकि देश व समाज का उत्थान हो सके।

सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार संतों व महापुरूषों के आशीर्वाद से जन कल्याण के कार्यों को आगे बढ़ा रही है। संतों ने सदैव समरसता व भाइचारे की भावना को प्रबल किया है।

इनसे प्रेरणा लेकर हरियाणा सरकार महापुरूषों की जयंति हर साल सरकारी स्तर पर मना रही है ताकि भावी पीढ़ी संतों के आदर्शों को जीवन में आत्मसात कर आगे बढ़ सके। उन्होंने सतगुरु प्रेमदास महाराज की याद में आयोजित संत सम्मेलन के लिये श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। साथ ही धूनीदास महराज को इस प्रकार के आयोजन के लिये बधाई दी।

# मुनीश एंटी करप्शन फाउंडेशन के चीफ सेक्रेटरी नियुक्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने नैशनल टीम का विस्तार करते हुए पानीपत के वरिष्ठ समाजसेवी मुनीश जैन को फाउंडेशन का नैशनल चीफ डायरेक्टर नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेन्द्र अरोड़ा, नैशनल डायरेक्टर अजीत राही, नैशनल चीफ चेयरपर्सन पायल मित्तल ने मुनीश जैन को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई।

# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की गीता रन में एक साथ दौड़ेंगे हजारों नागरिक: उपेन्द्र सिंघल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल ने कहा कि अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 की गीता रन में एक साथ हजारों नागरिक और खिलाडी दौडेंगे। यह खिलाड़ी कुरुक्षेत्र ही नहीं देश व प्रदेश में पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को अपने जीवन में धारण करने का संदेश देंगे। अहम पहलू यह है कि 28 नवंबर को गीता रन का शुभारंभ हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी करेंगे। इस गीता रन में अन्य गणमान्य लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। केडीबी मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, सूचना जनसम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग तथा सरकार और प्रशासन के साझे प्रयासों से अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 के कार्यक्रमों का आयोजन 28 नवंबर से लेकर 15 दिसंबर तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 28 नवंबर को सबसे पहले सुबह के समय ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग से गीता रन कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेवारी विशेष तौर पर जिला खेल विभाग को सौंपी गई है। इस गीता रन के विजेताओं को केडीबी की तरफ से आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जाएगा।

# 16 वर्षों से सराहनीय कार्य कर रही श्री हनुमान सेवा समिति

**मुहिम**

**16 सालों में एक भी दिन ऐसा नहीं गया, जब यहां लोगों ने भोजन ग्रहण नहीं किया हो**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** 16 साल पहले एक मुहिम के तहत बिना किसी प्लानिंग और बिना स्टॉक के भूखों को भोजन खिलाने के लिए कुछ लोगों ने मिलकर एक मुहिम शुरू की थी। यह मुहिम अब बिना किसी बाधा के 16 वर्ष से अनवरत जारी है। 16 सालों में एक भी दिन ऐसा नहीं गया, जब यहां लोगों ने भोजन ग्रहण नहीं किया हो। हम बात कर रहे हैं, तरावड़ी शहर के मां अन्नपूर्णा आश्रम की, जहां समाजसेवी मास्टर अमन शर्मा ने कई गणमान्य लोगों के साथ श्री हनुमान सेवा समिति बनाई और सेवाभाव, धार्मिक कार्य करने के साथ-साथ भूखों को भोजन खिलाने की मुहिम शुरू की। 35 सदस्यों द्वारा शुरू की गई अब यह मुहिम शहर के गणमान्य लोगों, उद्योगपतियों के सहयोग से कारवां बन गई। अब श्री हनुमान सेवा समिति की ओर से तरावड़ी शहर के मां अन्नपूर्णा आश्रम में रोजाना सुबह से लेकर शाम तक करीब 400 लोगों को भोजन खिलाया जा रहा है, जिसमें दो सब्जी, चावल, रोटी और एक स्वीट डिश दी जा रही है। इसके अलावा इन जरूरतमंद लोगों को सुबह के समय चाय, रस, इसके बाद भोजन में खीरए मीठे पूड़े, आलू-पेठा कद्दू, आलू, पूड़ी, दही, रायता, हलवा समेत कई चीजें वितरित की जा रही हैं। काबिलेगौर है कि श्री हनुमान सेवा समिति की ओर से चलाई गई इस मुहिम में गोयल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी कृष्ण गोयल, बीडी ओवरसीज तरावड़ी के सीएमडी प्रवीण गर्ग, श्रीराम राइस यूनिट के सीएमडी साधुराम सिंगला, जीवी राइस एक्सपोर्टस प्रालि के सीएमडी प्रमोद बंसल, अम्बिका राइस मिल के अशोक गोयल, महेश राईस मिल से अजय गोयल, नानूमल मंगत से राकेश गोयल, गीता मॉडन सीनियर सकैंडरी स्कूल से बालकृष्ण त्रिपाठी, सामाजिक कार्यकर्ता गौरव बंसल, सुभाष अनेजा, अशोक लूथरा, पार्षद नरेश गाबा, अनिल सिंगला, विपिन छाबड़ा, राजेश मुंजाल, संजय गाबा, संजय सेतिया व अशोक काठपाल समेत कई गणमान्य लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का हमेशा सहयोग रहता है। बता दें कि श्री हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष मास्टर अमन शर्मा ने मां अन्नपूर्णा आश्रम को जरूरतमंदों को भोजन खिलाने का स्थान चुनकर श्री हनुमान सेवा समिति की ओर से जरूरतमंदों को खाना खिलाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे खाना खाने वालों की संख्या भी बढ़ने लगी और लोग भी सहायता के लिए आगे आने लगे।

# 50 लाख सदस्य बनाकर रिकॉर्ड कायम करेगी भाजपा: योगेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** असंध विधायक योगेन्द्र राणा आज असंध हलके के गांव बुढ़पुर आबाद में धन्यवाद कार्यक्रम में पहुंचे और उपस्थित ग्रामवासियों का विधानसभा चुनाव में दिए गए मतदान रूपी आशीर्वाद हेतु आभार जताया। इस दौरान योगेंद्र राणा ने प्रदेशभर में चल रहे सदस्यता अभियान पर्व के बारे में जानकारी दी और ग्रामवासियों को भाजपा का सदस्य बनाया।

अपने सम्बोधन में विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि भाजपा का ध्येय है, देश प्रथम, पार्टी द्वितीय और स्वयं या हमारा परिवार बाद में। इसी मंत्र पर भाजपा के कार्यकर्ता सदस्यता



अभियान में जुटे हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि हरियाणा में 50 लाख से अधिक लोग भाजपा से जुड़कर एक रिकार्ड बनाएंगे। इस मौके पर उपस्थित कार्यकताओं से आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि सक्रिय सदस्य बनने के लिए सभी को आगे आकर कार्य करना जरुरी है। इस दौरान बुढ़पुर आबाद के बूथ नंबर 50 और 51 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को भी सुना। इस अवसर पर मंडल महामंत्री सुशील शर्मा, सुभाष राणा, नरेश पोपड़ा, जिला सोशल मीडिया प्रमुख बब्बू मंजूरा, सुरेश जानी, योगी पधाना, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता सतपाल जैन, प्रदीप, राजु, बाबू राम, राशेल लाल, बाल किशन, सुखबीर, पप्पी हथलाना सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**अभियान**

**योगेंद्र राणा ने प्रदेशभर में चल रहे सदस्यता अभियान पर्व के बारे में जानकारी दी**

# आनंद ने निशुल्क मेडिकल कैंप एवं औषधि वितरण शिविर का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने रविवार को लायंस क्लब एवं विर्क हॉस्पिटल करनाल द्वारा आयोजित निशुल्क मेडिकल कैंप एवं औषधि वितरण शिविर का शुभारंभ किया। कैंप का आयोजन सदर बाजार स्थित लोधी समाज पंचायत भवन में किया गया। जगमोहन आनंद ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से आमजन को न केवल स्वास्थ्य लाभ मिलता है, बल्कि यह जरूरतमंद लोगों की सेवा करने का भी एक सशक्त माध्यम है। सामाजिक संस्थाओं को



समय-समय पर इस तरह के मेडिकल कैंप आयोजित करते रहना चाहिए। आज के इस मेडिकल कैंप में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और दवाइयां भी ली। विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड की सुविधा दी जा रही है। इस योजना के तहत निशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध होती है। बड़ी संख्या में पात्र लाभार्थी इस योजना का फायदा ले रहे हैं।

# 42वां कम्बल एवं जर्सी वितरण समारोह का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** 1982 से सामाजिक कार्यों में सेवारत संस्था समाज सेवा समिति द्वारा 1000 जरूरत मंद परिवारों हेतु 42वां कम्बल एवं जर्सी वितरण समारोह गीता भवन शहर के विशाल प्रांगण में आज 24 नवम्बर को शरद ऋतु वार्षिक उत्सव देश भक्ति व लोक नृत्य कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ आयोजन किया गया। इस समारोह में गरिमामयी उपस्थिति अतिथि विधायक निखिल मदान ,पूर्व मीडिया सलाहकार भारतीय जनता पार्टी नेता राजीव जैन ,पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार कविता जैन मुख्य सरपरस्त पवन गोयल समाजसेवी बी डी अरोड़ा, समाजसेवी दीक्षित हसीजा, राकेश शर्मा , लक्ष्मण



मुंजाल ,राकेश मल्होत्रा सतीश बालियांण,सुबेदार मेजर जय नारायण खोखर, ओ.पी. एलावादी, तथा वेद प्रकाश शर्मा, वैध लेख राज के साथ अन्य कई प्रसिद्ध समाजसेवी व प्रख्यात धर्म प्रेमियों ने समारोह में शिरकत की।समिति के मुख्य सरपरस्त पवन गोयल व समन्वय समिति के स्थाई सदस्य रमेश चंद हसीजा, सर परस्त रत्नेश बतरा , प्रधान प्रवीण वर्मा , संयोजक शशीकरण नासा सहसंयोजक जितेंद्र रेलन,सहसंयोजक संजय मक्कड़ और वरिष्ठ महासचिव आर के सेतिया, सुरेंद्र सेठी (सेठी न्यूज एजेंसी)सभी ने संयुक्त रूप से बताया कि समिति अपने मुख्य उद्देश्य नर सेवा नारायण सेवा को कार्यान्वित करते हुए विकलांगों,विधवाओं जरूरतमंद निर्धन परिवारों को प्रतिवर्ष ट्राई रिक्शा, व्हीलचेयर, सिलाई मशीनें, कंबल, जर्सियां, कापियां, चावल तथा सर्व जाति कन्याओं का विवाह के आयोजन के माध्यम से लगातार 42 वर्षों से लाखों की संख्या में सहायता सामग्री प्रदान कर रही है। संस्था के प्रधान प्रवीन वर्मा सरपरस्त रत्नेश बत्रा व आई. डी. मुंजाल ने संयुक्त रूप से बताया कि इस समारोह की शुरूआत सांस्कृतिक कार्यक्रम से की गई ।समाज सेवा सिलाई प्रशिक्षण केंद्र भाई खेमचंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल ,श्री राम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल, तेजस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति व लोकनृत्य की प्रस्तुति को दर्शाते हुए सभी का मन मोह लिया।

**देशभक्ति**

**तेजस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति व लोकनृत्य की प्रस्तुति को दर्शाते हुए सभी का मन मोह लिया**

# संपादकीय

## अब कनाडा भी बना भारत की परेशानियों का सबब

**स्वतंत्रता** के बाद से ही चीन और पाकिस्तान भारत के लिए स्थाई सिरदर्द बने हुए हैं' पिछले दो दशक से अब कनाडा भी भारत के लिए परेशानी का सबक बन गया है। कनाडा शुरू से खालिस्तानी आतंकवादियों का केंद्र रहा है भारत में खालिस्तानी आतंकवाद को जन्म देने के लिए और भारत को अशांत करने के लिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आई,एस,आई उसे हर तरह की मदद ट्रेनिंग और आर्थिक मदद देता आ रहा है। खालिस्तान के आतंकवादियों को कनाडा के वीजा से पाकिस्तान गए पनाह देकर आतंकवादी गतिविधियों की ट्रेनिंग देता आया है इसके अलावा वह उन्हें फंडिंग भी करता है, कनाडा अपने राजनीतिक हित में आतंकवादियों और पाकिस्तान का अपने देश खुलकर साथ दे रहा है। यह तो कर विदित है कि चीन पाकिस्तान का भी वित्तपोषक है, और चीन से प्राप्त अरबों डॉलर की मदद का बड़ा हिस्सा अपनी सेना के बजट में शामिल करता है और पाकिस्तान आर्मी अपनी खुफिया एजेंसी की मदद से भारत में अन्य आतंकवादी संगठनों के साथ खालिस्तान आतंकवादियों को भी उकसाकर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देता है। भारत लगातार कनाडा तथा खालिस्तानी आतंकवादियों की गतिविधियों को उजागर कर संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में अपनी आवाज उठाता रहा है पर कनाडा पाकिस्तान और चीन के कान में जून तक नहीं रेंगती है। ड्रैगन एशिया की शांति के साथ वैश्विक शांति के लिए भी बहुत बड़ा खतरा बना हुआ है फिर चाहे दोस्ती का मामला हो या दुश्मनी का,चीन भारत का परंपरागत दुश्मन है ही और गाहे-बगाहे वह भारत की सीमा पर अतिक्रमण करता रहता है।इसी तरह ड्रैगन अपने छोटे-छोटे मित्र राष्ट्रों को जिनकी वह मदद करता है उनके कई क्षेत्रों में कब्जा जमा चुका है, इसका सबसे बड़ा एवं ताजा उदाहरण श्रीलंका है। श्रीलंका चीन के कारण कंगाली के कगार पर पहुंच चुका था, अब पाकिस्तान की बारी है वह अब बाल्टीस्तान को पाकिस्तान से कई वर्षों के लिए अपनी दी गई उधारी के बदले लीज पर लेने वाला है वह भी पूरी तरह से कंगाल हो चुका है। पाकिस्तान की हैसियत अब चीन से लिए गए कर्जे को वापस करने की रह नहीं गई है कि इन परिस्थितियों में पाकिस्तानी सरकार ने चीन के सामने घुटने टेक दिए हैं, अब पाकिस्तान चीन की हर शर्त मानने को तैयार है। नेपाल तथा बांग्लादेश भी चीन की दादागिरी से त्रस्त हैं' चीन के लिए लद्दाख तथा हिमाचल प्रदेश में घुसपैठ का अनुकूल समय आने वाला है, वर्षा ऋतु तथा ठंड उसके लिए घुसपैठ का अनुकूल समय होता है ।भारत को सीमा पर चीन तथा पाकिस्तान से उसे सावधानी रखनी होगी तब जाकर देश की रक्षा हो सकेगी। अब ड्रैगन का एक ही सिद्धांत है विस्तार वाद और वह भी किसी भी कीमत पर,अब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक डिक्टेटर की तरह चीन के प्रशासन को हंटर से चला रहे है और विदेश नीति में वह अत्यंत लालची, विस्तार वादी हो गया है। चीन पिछले कई दशक से अपनी आर्थिक तथा सामरिक शक्ति को बढ़ाने में लगा हुआ है। और इसी आर्थिक तथा युद्ध कला की शक्ति पर वह कई देशों को अपने कुत्सित इरादों के चलते खुलेआम धमकी भी देने लगा है।

# न हिंदुत्व न दल और न नेता, जीती तो केवल लाड़ली बहना

डॉ.मुकेश

"मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव से ठीक पहले लाडली बहना योजना शुरू की तो बीजेपी की बंपर वापसी हुई और नतीजे बिल्कुल वैसे ही एकतरफा निकले जैसे आज महाराष्ट्र में निकले हैं। बहरहाल हार जीत तो चुनाव का एक हिस्सा है और उसके बाद समीक्षा भी एक परंपरा है । जिसमें सब अपनी अपनी भड़ास निकालते हैं और अलग अलग कारण गिनाए जाते हैं लेकिन एक बात पक्की है कि जीत हार के कारण जो भी हों लेकिन यह मुफ्त की योजनाएं अब हमारे चुनाव का हिस्सा बन चुकी हैं । यह देशहित में तो नहीं कही जा सकती लेकिन राजनीतिक दलों के लिए सौ फीसदी फायदे का सौदा है। इसलिए सारी पार्टियां आजकल इसी फामूर्ले पर काम कर रही हैं। यह बात अलग है कि इसी मुद्दे पर वो एक दूसरे की आलोचना भी करती हैं"



**महाराष्ट्र** और झारखंड के रिजल्ट और इसके पहले हरियाणा के रिजल्ट से यह बात साफ हो गई कि अब देश में मुफ्त की योजनाएं ही चुनाव का आधार बन चुकी हैं। फिर चाहे मुफ्त बिजली पानी हो या फिर लाडली बहना जैसी योजनाओं द्वारा पैसा बांटना हो,लोग अब इसी के आधार पर वोट देते हैं। महाराष्ट्र के बारे में कहा यह जा रहा है कि हिंदुत्व की जीत हुई लेकिन झारखंड या अन्य राज्यों के परिणाम देखें तो हिंदुत्व कहीं दिखाई नहीं दिया,बल्कि जहां जिस जाति की संख्या ज्यादा थी या जिसकी सरकार थी उनके कैंडिडेट ही जीते। बंगाल में पूरी छह सीट ममता की पार्टी जीती तो वायनाड में प्रियंका को बड़ी जीत मिली,कुल मिलाकर राज्य सरकार का प्रभाव दिखाई दिया। वैसे महाराष्ट्र की बात करें तो कहा जा रहा है कि वहां हिंदुत्व की सुनामी थी लेकिन यदि वहां हिंदुत्व होता तो लाडली बहना योजना शुरू नहीं करना पड़ती। महाराष्ट्र की सरकार और स्थानीय नेता अच्छे से जानते हैं कि महाराष्ट्र में हिंदुत्व कभी चुनाव जिताऊ मुद्दा नहीं रहा,यही कारण है कि योगी आदित्यनाथ के"बटेंगे तो कटेंगे" का सबसे पहले विरोध महायुति के नेताओं ने ही किया। अजीत पंवार और पंकजा मुंडे दोनों ने इस नारे का विरोध किया। दोनों का कहना था कि महाराष्ट्र में यह नारा व्यर्थ है । शिंदे भी पहले ही समझ चुके थे इसीलिए उन्होंने लाडली बहना जैसी लुभावनी योजना शुरू की और सिर्फ शुरू ही नहीं की बल्कि पांच महीने का एडवांस भी दे दिया,हर घर में साढ़े सात हजार मुफ्त में आए तो महिलाओं को महायुति की सरकार भाने लगी वरना लाडली बहना से पहले जितने भी सर्वे आए थे उनमें महायुति की स्थिति कोई खास अच्छी नहीं थी ।

यदि स्थिति अच्छी होती तो कम से कम महाराष्ट्र में तो लाडली योजना लांच नहीं की जाती लेकिन यह योजना शुरू की गई और एक महीने बाद ही फिजा बदल गई । खासकर जो लेबर क्लास की महिलाएं हैं,जो घरों में काम करने वाली मौशीयां हैं उनमें जबरजस्त उत्साह देखा गया और फिर बीजेपी यह नरेटिव सेट करने में भी सफल रही की यदि महायुति की सरकार चली गई तो आघाड़ी इस योजना को बंद कर देगी,जबकि आघाड़ी ने इस योजना का पैसा डबल करने का वादा किया था । यहां महिलाओं का भरोसा महायुति के साथ रहा । बहरहाल हिंदुत्व का नारा यहां नहीं चला,यदि हिंदुत्व का नारा चलता तो उद्धव ठाकरे से ज्यादा सीटें राज ठाकरे की आना चाहिए थी क्योंकि राज ठाकरे बीजेपी के साथ थे और उनके भाषणों में भी हिंदुत्व और राष्ट्र के मुद्दे ज्यादा थे साथ ही वे मुस्लिमों पर कड़े शाब्दिक प्रहार भी कर रहे थे,बिल्कुल बाला साहेब की ही तरह लेकिन उनके सवा सौ उम्मीदवारों में से एक भी नहीं जीता । उनके खुद के बेटे भी नहीं जीत सके। इसका सबसे बड़ा कारण यही है कि राज ठाकरे लगातार लाडली बहना योजना का विरोध कर रहे थे । शायद इसीलिए उनकी सभा में आने वाली भीड़ वोट में तब्दील नहीं हो सकी। हालांकि राज ठाकरे की हार पर अभी मीडिया में चर्चा ज्यादा नहीं है बल्कि सारे देश में चर्चा सिर्फ उद्धव की हार ही हो रही है। खासकर हिंदूवादी पार्टियों के समर्थक उद्धव की हार का कारण बीजेपी का साथ छोड़ना ही बता रहे हैं। वैसे यह भी पूरी तरह सच नहीं है क्योंकि उद्धव की इमेज महाराष्ट्र में आज भी हिंदूवादी नेता की है।

उनके बारे में नरेटिव सेट किया जा रहा था कि उन्होंने अपनी हिंदू वादी विचारधारा छोड़ दी है। लोकसभा में वक्फ बिल के मुद्दे पर बॉयकॉट करने से ही उद्धव के मुस्लिम वोटर्स नाराज हो गए थे और मातोश्री के सामने धरना प्रदर्शन भी करने लगे।मातोश्री (बाल ठाकरे का घर) के सामने इतनी बड़ी संख्या में मुस्लिम्स पहली बार देखे गए ,खैर उद्धव को बॉयकॉट का नुकसान हुआ वरना मुस्लिम वोट उनको मिलते तो कुछ सीटें ज्यादा बढ़ जाती । यह सॉफ्ट हिंदुत्व ही उद्धव को भारी पड़ा।

महाराष्ट्र के बारे में पूरे देश में चर्चा हो रही है और सोशल मीडिया ने तो इसको हिंदुत्व की जीत मान लिया है लेकिन झारखंड में हिंदुत्व क्यों नहीं चला जबकि वहां असम के मुख्यमंती हेमंत विश्वा शर्मा और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खुलकर हिंदुत्व की बात की थी।शर्मा तो मिशनरी और मदरसों के खिलाफ खूब बोले थे और हिंदुओं को एकजुट होकर वोट करने की अपील की थी, लेकिन वहां भी हेमंत सोरेन की मईयां सम्मान योजना ने शायद सोरेन को बचा लिया । सोरेन ने लाड़ली बहना की ही तरह मईयां सम्मान योजना झारखंड में पहले ही शुरू कर दी थी। महिलाओं को लुभाने वाली योजनाएं बीजेपी का ट्रंप कार्ड रही है लेकिन यह कार्ड सोरेन पहले ही चल चुके तो बीजेपी के पास कुछ रहा नहीं लुभाने के लिए वरना हरियाणा में भी बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 2100 रुपए महिलाओं को देने का वादा और प्रचार किया था इसलिए आखिरी के तीन महीने में बीजेपी का माहौल तेजी से बन गया जबकि पहले हरियाणा में भी स्थिति अच्छी नहीं बताई जा रही थी।

लगभग यही हाल मध्यप्रदेश का था लेकिन मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव से ठीक पहले लाडली बहना योजना शुरू की तो बीजेपी की बंपर वापसी हुई और नतीजे बिल्कुल वैसे ही एकतरफा निकले जैसे आज महाराष्ट्र में निकले हैं। बहरहाल हार जीत तो चुनाव का एक हिस्सा है और उसके बाद समीक्षा भी एक परंपरा है । जिसमें सब अपनी अपनी भड़ास निकालते हैं और अलग अलग कारण गिनाए जाते हैं लेकिन एक बात पक्की है कि जीत हार के कारण जो भी हों लेकिन यह मुफ्त की योजनाएं अब हमारे चुनाव का हिस्सा बन चुकी हैं । यह देशहित में तो नहीं कही जा सकतीं लेकिन राजनीतिक दलों के लिए सौ फीसदी फायदे का सौदा है। इसलिए सारी पार्टियां आजकल इसी फामूर्ले पर काम कर रही हैं। यह बात अलग है कि इसी मुद्दे पर वो एक दूसरे की आलोचना भी करती हैं । जब केजरीवाल दिल्ली में मुफ्त की योजनाएं लाए तो बीजेपी ने काफी आलोचना की लेकिन अब बीजेपी ने भी ऐसी ही कई योजनाएं शुरू कर दी हैं। उनको भी समझ आ गया है कि जनता को क्या चाहिए इसलिए बीजेपी ने पहले मध्यप्रदेश फिर हरियाणा और अब महाराष्ट्र लाड़ली बहना के सहारे जीता और सोरेन ने लाड़ली बहना के भरोसे झारखंड में सत्ता में वापसी की। अब महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इतना पैसा लाएंगे कहां से ? महाराष्ट्र में करोड़ों रुपए दिए गए इनकी रिकवरी कैसे होगी,क्योंकि जिन राज्यों में इस तरह की योजनाएं चल रही हैं वहां की सरकारें परेशान हैं। पैसा देने के लिए पैसा होना भी तो चाहिए और आखिर में पैसा जनता से ही वसूला जाता है,लाड़ली बहना के लिए लाड़ले भाईयों की जेब खाली की जाती है । मध्यप्रदेश में बीस साल पहले ही जनता इसका दुष्परिणाम भुगत चुकी है,जब दिग्विजय सिंह ने पहले तो बिजली मुफ्त की थी लेकिन बाद में बिजली के बिल इतने महंगे कर दिए कि बिजली के कारण ही दिग्विजय की राजनीति फ्यूज हो गई और फिर कभी नहीं चमके। अब ऐसी योजनाओं का बंद होना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन भी है क्योंकि अब चुनाव जीतने का ट्रंप कार्ड ऐसी योजनाएं ही हैं।

वर्तमान चुनाव परिणामों से तो अब ऐसा लगता है कि जिस स्टेट में जिसकी सरकार है वही बार बार रिपीट होगी क्योंकि मुफ्त की योजनाओं की चाबी तो सत्ताधारी दल के पास ही होती है। फिर चाहे वह दिल्ली में आम आदमी हो या महाराष्ट्र में खास आदमी । बहरहाल जो जीते उनको बधाई,आखिर जो जीते वही तो सिकंदर हैं,जो हारा वो अब आलोचना कर सकता है पांच साल तक...।

# कविता

**ये दादी ये नानी का गांव।**

**ये दादी ये नानी का गांव'**
**उस पर ममता की छांव '**

**मेरे सपने हैं आंखों में उनके,**
**दौड़ मेरी पर दादी के पाव.**

**धड़कन मेरी कलेजा है, उनका**
**जख्म मेरे यह दादी के पांव ,**

**पतली पगडंडी जाती उनके गॉव तक,**
**ये तुलसी का आंगन अमिया की छांव ।**

**कल कल बहती नदिया उन तक,**
**ये पतवार मैं हूं,ये दादी है नाव।**

**अन्न के दाने हैं हाथों में उनके,**
**चिड़ियों का डेरा कागा की कांव।**

**अल्लाह, ईश्वर सब एक समान,,**
**सारे तीरथ ये दादी ये नानी के पॉव।**

**मन है निर्मल गंगा सा उनका,**
**ये पतवार मैं हूं ये नानी है नाव।**

**सारी दुनिया का धन एक तरफ**
**दूसरी तरफ हैं ये दादी के पांव।**

**संजीव**

## शर्मनाक है 'विध्वंस' को महिमामंडित करना

**तनवीर जाफरी**

**साहित्य**, मानवीय अभिव्यक्ति का एक ऐसा रूप है जो 'संस्कृति' का प्रसार करता है। साहित्य को समाज का दर्पण भी कहा जाता है। साहित्यकार अपनी रचनाओं में समाज के विभिन्न पहलुओं को दर्शाते हैं। साहित्य, जीवन के प्रचलन के अनुसार गतिशील रहता है। गैर-काल्पनिक गद्य, काल्पनिक गद्य, कविता, नाटक, और लोक कथाएं आदि साहित्य के प्रमुख रूप हैं। साहित्यिक भाषा, किसी भाषा का वह रूप है जिसका उपयोग औपचारिक, अकादमिक, या विशेष रूप से विनम्र लहजे में लिखते समय किया जाता है। साहित्य समाज के मर्म का भी दर्पण है। यह साहित्य ही है जिसके द्वारा शब्दों के माध्यम से बड़े ही प्रभावी तरीके से अपनी बात कही और दूसरों तक पहुंचाई जाती है। हमारे देश में हिंदी व उर्दू साहित्य का एक सबसे प्रभावी नाम था मुंशी प्रेमचंद। उनके उपन्यासों व कहानियों में प्रायः गरीबी,सामाजिक अन्याय, सामाजिक व साम्प्रदायिक सद्भाव सहित तमाम मानवीय पहलुओं का जिक्र हुआ करता था। इसी तरह प्रेमचंद के समकक्ष अंग्रेजी साहित्य में भी ऐसे अनेक साहित्यकार हुये हैं जिन्होंने सामाजिक मुद्दों और यथार्थवाद को इसी तरह संबोधित किया। इनमें चार्ल्स डिकेंस को जहां गरीबों के संघर्षों के चित्रण और सामाजिक अन्याय की आलोचना के लिए जाना जाता है वहीँ विशेष रूप से ओलिवर ट्विस्ट और डेविड कॉपर फील्ड जैसी रचनाओं के लिये भी वे प्रसिद्ध हैं। इसी तरह मार्क ट्वेन के आख्यानों में अक्सर जाति और वर्ग के विषयों पर प्रकाश डाला जाता था, जैसा कि द एडवेंचर्स ऑफ हकलबेरी फिन में देखा गया है। वहीं टोनी मॉरिसन जोकि बेलव्ड जैसे उपन्यासों में अफ्रीकी अमेरिकी अनुभवों और सामाजिक मुद्दों की उनकी खोज प्रेमचंद के हाशिए पर पड़े समुदायों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ प्रतिध्वनित होती है। प्रेमचंद की ही तरह इन लेखकों ने भी अपने आख्यानों का उपयोग सामाजिक मानदंडों और अन्याय की आलोचना करने के लिए किया
लियो टॉल्स्टॉय ने भी प्रेमचंद के लेखन को प्रभावित किया। उन्होंने टॉल्स्टॉय की नैतिक कहानियों का हिंदी में अनुवाद किया, जिससे उन्हें "हिंदी टॉल्स्टॉय" की उपाधि मिली। इसी तरह गुस्ताव फ़्लोबर्ट की कथात्मक शैली भी प्रेमचंद के सामाजिक यथार्थवाद पर ध्यान केंद्रित करने के समान है। मैक्सिम गोर्की ने भी विशेष रूप से निम्न वर्गों के संघर्षों के संबंध में प्रेमचंद के साथ विषयगत चिंताओं को साझा किया। इसी तरह शेक्सपियर हों या रविंद्र नाथ टैगोर,इन जैसे अनेक लेखकों व साहित्यकारों ने अपने लेखन में मानवीय संवेदनाओं का बखूबी जिक्र किया है। वैसे भी हमारा देश गांधी के सत्य अहिंसा के सिद्धांतों पर चलने वाले देश के रूप में विश्व प्रसिद्ध है। इसलिये यहाँ हिंसा, विध्वंस, नफरत, विद्वेष,साम्प्रदायिकता तबाही बबार्दी जैसे अमानवीय पहलुओं की कोई गुंजाईश नहीं होनी चाहिये।

# विचार

## क्या सैलून में पुरुषों पर रोक से महिलाएँ सुरक्षित हो पायेगी?

-प्रियंका सौरभ

**लिंग भेद** का अर्थ है कि महिलाओं को निरंतर सुरक्षा की आवश्यकता होती है, जिससे उनकी एजेंसी और व्यावसायिकता कमजोर होती है। पुरुष दर्जियों को महिलाओं के माप लेने से रोकना सुरक्षा के लिए महिलाओं की निर्भरता की धारणा को मजबूत करता है। ऐसी नीतियाँ पुरुषों को संभावित खतरे के रूप में सामान्यीकृत करती हैं, अविश्वास पैदा करती हैं और कार्यस्थल की गतिशीलता को नुकसान पहुँचाती हैं। उत्पीड़न को सम्बोधित करने के बजाय अलगाव रूढ़िवादिता को मजबूत करता है विश्लेषण करें कि लिंग के आधार पर व्यवसायों का अलगाव उत्पीड़न के अंतर्निहित मुद्दों को सम्बोधित करने के बजाय रूढ़िवादिता को कैसे मजबूत करता है। यद्यपि अक्सर उत्पीड़न के खिलाफ निवारक उपाय के रूप में लिंग के आधार पर व्यवसायों का अलगाव प्रस्तावित किया जाता है, लेकिन इससे रूढ़िवादिता और लिंग आधारित भूमिकाओं को मजबूत करने का जोखिम होता है। हाल के नियम, जैसे कि टेलरिंग शॉप और यूनिसेक्स सैलून में लिंग-विशिष्ट स्टाफिंग, उत्पीड़न के मूल कारणों, जैसे कि सामाजिक दृष्टिकोण, असमानता और जागरूकता की कमी को सम्बोधित करने में विफल रहे हैं। लैंगिक समानता और सुरक्षा प्राप्त करने के लिए
प्रणालीगत परिवर्तनों पर केंद्रित एक अधिक समग्र दृष्टिकोण आवश्यक है।
सामाजिक मान्यताएँ अक्सर महिलाओं को कमजोर और पुरुषों को आक्रामक के रूप में चित्रित करती हैं, जो असमान लिंग गतिशीलता को बढ़ावा देती हैं जो उत्पीड़न को बनाए रखती हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ द्वारा किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि कार्यस्थल पर उत्पीड़न महिलाओं को असंगत रूप से प्रभावित करता है क्योंकि पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण जड़ जमाए हुए हैं। नियोक्ताओं और कर्मचारियों सहित कई लोगों को कार्यस्थल पर उत्पीड़न कानूनों के बारे में जानकारी नहीं है, जिसके कारण अनियंत्रित कदाचार होता है। केवल 35% भारतीय महिला कर्मचारी ही यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम, 2013 के बारे में जानती हैं।

कानूनों का अकुशल क्रियान्वयन और जवाबदेही की कमी उत्पीड़कों को बढ़ावा देती है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए आवंटित निर्भया फंड (2013) खराब प्रशासन के कारण कम उपयोग में आता है। कुछ व्यवसायों में महिलाओं का कम प्रतिनिधित्व पुरुष-प्रधान वातावरण बनाता है, जिसमें सत्ता का दुरुपयोग होने की संभावना होती है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-2024 के अनुसार, महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर में वृद्धि हुई है, लेकिन यह लगभग 37% पर बनी हुई है। न्याय, पीड़ित को दोषी ठहराने या प्रतिशोध का डर पीड़ितों को उत्पीड़न की रिपोर्ट करने से हतोत्साहित करता है, जिससे चुप्पी की संस्कृति बनी रहती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, यौन उत्पीड़न सहित महिलाओं के खिलाफ अपराध, नतीजों के डर, अपर्याप्त जागरूकता और सामाजिक पूर्वाग्रहों के कारण बहुत कम रिपोर्ट किए जाते हैं। लिंग भेद का अर्थ है कि महिलाओं को निरंतर सुरक्षा की आवश्यकता होती है, जिससे उनकी एजेंसी और व्यावसायिकता कमजोर होती है। पुरुष दर्जियों को महिलाओं के माप लेने से रोकना सुरक्षा के लिए महिलाओं की निर्भरता की धारणा को मजबूत करता है। ऐसी नीतियाँ पुरुषों को संभावित खतरे के रूप में सामान्यीकृत करती हैं, अविश्वास पैदा करती हैं और कार्यस्थल की गतिशीलता को नुकसान पहुँचाती हैं।
अध्ययनों से पता चलता है कि समावेशी कार्य वातावरण लिंगों के बीच अधिक सम्मान और सहयोग को बढ़ावा देते हैं। अलगाव असमान अवसरों को बनाए रखता है, एक लिंग के वर्चस्व वाले व्यवसायों में भागीदारी को प्रतिबंधित करता है। भारत के सशस्त्र बलों ने ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को लड़ाकू भूमिकाओं से प्रतिबंधित किया है, जो पेशेवर अवसरों पर अलगाव के प्रभाव को दशार्ता है। एनडीए प्रेरण जैसे सुधार प्रगति को दशार्ते हैं, लेकिन पूर्वाग्रह बने रहते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# व्यंग्य

## पालक की पकौड़ी और मीडिया की मस्ती

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मीडियाकर्मियों** के कैमरों से लैस कमरे के बीच खिचिक-खिचिक की आवाज गूँज रही थी। माहौल था एक प्रेस कांफ्रेंस का। तभी एक नेता जी माइकों के झुंड के साथ लगी कुर्सी पर विराजमान हुए। वैसे नेता जी हर संकट में कुशल वक्ता थे, इस बार रेल दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करने की तैयारी कर रहे थे। ठीक उसी समय, उनके पीए ने धीरे से कहा, "सर, प्रेस कांफ्रेंस होने के बाद आपकी खास पालक पकौड़ी तैयार है।" किसे पता था कि इतनी हल्की सी फुसफुसाहट माइक पर गूंज उठेगी। मीडिया ने इसे सुन लिया और फिर शुरू हुआ एक अजीबोगरीब सवालों का सिलसिला।

पहला मीडियाकर्मी, जो कि ह्लसवाल उठाने के तरीकेह्व का मास्टर था, बोला, "आपको पालक पकौड़ी पसंद है? पालक का रंग तो हरा होता है। इसका मतलब क्या आप विशेष पार्टी का समर्थन करते हैं?" नेता जी ने झट से जवाब दिया, "अरे भैया, मेरे पिता जी हलवाई थे। वे गजब की पालक पकौड़ी बनाते थे। उनका जलवा तो ऐसा था जैसे सारा आकाश छू ले। इसलिए मुझे पालक पकौड़ी पसंद है।" दूसरा मीडियाकर्मी, जो हमेशा कुछ न कुछ नया उगले बिना चैन से नहीं बैठता, बोला, "पिता जी के बारे में बात कर रहे हैं, तो क्या आप परिवारवादी राजनीति का समर्थन करते हैं?" नेताजी ने उत्तर दिया, "क्यों नहीं? डॉक्टर का बेटा डॉक्टर, इंजीनियर का बेटा इंजीनियर बन सकता है। तो नेता का बेटा नेता बने, इसमें क्या बुराई है?" जैसे कि उन्होंने कोई तीर चलाया हो। तीसरा मीडियाकर्मी कूद पड़ा, "अच्छा, तो आप अभिषेक बच्चन, आलिया भट्ट और अनन्या पांडे जैसों के नेपोटिजम का समर्थन करते हैं!" नेताजी ने मुँह बिचकाते हुए कहा, "अरे भाई, ये तो फिल्म इंडस्ट्री वाले हैं। बॉलीवुड की बातें क्यों कर रहे हो?" चौथा मीडियाकर्मी हंसते हुए बोला, "इसका मतलब आप बॉलीवुड पसंद करते हैं। जबकि आप बंगाली फिल्म इंडस्ट्री से हैं!" नेताजी ने कहा, "बस नाम लेने से क्या होता है। डांडिया तो गुजरात से है, लेकिन अब तो यह पूरे भारत में खेला जाता है। तो इसका मतलब क्या मैं गुजराती हो गया?"

## बिरयानी को पीछे छोड़ आईटी में आगे कैसे बढ़ा हैदराबाद

**डॉ० आर.के.सिन्हा**

**अगर** आप देश के किसी छोटे-बड़े शहर या महानगर में रहते है, तब आपको मालूम होगा कि आपके अड़ोस-पड़ोस के कुछ नौजवान नौकरी करने के लिए हैदराबाद भी चले गए हैं। यह भी मुमकिन है कि आपके अपने घर-परिवार से भी कुछ बच्चे अब तक चारमीनार और बिरयानी के लिए मशहूर हैदराबाद शहर की किसी टेक या फार्मा सेक्टर की कंपनी में जाकर काम करने लगे हों।

दरअसल हैदराबाद गुजरे बीस-पच्चीस सालों में दुनिया के आई टे सेक्टर के नक्शे के केंद्रबिंदु पर आ गया है। शायद ही दुनिया की कोई मशहूर आईटी कंपनी हो, जिसके ऑफिस तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में न हो । अगर आज हैदराबाद इस मुकाम पर पहुंचा है, तो इसका श्रेय आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को तो देना ही होगा।

वरिष्ठ लेखक दिनेश सी. शर्मा ने अपनी हाल ही में प्रकाशित किताब बियॉन्ड बिरयानीः द मेकिंग ऑफ ए ग्लोबलाइज्ड हैदराबाद ( (बिरयानी से आगेः एक वैश्वीकृत हैदराबाद का निर्माण) में हैदराबाद के तेजी से बदले चेहरे की कहानी बयां की है। चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश में अपने पूर्ववर्तियों द्वारा रखी गई ठोस वैज्ञानिक अनुसंधान और आर्थिक नींव का लाभ उठाया। हैदराबाद के आईटी पावर हाउस बनने से पहले ही यहां वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान के लिए वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएलएसआईआर) की तरफ से प्रयोगशालाएं स्थापित हो चुकी थीं। यहां से योग्य वैज्ञानिक देश-दुनिया को मिल रहे थे। इसी तरह से यहां इंडियन ड्रग्ज एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ( आईडीपीएल) और इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन आफ इंण्डिया लिमिटेड (ईसीआईएल) जैसे संस्थान भी पहले से थे। इनका लक्ष्य अनुसंधान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाना था। इन दोनों सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों ने तकनीकी जनशक्ति का एक बड़ा आधारसेतु विकसित कर दिया था, जिसने उद्यमियों के लिए नए क्षेत्रों में प्रवेश करने के लिए आधार तैयार किया।

## न्यूज फ्लैश

### धुंध के दौरान वाहन चलाते समय बरते विशेष सावधानी

**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**पुलिस अधीक्षक** लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने बताया कि सर्दी, कोहरे के मौसम में एहतियात उपायों से आप स्वयं ही नहीं बल्कि दूसरे को भी सुरक्षित रखेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में कोहरे व धुंध के चलते सड़कों पर दृश्यता कम रहेगी। ऐसे में सड़कों पर वाहन का प्रयोग करते समय अधिक सावधानी बरतनी होगी। वाहन मालिक एवं चालक अपने-अपने वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर जरूर लगाएं। धुंध के मौसम में रिफ्लेक्टिव टेप बहुत ही कारगर साबित होती है। पुलिस ने सुरक्षित ड्राइविंग संबंधी टिप्स जारी करते हुए यात्रियों को स्पीड का खास ध्यान रखकर धीमी गति से वाहन चलाने का आग्रह किया है। साथ ही, वाहन मालिक यह भी सुनिश्चित करें कि वाहनों की हेड लाइट, टेल लाइट, फॉग लाइट सहित इंडिकेटर, ब्रेक, टायर, विंडस्क्रीन वाइपर, बैटरी व कार हीटिंग सिस्टम सही तरीके से काम कर रहे हैं। धुंध के दौरान यात्रा करते समय वाहन चालक लो-बीम हेड लाइट का इस्तेमाल करें क्योंकि धुंध के दौरान हाई-बीम हेड लाईट कारगर नही होती है। इंडिकेटरस को भी ऑन रखें ताकि दूसरे वाहन को भी आपके वाहन का पता चल सके। यदि कोहरे के कारण दृश्यता न्यून हो जाती है तो ऐसी स्थिति में फॉग लाइट को उपयोग अवश्य करें। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने वाहन चालकों को धुंध के दौरान सड़क हादसों को लेकर पूरी तरह आगाह करते हुए कहा है कि धुध के दौरान सड़क पर वाहन चलाते समय वाहनों के बीच उचित दूरी बना कर रखे व दृश्यता बेहद खराब होने की स्थिति में वाहन चालक सड़क पर पेंट की गई लाइन को गाइड के रूप में उपयोग करते हुए वाहन चलाएं। ड्राइव करते समय जरूरी है कि आपका पूरा ध्यान सड़क पर हो। धुंध के दौरान गाड़ियों की गति सीमा नियंत्रित रखने व मोबाइल फोन तथा म्यूजिक सिस्टम का उपयोग करने से बचे। इसके अतिरिक्त, बाहर की आवाज का ध्यान रखने के लिए वाहनों के शीशे थोड़ा नीचे रखें ताकि जो दिखाइ न दे सके उसे सुनकर यात्रा को पूर्ण रूप से सुरक्षित बनाया जा सके। इमरजेंसी स्टॉप होने पर, जहां तक संभव हो सड़क से नीचे वाहन को उतारने की सलाह दी गई है। ओवरटेकिंग नही करने के अतिरिक्त, लेन बदलने व व्यस्त सड़कों पर वाहन रोकने से बचने के लिए भी कहा गया है। यातयात नियमों का पालन करना न केवल अपने लिए व दुसरों के लिए भी बुहत जरुरी है। सड़क पर जब हम यातायात नियमों का पालन करेंगे तभी हम सड़क पर सुरक्षित रह सकते है, सुरक्षित व सतर्क होकर वाहन चलाए।

### भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनने के लिए लोग उत्साहित है: नेहरा

**गन्नौर ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा ने कहा कि



भाजपा की सदस्यता लेने के लिए लोग काफी उत्साहित है। रविवार को गांव सनपेडा मे नेहरा ग्रामीणों को भाजपा की नीतियों व सदस्यता को लेकर जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली के निदेर्शानुसार प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है । नेहरा ने कहा कि गांव,शहर व वार्डो में जाने की जरूरत है लोग खुद भाजपा का सदस्य बनने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि लोगों के खुद भी सदस्य बनने के लिए फोन आ रहे है। नेहरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी हे जो सर्वसमाज को साथ लेकर चलती है जिसके चलते लोगों में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इसका उदाहरण आपके सामने है हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली के नेतृत्व में प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनी है। और हाल ही में महाराष्ट्र मे भी लोगों ने राजग को प्रचंड बहुमत देकर सरकार बनाने का रास्ता साफ कर दिया। इस अवसर पर मण्डल महामंत्री श्रवण कौशिक ,राजेश अत्री, अमित ढाका ,राजकुमार शर्मा ,कुलदीप लाकड़ा ,अजय शर्मा ,नरेश कौशिक ,कृष्ण कुमार व अमित बाल्मीकि सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### जरूरतमंदों को ठंड से बचाने के लिए नगर पालिका ने शुरू की रैन बसेरा सेवा

**गन्नौर:** सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों को ठंड से बचाने के लिए नगर पालिका ने एक सराहनीय पहल की है। नगर पालिका ने छत के ऊपर एक रैन बसेरा बनाया है, जहां जरूरतमंद लोग रात बिता सकेंगे। इस रैन बसेरे में रहने वालों को रजाई, कंबल और अन्य आवश्यक सुविधाएं मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएंगी। नगर पालिका के इस कदम से क्षेत्र के बेघर लोगों को राहत मिलेगी।

# भगवदगीता में परमात्मा, आत्मा, सृष्टि विधान के ज्ञान के बारे में बताया गया

**भगवद गीता जीवन की जटिलताओं को समझने के लिए गहन अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करती है**

**विधान**

**प्रतिकूल परिस्थितियों में कैसे कार्य करें कि चिंता, शोक, तनाव एवं भय व अन्य विकारों से निजात पा सकें**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** भगवद्गीता व्यवहार क्षेत्र में जीवन जीने की कला सिखाती है। वह बताती है कि हम कैसे अपने जीवन को गीता के आधार पर जीयें। हम जीवन में व्यवहार कैसे करें तथा अनुकूल प्रतिकूल परिस्थितियों में कैसे कार्य करें कि हम चिंता, शोक, तनाव एवं भय व अन्य विकारों से निजात पा सकें। श्रीमदभगवदगीता में परमात्मा , आत्मा, और सृष्टि विधान के ज्ञान के बारे में बताया गया है। यह विचार अंतराष्ट्रीय श्रीमदभगवदगीता जयंती समारोह - 2024 के उपलक्ष्य में मातृभूमि मिशन मिशन द्वारा आयोजित अठारह दिवसीय विश्व मंगल महायज्ञ एवं विविध कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर श्रीमदभगवद्गीता जन्म स्थली ज्योतिसर में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा गीता जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित अठारह दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ वैदिक ब्रम्हचारियों द्वारा दिव्य शंखनाद एवं वैदिक मंत्रोच्चारण से कुरुक्षेत्र संस्कृत वेद विद्यालय एवं मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से विश्व मंगल के निमित्त यज्ञ में आहुति डाली। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा भगवद गीता जीवन की जटिलताओं को समझने के लिए गहन अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करती है।

## शीशा तोड़कर लाखों रुपये की राशि व एलईडी चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः राई** थाना क्षेत्र स्थित बीडीपीओ कार्यालय के सामने खड़ी कार का शीशा तोड़कर लाखों रुपये की राशि व एलईडी के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित कार सवार युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित ने पुलिस को कार का नंबर दिया है। वहीं पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव जोशी चौहान निवासी विकास चौहान ने बताया कि शुक्रवार दोपहर बाद काम के सिलसिले में राई उप तहसील में आए थे। उन्होंने अपनी कार को बीडीपीओ कार्यालय के सामने नेशनल हाईवे के संपर्क मार्ग पर खड़ा कर दिया। उसके बाद वह उप तहसील में चले गए। करीब आधा घंटा बाद वह बाहर आए तो देखा कि एक युवक कार के

**केस दर्ज**

**पुलिस ने इस संबंध में आरोपित कार सवार युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है**

अंदर से 42 इंच की एलईडी निकाल रहा था। उन्होंने शोर मचाया तो युवक एलईडी को लेकर आगे खड़ी सफेद रंग की आल्टो कार में सवार होकर भाग गया। वह राई गांव के सामने बने फ्लाइओवर के अंडरपास से दिल्ली की तरफ भाग गया। उन्होंने अपनी कार के पास जाकर देखा तो कार का शीशा टूटा हुआ था। उन्होंने देखा कि चोर कार के अंदर से एलईडी के साथ ही पॉलिथीन में बांधकर थैले के अंदर रखे 1.70 लाख रुपये भी चोरी कर ले गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

### महिला को दी कानून संबंधी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** गांव नांगल सिरोही के आंगनवाड़ी केंद्र में कानूनी जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में एडवोकेट पूजा यादव ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक कराया व उनको घरेलू हिंसा तथा गुजारा भत्ता संबंधित कानूनों की जानकारी दी। एडवोकेट पूजा यादव ने कहा कि महिलाएं हिंसा को सहें नहीं, इसके खिलाफ आवाज उठाएं और अपनी सुरक्षा के लिए कानूनी सहायता लें। इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना था, खासकर घरेलू हिंसा और महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों के जानकारी देना था।

## लोक-परलोक सुधारने का एक मात्र साधन है सत्संग



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** जीवन में जितना हो सके, सत्संग, सेवा का अभ्यास करना चाहिए। प्रभु नाम का सिमरन, सत्संग और सेवा ही जीवन की वास्तविक कमाई है। यह उद्धार गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने न्यू कॉलोनी पटेल नगर में डॉ. राजीव गाबा के निवास स्थान पर श्री कृष्ण कृपा परिवार द्वारा आयोजित संकीर्तन व प्रभातफेरी के अवसर पर व्यक्त किए। गीता मनीषी ने आशीर्वाद स्वरुप डॉ. राजीव गाबा के परिवार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रभातफेरी का आयोजन गीता जयंती के अवसर पर गीता ज्ञान संस्थानम में 4 से 8 दिसंबर तक होने वाले दिव्य गीता सत्संग के उपलक्ष्य में किया गया। गीता मनीषी ने ओम नमो भगवते वासुदेवाय..... तथा साथ तेरा रहे फिर कोई गम नहीं....का भजन सुनाकर सारे माहौल को भक्तिमय बना दिया। गीता मनीषी द्वारा अपने मुखारविंद से गाए गए भजनों का संगत ने खूब आनंद उठाया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने संकीर्तन में भाग लिया। गीता मनीषी ने अपने प्रवचन में नाम जपने पर बल देते हुए कहा कि व्यक्ति को प्रभु का नाम जपते हुए पुण्य बटोरने का काम करना चाहिए। जीवन की सबसे उत्तम कमाई, सेवा, सत्संग और प्रभु का नाम जपना है। मन की शांति का केवल यहीं साधन है। लोक और परलोक को सुधारने का यही एक मात्र साधन है। कीर्तन, सत्संग और नाम स्मरण प्रतिदिन करना चाहिए। व्यक्ति शरीर के आहार की तो चिंता करता है, लेकिन मन के आहार की चिंता नहीं करता, जिस प्रकार शरीर को आहार की जरूरत होती हैं। इसी प्रकार मन को भी आहार की जरूरत होती है।

**सेवा**

**जीवन में जितना हो सके, सत्संग, सेवा का अभ्यास करना चाहिए। सेवा ही जीवन की वास्तविक कमाई है**

### विदेशों से रिश्तेदार या जानकार बनकर कर रहें हैं ठगी



**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**पुलिस अधीक्षक** लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने बताया कि साइबर ठग ठगी को लेकर अलग अलग तरीके अपना रहे हैं। ऐसे में बचाव के लिए सबसे बेहतर जागरूकता ही है ताकि इस प्रकार की स्थिति का सामना नही करना पड़े। उन्होंने बताया कि आजकल बहुत से बच्चे विदेशों में पढ़ाई के सिलसिले में गए हुए हैं। साइबर ठग इसी चीज का फायदा उठाते हुए विदेशों से कॉल कर कहते हैं कि आपके रिश्तेदार या आपके बच्चे का झगड़ा हो गया है और उस झगड़े में समझौता कराने के लिए पैसे देने पड़ेंगे। इसके अतिरिक्त साइबर ठग आपको यह भी कहते हैं कि आपके रिश्तेदार या आपके बच्चे का एक्सीडेंट हो गया है। उसको पुलिस ने पकड़ लिया है उसको बचाने के लिए पैसे देने पड़ेंगे। इसके अलावा कहते हैं कि आपके बच्चे को किसी केस में पुलिस ने पकड़ लिया है। जिसकी एवज में वह आपसे पैसों की डिमांड करते हैं। हम अपने बच्चों के भविष्य को देखते हुए बिना सोचे समझे ही उनको पैसे भेज देते हैं।

## राजयोगिनी कृष्णा दीदी के श्रद्धांजलि सभा पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग केंद्र शाखा साहा द्वारा राजयोगिनी कृष्णा दीदी जी के श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन साहा आश्रम प्रभारी राजयोगिनी प्रतिभा दीदी जी के कुशल नेतृत्व में किया गया। जिसका विषय सफल जीवन के लिए दुआओं का महत्व रहा। मुख्य वक्त राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीति दीदी ब्रह्मकुमारीज शाहाबाद आश्रम प्रभारी जी ने कहा हमारा




जीवन प्रारंभ होता है सुबह की दिनचर्या से सुबह हम खाना खाते हैं। अन्न के लिए कहावत है जैसा अन्न होगा वैसा मन होगा। लेकिन अन्न के लिए भी तो धन चाहिए तो मेरे घर में जो धन आ रहा है उस धन का बहुत बड़ा रोल है दुआएं कमाने में। हमारे पास जहां से धन आया क्या वह किसी को धोखा देकर तो नहीं आया या फिर वह किसी से जबरदस्ती तो नहीं लिया या फिर किसी को दुख देकर तो नहीं आया। क्या वह धन हमारे पास खुशी-खुशी आया है अगर वह धन खुशी-खुशी से हमारे पास आएगा तो हमारे घर के सभी सुखों को बढ़ाएगा। उस खुशी से कमाए हुए धन से हमारा अन्न भी हमारे मन को खुशी ही देगा। आज हम सभी को अपने संकल्प समय स्वास को सकारात्मक कार्यों में लगाने की आवश्यकता है। हमारा एक-एक संकल्प हमारे भविष्य की रचना करता है हमारा हर सेकंड बहुत कीमती है इसलिए हमें उसे व्यर्थ नहीं गवाना चाहिए। यह मनुष्य जीवन उस ईश्वर की देन है इसलिए हमारे स्वास स्वास में उस ईश्वर की याद समाई होनी चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न केन्द्रों से ब्रह्माकुमारीज बहनें आई वे लगभग 250 से अधिक लोगों ने इसका लाभ लिया।

**श्रद्धांजलि सभा**

**विशेष कार्यक्रम का आयोजन साहा आश्रम प्रभारी राजयोगिनी प्रतिभा दीदी जी के कुशल नेतृत्व में किया गया**

## 3 दिसंबर को मिड डे मील वर्कर्स संसद मार्ग जंतर-मंतर पर करेंगे प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने कहा की राष्ट्रीय स्तर पर देशभर की लाखों मिड डे मील वर्कर्स 3 दिसंबर को अपनी मांगों के समर्थन में और केंद्र सरकार के खिलाफ संसद मार्ग जंतर मंत्र पर रोष प्रदर्शन करेंगे। वे यहां स्थानीय पंचायत भवन में मिड डे मील वर्करों की मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। मीटिंग की अध्यक्षता जोगिंदर शर्मा ने की।

उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्ष से केंद्र सरकार ने मिड डे मील वर्करों के मानदेय में एक



पैसे की बढ़ोतरी नहीं की है जिस कारण देशभर की मिड डे मील वर्करों में केंद्र व राज्य सरकार के प्रति रोष बना हुआ है । उन्होंने मांग करते हुए कहा कि मिड डे मील वर्कर्स को पक्के कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, जब तक पक्का नहीं किया जाता न्यूनतम वेतन लागू करते हुए न्यूनतम वेतन 26000 /रूपए घोषित किया जाए, दूसरी परियोजना वर्करों की तर्ज पर मिड डे मील वर्कर्स को भी रिटायरमेंट पर 2 लाख रूपए दिया जाए।

### गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस पर हवन यज्ञ आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** स्थानीय आर्य समाज मंदिर में सिख धर्म के नोवे गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। आर्य समाज के प्रधान भूपेंद्र सिंह आर्य की अध्यक्षता में प्रोफेसर अशोक कुमार आर्य सहधर्मिणी डॉ. शिव भावनाआर्या के यजमानत्त्व में बृहस्पति शास्त्री के ब्रह्मत्त्व में किया गया। यज्ञोपरांत डॉ. विक्रांत डागर ने बताया कि प्राचीन काल में ऋषियों ने यज्ञ को विशेष महत्व दिया है। यज्ञ न केवल भौतिक उन्नति में सहायक है।

## खो-खो टीम ने स्वर्ण पदक जीत कर रचा इतिहास

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**कॉलेज** की खो-खो टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र मे आयोजित इन्टर कॉलेज टूनामेंट मे स्वर्ण पदक जीत कर कॉलेज का नाम रोशन कर इतिहास रचने का काम किया। रविवार को विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह व प्राध्यापकों ने विजेता टीम का स्वागत करते हुए खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स



कॉम्प्लेक्स मे इन्टर कॉलेज खो-खो टूनामेंट का आयोजन 20 से 22 नवंबर तक किया गया। उन्होंने बताया कि इन्टर कॉलेज टूनामेंट मे फाइनल मैच मे आर्य कॉलेज की टीम ने एसडी कॉलेज पानीपत को एक तरफा 11-5 से हराकर जीत का खिताब अपने नाम किया। साथ ही उपाचार्य ने बताया की महाविद्यालय की टीम ने लगातार 8 मैच जीत कर टूनामेंट मे इतिहास रच अपनी एक अलग जगह बनाने का काम किया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदोलत ही महाविद्यालय की 7 महिला खिलाड़ी खुशबू, शिवानी, राखी, सुनैना, रेनू, प्रियंका, प्रेरणा, पूजा, कमलेश, निकिता, छोटी, महक, नाजिया का चयन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कोचिंग कैम्प के लिए हुआ।

**अभिनंदन**

**प्राध्यापकों ने विजेता टीम का स्वागत करते हुए खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की**

## विधायक मदान ने कार्यालय में सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** रविवार को विधायक निखिल मदान ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आकाशवाणी के माध्यम से देशवासियों के साथ किये जाने वाले संवाद मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर मेयर निखिल मदान के सेक्टर 14 स्तिथ कार्यालय पर बूथ नंबर 223 के भाजपा कार्यकर्त्ता भी मौजूद रहे। विधायक निखिल मदान ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठ कर मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस मंडल के अंतर्गत आने वाले 223 बूथ नंबर के कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा के सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाने को लेकर भी चर्चा की ।
विधायक निखिल मदान ने बताया



कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट पर दी गई जानकारी सबके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट नाम का सरकार और कानून में कोई भी प्रावधान नहीं है ,ये सरासर झूठ है, लोगों को फँसाने का एक षड्यन्त्र है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कुछ महीने पहले हमने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू किया था। इस अभियान में देश-भर के लोगों ने बहुत उत्साह से हिस्सा लिया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अब दुनिया के दूसरे देशों में भी फैल रहा है। जब मैं गयाना में था, तो वहां भी इस अभियान का साक्षी बना। मुझे खुशी है कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत इंदौर के लोगों ने 24 घंटे में 12 लाख से अधिक पेड़ लगाए। हमारे आसपास बायो डायवर्सिटी को बनाए रखने वाले कई प्रकार के पक्षी जैसे गौरैया आज मुश्किल से ही दिखते हैं। इन्हें हमारे जीवन में वापस लाने के लिए हम सबको प्रयास करने चाहिए साथ ही इस कार्य को करने वाले लोगों के प्रयासों की जितनी भी प्रशंसा की जाए, वो कम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को एन सी सी दिवस की भी शुभकामनाएं दी। वहीं विधायक निखिल मदान ने कार्यक्रम में उपस्तिथ भाजपा कार्यकताओं को महाराष्ट्र चुनावों में प्रचंड बहुमत से भाजपा के जीतने की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मदान, नरेश वर्मा, मुकेश बत्रा, पार्षद हरि प्रकाश सैनी, मुनीराम ठौलेदार, पुनीत राई, पार्षद प्रतिनिधि त्रिभुवन कौशिक, महेश लूथरा, देवेंद्र सैनी, संजय ठेकेदार, हवा सिंह वत्स, कुलदीप सैनी, सुरेश भारद्वाज, कुलदीप वत्स ,शुभम गर्ग, सुरेंद्र वशिष्ठ,शुभम शर्मा,निखिल दहिया,राहुल शर्मा,अंकित शर्मा, जुगल ज्योति , संदीप मलिक, अनुराग भारद्वाज, मनोज खत्री,गौरव कौशिक आदि लोग मौजूद रहे।

**सदस्यता**

**कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा के सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाने को लेकर भी चर्चा की**

## ट्रेडिंग में मुनाफा देने का झांसा देकर लाखों रुपये की राशि ऐंठी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः खरखौदा** थाना क्षेत्र के सेक्टर-23 निवासी व्यक्ति से सोशल साइट से संपर्क कर ट्रेडिंग में मुनाफा देने का झांसा देकर लाखों रुपये की राशि के ऐंठने के आरोप का मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने अलग-अलग छह खातों में 17.30 रुपये की राशि को ठग लिया। पीड़ित ने मामले को लेकर साइबर थाना पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

**ठग लिया**

**छह खातों में 17.30 रुपये की राशि को ठग लिया। साइबर थाना पुलिस को अवगत करवाया**

वार्ड नंबर-2 खरखौदा निवासी विकास सहरावत ने बताया कि करीब एक माह पहले सोशल साइट के जरिए गांधी नाम के व्यक्ति से उसकी मुलाकात हुई। उसके बाद उसने यूएसडीटी के जरिए रुपये इनवेसमेंट के बारे में बताया। वह उसका पांच प्रतिशत रिटर्न की बात कही। उसके बाद वटसअप पर बातचीत कर सोलन बुलाया गया। मुलाकात के बाद यीएसडीटी व क्रिप्टो करेंसी में ट्रेडिंग के बारे में बताया गया। उसे लैपटॉप पर उसके नीचे काम करने वाले लोगों की प्रोफाइल से उसका प्रॉफिट दिखाया। उसके बाद उसे झांसा देकर अलग-अलग छह खातों में कुल 17.30 लाख रुपये की राशि को जमा करवा लिया गया। अब उसे कोई जवाब नहीं दिया जा रहा है, और न ही उसके रुपये वापिस किए जा रहे है।

## न्यूज फ्लैश

### शिक्षकों के लिए अंग्रेजी भाषा को लेकर लेक्चर का आयोजन



**पानीपत, (कमाल हुसैन)** एस डी वी एम सिटी स्कूल के प्रांगण में शिक्षकों के लिए अंग्रेजी भाषा को एक लेक्चर का आयोजन करवाया गया यह लेक्चर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने संबोधित किया । इस मौके पर राजीव परुथी ने स्कूल की मैनेजमेंट एवं प्रिंसिपल शिवानी जी का तहे दिल से धन्यवाद किया राजीव परुथी ने शिक्षकों को लेक्चर के माध्यम से काफी मुद्दों पर प्रकाश डाला जैसे अंग्रेजी भाषा का ज्ञान बहुत जरूरी एवं अंग्रेजी सीखने के आसान तरीका बताएं और आत्मविश्वास की भावना हमेशा जागृत रहे एवं टीचिंग स्किल्स और अपने आप को अपडेट रहने को कहां राजीव परुथी के अनुसार हर शिक्षक को सीखते रहना चाहिए सीखने की कोई उम्र नहीं होती शिक्षक को भी अपने अंदर बदलाव लाना चाहिए। राजीव के अनुसार जो शिक्षक समय के साथ अपने अंदर बदलाव लाता है वही बच्चों में बदलाव ला सकता है। इस मौके पर काफी टीचरों ने सवाल जवाब भी किया राजीव परुथी ने लेक्चर के माध्यम से उनके सवालों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया मौके पर सभी टीचरों ने राजीव परुथी का तहे दिल से धन्यवाद किया राजीव परुथी ने सभी को जोश एवं जुनून के साथ रहने को कहा राजीव ने लेक्चर के माध्यम से कहा शिक्षक ही देश का निमार्ता होता है हर शिक्षक को हर दिन कुछ नया सीखते रहना चाहिए, एवं बच्चों को पढ़ने के तरीके के अंदर बदलाव लाना चाहिए आज की युवा पीढ़ी को समझने का तरीका उसके जैसा ही होना चाहिए। पुराने विचारों एवं पुराने तरीके को छोड़कर हमें नए तरीके को अपनाना चाहिए आज की युवा पीढ़ी को एवं छोटे बच्चों को नए ढंग पसंद है उनके साथ फैमिली होकर उन्हें पढ़ना चाहिए राजीव के अनुसार हमें कहानियों का ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए एवं अपने एक्सपीरियंस के माध्यम से बच्चों को ज्ञान देना चाहिए और बच्चों के अंदर अमीरी एवं गरीबी के ज्ञान को ढंग से बताना चाहिए उन्हें बताना चाहिए की गरीब वह है जिसके पास ज्ञान नहीं है राजीव ने कहा पैसा ना होना गरीबी नहीं ज्ञान ना होना गरीबी है। इस मौके पर रितु, पलक, नीरू, इशा, शक्ति ,राहुल, सुरभि, मोहित, सीमा ,प्रीत आदि मौजूद रहे।

### संविधान दिवस पर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी बनेगी आकर्षण का केन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीमद्भगवद गीता सदन (ऑडिटोरियम) में 26 नवम्बर को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय संविधान दिवस कार्यक्रम में लगने वाली संविधान प्रदर्शनी स्थल का कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने रविवार को निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा सभागार में उपस्थित शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को विशेष उद्बोधन देंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने रविवार को श्रीमद्भगवद् गीता सदन (ऑडिटोरियम) में प्रदर्शनी स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया व अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# सामाजिक कार्यों में ब्रह्माकुमारीज का योगदान सराहनीय: पंवार

## सामाजिक सरोकार में ब्रह्मकुमारीज संस्थान की रहती है अग्रणी भूमिका: कृष्ण लाल पंवार

**उत्सव**

**▶▶ यह समाज में फैल रही बुराइयों को दूर करने में बहुत अहम योगदान दे रहा है: पंवार**




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**थिराना** के पास स्थित ब्रह्मकुमारी के ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर का वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित किया। इस अवसर पर ब्रह्मा कुमारीज ज्ञान मानसरोवर निदेशक बीके भारत भूषण, हुड्डा सेवा केंद्र संचालिका बीके सुनीता व बीके बिंदु मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

प्रदेश के विकास पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि समयझसमय पर ब्रह्मा कुमारीज के ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर में अनेक ऐसे कार्यक्रम होते हैं जो समाज में भिन्न-भिन्न समुदाय और विभिन्न वर्ग के लोगों को जागरुक करते हैं। इस बात को नकारा नहीं जा सकता की सामाजिक कल्याण के कार्यों में ब्रह्मकुमारीज का अहम योगदान है, जो कि अति सराहनीय है। कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि ब्रह्माकुमारी अध्यात्म का एक उच्च संस्थान है। यह समाज में फैल रही बुराइयों को दूर करने में बहुत अहम योगदान दे रहा है। उन्होंने इस संस्थान की खुले मन से प्रशंसा भी की। उन्होंने कैम्पस में बनने वाले मनमोहिनी भवन निर्माण हेतु सहयोग देने के लिए भी कहा।

ब्रह्माकुमार भारत भूषण ने अपने वक्तव्य में कहा कि कोई भी कार्य हमेशा परमात्मा की याद से शुरू करना चाहिए। क्योंकि ईश्वर की याद में रह किए गए कार्य में सफलता अवश्य मिलती है और कर्म करते भी बीच-बीच में परमात्मा का जरूर आह्वान करें।रिट्रीट सेंटर में होने वाले किए गए कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इस वर्ष करीब 12 कार्यक्रम बड़े स्तर पर हुए जिनमें महिला सशक्तिकरण, युवा जागृति एव शिक्षक दिवस पर बहुत बड़े स्तर पर कार्यक्रम किया जिसमें जिले भर से सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों से सैकड़ो शिक्षकगण पधारे। सैकड़ो की संख्या में उपस्थित ब्रह्मावत्सों के बीच कार्यक्रम में अखिल भारतीय सैनी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामभज सैनी, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं करण सिंह अहलावत भी उपस्थित रहे । इस मौके पर बाल कलाकारों ने नशा मुक्त समाज बने विषय पर आधारित गीत पर नृत्य करके बहुत अच्छा संदेश दिया।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करनो वालों पर ट्रैफिक पुलिस सख्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर ट्रैफिक पुलिस सख्त नजर आ रही है,जगह जगह नाकाबंदी कर वाहनों की गहन जांच कर उलंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान भी किए जा रहे है। रविवार को जीटी रोड ट्रैफिक चौकी इंचार्ज शमशेर सिंह ने नेशनल हाइवे 44 पर गन्नौर फ्लाईओवर के पास नाकाबंदी कर वाहनों की गहनता से जांच कर की। इस दौरान प्रथम लाइन,प्रदूषण,रोंग साइड व बिना कागजो के दर्जनों वाहनों के चालान काटे। उन्होंने बताया कि नाकाबंदी के दौरान ब्लैक फिल्म लगे वाहन, बिना नंबर प्लेट तथा संदिग्ध वाहनों की गहनता से जांच की गई है। जिन वाहनों के कागजात पूरे नहीं पाए गए उन वाहनों के चालान काटे गए जबकि कुछ वाहन चालकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। वाहन चालकों को बिना नंबर प्लेट व मोटरसाइकिल पर मुंह पर कपड़ा बांधकर न चलाने की व सभी दस्तावेज साथ लेकर चलने की अपील की। ट्रैफिक चौकी प्रभारी शमशेर सिंह का कहना है कि नियम तोड़ने वालों पर सख्ती जारी रहेगी।

**सख्ती**

**▶▶ यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर ट्रैफिक पुलिस सख्त नजर आ रही है**

# वैरागन काशवी का हुआ तिलक समारोह, दो फरवरी को दिल्ली में होगी दीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** जिले के शहर रतिया में स्थित जैन स्थानक में रविवार को महासाध्वी श्री शिवाजी महाराज की शिष्या वैरागण काशवी जैन का तिलक रस्म समारोह भव्य रूप से मनाया गया। इस कार्यक्रम में महासाध्वी श्री ज्ञान प्रभा महाराज, महासाध्वी सुचारू महाराज एवं महासाध्वी सुब्रत प्रभा महाराज के सानिध्य में रतिया के अलावा टोहाना, नरवाना, उकलाना, बुढलाडा, सरदूलगढ़, हिसार तथा दिल्ली से भी सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सर्व प्रथम जैन सभा के प्रधान संजू जिंदल, अनिल जैन, सुरेश जिंदल, राजेंद्र मित्तल, राजेश जैन, निर्मल जैन, चंद्रसेन जैन, मोहन जैन, अरमनाथ जैन, अश्विनी जैन, मोनू जिंदल, राजकुमार जिंदल व महिला मंडल की तरफ से बबीता जिंदल, अनीता जैन ने वैरागण का तिलक रस्म किया और उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके बाद दूसरे शहरों से आए हुए जैन समाज के लोगों ने वैरागण का तिलक रस्म किया। इस अवसर पर जैन साध्वियों ने प्रवचन करते हुए कहा कि जैन समाज की दीक्षा ग्रहण करना खंडे की धार पर चलने के समान है।

# एनएसएस कोटे के तहत रोजगार की मांग को लेकर सौंपा मांग पत्र

**मांग**

**▶▶ विधायक कृष्णा गहलावत ने अवार्डियों को बधाई दी व आगे भी राष्ट्र सेवा में कार्यरत रहने का आह्वान किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई :** एनएसएस के क्षेत्र में परचम लहराने वाली राष्ट्रीय पुरस्कार अवार्डी मुरथल निवासी छात्रा राधा शर्मा , पूजा अंतिल,चटिया औलिया गाँव की योगिता सैन स्वयंसेविका ने नौकरी में प्रोत्साहन देने की मांग को लेकर मांग पत्र देकर मांग की । विधायक कृष्णा गहलावत ने अवार्डियों को बधाई दी व आगे भी राष्ट्र सेवा में कार्यरत रहने का आह्वान किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे इस दिशा में हर संभव मार्गदर्शन करेंगी। राई विधायक कृष्णा गहलावत को दिए ज्ञापन के दौरान तत्कालीन कार्यक्रम अधिकारी (एनएसएस) राष्ट्रपति अवार्डी डॉ ज्योति राज भी शामिल रही । राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता स्वयंसेविकाओं ने दिए मांग में सरकार से मांग की है कि प्रोत्साहन हेतु प्रदेश स्तर पर नौकरियों में प्रावधान किया जाए । मुरथल स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्रा रही लड़कियों ने वर्ष 2012, 2013 , 2016 में एनएसएस में हरियाणा का नाम राष्ट्र स्तर पर चमकाकर ग्रामीण अंचल का प्रतिनिधित्व किया। विधायक के माध्यम से अवार्डियों ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सामाजिक कार्यों में उनकी उत्कृष्ट भागीदारी के एवज में राज्य सरकार की रोजगार संबंधी विभिन्न योजनाओं के तहत भी उन्हें प्रोत्साहन दिया जाए। शैक्षणिक योग्यता के अनुसार सरकारी नौकरियों में एनएसएस कोटे के तहत शामिल किया जाए। दूसरे प्रदेशों की तर्ज पर एनएसएस राष्ट्रीय अवार्डियों को अन्य प्रोत्साहन प्रदान कर राष्ट्र सेवा का अवसर प्रदान किया जाए ताकि अधिक से अधिक युवा एनएसएस के क्षेत्र में भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित हो सकें। अवाडीयों के साथ उनके परिजनों में मुरथल निवासी सुरेश भारद्वाज,अंकित, मनोज भारद्वाज, गाँव मल्हा माजरा से डॉ सुखबीर दहिया, रणधीर, राजेंद्र, शाहजादपुर से सौरभ शर्मा, सुदेश मलिक , डीक्रस्ट मुरथल से प्रोफेसर राजबीर सिंह मौजूद रहे।

# महाराष्ट्र की जनता ने मोदी की नीतियों पर लगाई मोहर: पुनीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई:** जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में हुई भाजपा की प्रचंड जीत पर अपने कार्यालय में लड्डू बांट कर खुशी मनाते हुए बताया कि महाराष्ट्र की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों पर मोहर लगाई है। जिस कारण महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव परिणामों में भाजपा की जीत पर राई सहित हर जगह जश्न का माहौल बना हुआ है और यह भाजपा कार्यकताओं व महाराष्ट्र की जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस का कोई आधार नहीं रहा है और अब देश कांग्रेस मुक्त भारत की और एक कदम और आगे बढा है। इस मौके पर उन्होंने पार्टी की जीत की खुशी में जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई की अध्यक्षता में लड्डे बांटे और ढोल की थाम पर कार्यकर्ता थिरके। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में एनडीए की सरकार बनना देश में



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों का लोगों का लाभ मिलना है। महाराष्ट्र में हुए चुनावों के नतीजे शनिवार की घोषित हुए। जिसमें एनडीए को प्रचण्ड बहुमत मिला है।

इसी खुशी में पुनीत राई के नेतृत्व में भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने लड्डू बांटकर महाराष्ट्र में एनडीए की सरकार बनने की खुशी मनाई। उन्होंने सभी कार्यकताओं को बधाई देते हुए महाराष्ट्र की जनता जनार्धन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यकुशलता से जनता बहुत खुश है। महाराष्ट्र के चुनावी नतीजों में पूर्ण बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनी है। यह भारतीय जनता पार्टी के लिए बड़ी उपलब्धि है।

**खुशी जताई**

**▶▶ देश में कांग्रेस का कोई आधार नहीं रहा है और अब देश कांग्रेस मुक्त भारत की और एक कदम और आगे बढ़ा है**

# सुगरमिल पानीपत में हर्बल-ऑक्सीजन गार्डन बनाने का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडियचा**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**सुगर** मिल पानीपत में हर्बल-ऑक्सीजन गार्डन बनाने का शुभारंभ करते हुए सुगरमिल पानीपत के मैनेजिंग डायरेक्टर मनदीप कुमार ने बताया कि देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत के इतिहास विभाग में कार्यरत ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार के मार्गदर्शन व सहयोग से जल्दी ही हर्बल ऑक्सीजन गार्डन बनाने का काम पूर्ण हो जाएगा। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि सुगरमिल पानीपत में हर्बल-ऑक्सीजन गार्डन बनाने की



जिम्मेदारी सुगरमिल मैनेजिंग डायरेक्टर मनदीप कुमार के निमंत्रण पर मैंने स्वेच्छिक रूप से ग्रहण की है। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा मैनेजिंग डायरेक्टर मनदीप कुमार के नेतृत्व में 300 से अधिक पौधे रोपित किए जा चुके है जिनमे मुख्यरूप से बरगद, पीपल, नीम, बेहड़ा, हरड़, हारसिंगार, चम्पा, इंसुलिन, , अर्जुन,आँवला, कड़ीपत्ता,जामुन, आम, लिसोडा, ईमली ,सेब, अमरूद, अनार, जंगल जलेबी, कटहल, बांस, आड़ू, नाशपाती, बबुगोस, इमली, नागदोन,, तुलसी, मल्टी स्पाइसी, तेजपाल, गुड़हल, निम्बू, मौसमी, संतरा, अंजीर, काला व पीला बांसा आदि रोपित किए गए।

### बिजली कनेक्शन लगाने गई टीम के साथ मारपीट

**फतेहाबाद।** शहर के साथ लगते गांव दौलतपुर में रविवार को बिजली का कनैक्शन करने गई बिजली निगम की टीम और पुलिस कर्मचारियों के साथ गांव के कुछ लोगों द्वारा मारपीट करते हुए सरकारी काम में बाधा पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने एसडीओ की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम बड़ोपल के एसडीओ नगेन्द्र सिंह ने कहा है कि गत दिवस बिजली निगम की टीम पुलिस बल के साथ गांव दौलतपुर में प्रकाश कौर के बिजली कनेक्शन को करने के लिए गई थी।

# रेलवेओवर ब्रिज-अंडर ब्रिज निर्माण का टेंडर जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** अगवानपुर रेलवे फाटक के पास रेलवे ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज के निर्माण के लिए शेष बचे कार्य का करीब 11 करोड रुपए का रेलवे की तरफ से टेंडर जारी कर दिया है । रेलवे क्षेत्र में रेलवे लाइन क्रॉसिंग का रेलवे और ब्रिज का निर्माण कार्य का टेंडर में सोल कंपनी को दिया गया है। कंपनी की तरफ से आए अधिकारी यशपाल ने बताया कि कंपनी द्वारा रेलवे लाइन क्रॉसिंग का कार्य शुरू करने के लिए तैयारी शुरू कर दी हैं। ओवर ब्रिज के निर्माण का कार्य शीघ्रपुरा करने के लिए भगवानपुर वेगनर गांव की तरफ एचआरडीसी विभाग की तरफ से दिए गए एजेंसी के ठेकेदार बहुत



तेजी से कार्य कर रहे हैं ।

**कंपनी11 करोड़ के जारी टेंडर से रेलवे क्रॉसिंग का कार्य व अंडरपास का रास्ता बनाएगी:** उत्तर रेलवे द्वारा 11 करोड़ की लागत से में सोल कंपनी को दिए गए टेंडर में रेलवे लाइन क्रॉसिंग के निर्माण का कार्य व इसी के साथ में बना रहे रेलवे अंडर पास के आने-जाने के रास्ते के निर्माण का कार्य किया जाएगा। रेलवे क्रॉसिंग का टेंडर नहीं होने की वजह से अनुमान लगाया जा रहा था कि रेलवे और ब्रिज काफी देरी से शुरू होगा क्योंकि दोनों तरफ रेलवे और ब्रिज का एचआरडीसी विभाग द्वारा निर्माण का कार्य काफी पूरा कर दिया है।

रेलवे द्वारा अब 11 करोड़ का टेंडर किए जाने के बाद उम्मीद जग गई है अब जल्दी ही रेलवे ओवर ब्रिज व उसके साथ में बना रहे अंडरपास का निर्माण कार्य जल्दी ही पूरा हो जाएगा ।

**विकास कार्य**

**▶▶ अधिकारी यशपाल ने बताया कि कंपनी द्वारा रेलवे लाइन क्रॉसिंग का कार्य शुरू करने के लिए तैयारी शुरू कर दी**

# रक्तदान कर दूसरों की जान बचाना सराहनीय कार्य: अशोक अरोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा है कि शहीद हमारे गौरव हैं, जिनकी बदौलत आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। ऐसे शहीद की याद में रक्तदान कर दूसरों की जान बचाना सराहनीय कार्य है। वे गांव बारना में उमंग समाजसेवी संस्था द्वारा शहीद सुरेंद्र कुमार की याद में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर रहे थे। यहां पहुंचने पर अशोक अरोड़ा का संस्था के अध्यक्ष देवीलाल बारना के नेतृत्व में पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्यातिथि ने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की व शहीद के पिता रोणकी राम को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने रक्तदाताओं को बैज



लगाकर व सर्टिफिकेट भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान आयुष विभाग द्वारा आयोजित मैडिकल कैंप में डा. जगीर सिंह की टीम ने मरीजों का चैकअप किया व निशुल्क दवाईयां दी।

मुख्यातिथि अशोक अरोड़ा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम वीरों के कारण ही खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उनके बलिदान को कभी भुलाया नही जा सकता। उन्होने कहा कि उमंग समाजसेवी संस्था द्वारा शहीद सुरेंद्र कुमार की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन करना सराहनीय कार्य है। शहीद की याद में आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं में खूब जोश है जोकि सराहनीय है। उन्होने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि हमें सुरेंद्र कुमार जैसे वीरों की जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और देशभक्ति का जज्बा अपने दिल में जगाना चाहिए। संस्था के अध्यक्ष देवीलाल बारना ने संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि संस्था द्वारा बीते अनेकों वर्षों से सुरेंद्र कुमार का शहीद दिवस आयोजित किया जा रहा है। इसके अलावा संस्था द्वारा अनेकों समाजहित के कार्य किए जा रहे हैं। कोरोना कॉल में संस्था ने सभी आईसोलेशन सैंटरों में तैनात डॉक्टर, नर्सिंग स्टॉफ व सफाई कर्मियों को विशेष रूप से सम्मानित किया। सफाई अभियान, पौधारोपण अभियान, स्कूली बच्चों के साथ फेस टू फेस प्रोग्राम संस्था के मुख्य कार्यों में शामिल हैं। इस मौके पर धन्ना भगत स्कूल के पूर्व प्रधान सुभाष चंद, पूर्व सरपंच सतपाल सिंहमार, जिला परिषद के पूर्व सदस्य प्रतिनिधि राजेश, गांव घराड़सी के सरपंच प्रदीप कुमार, टेकचंद बारना, बलबीर शर्मा, चंद्रभान, लाभ सिंह कोच, राहुल, पवन कुमार, जोगिंद्र, रामपाल, कृष्ण गोपाल, गिरधर सहित अन्य ग्रामीण मौजद रहे।

**24 नवंबर 2001 को शहीद हुए थे सुरेंद्र कुमार**

संस्था के सदस्य राम नारायण, टेकचंद, जसबीर सिंह व सुखविंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज ही के दिन 24 नवंबर 2001 को जम्मू कश्मीर के कारगिल क्षेत्र में अपनी बटालियन के साथ सुरेंद्र कुमार खाना खा रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि क्षेत्र में आंतकी घुस गए हैं।

**रक्तदान महादान**

**▶▶ मुख्यातिथि ने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की व शहीद के पिता को शॉल भेंट कर सम्मानित किया**

# कुरुक्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए हजारों नागरिक करेंगे श्रमदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए हजारों नागरिक एक साथ श्रमदान करेंगे। यह स्वच्छता अभियान 27 नवंबर को चलाया जाएगा और इसके लिए थानेसर शहर को 18 सैक्टरों में बांटा गया है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा रविवार को केडीबी कार्यालय में केडीबी के सदस्यों के साथ स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श कर रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने केडीबी के मानद सचिव



उपेन्द्र सिंघल, कुरुक्षेत्र 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबडा, केडीबी सदस्य अशोक रोशा, डा.ऋषिपाल मथाना, सौरभ चौधरी, विजय नरुला, जिला परिषद के सीईओ अशोक मुंजाल, मंडल अध्यक्ष दीपक चौहान ने धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव से पहले स्वच्छ और सुंदर बनाने के विषय पर विस्तार से चर्चा की और थानेसर शहर को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के सुझाव के अनुसार 18सैक्टरों में विभाजित करने पर विस्तार से मंथन किया।

पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि समाजसेवी और धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को बेहतर बनाने पर चर्चा करने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की घोषणा की।

www.actionindialive.com
ACTION INDIA
youtube.com/actionindiatv
facebook.com/actionindialive
twitter.com/actionindianews

# पलकें ही पलके बिछाएंगे जिस दिन श्याम प्यारे घर आएंगे... पर झूमे श्यामप्रेमी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.), खाटू धाम कुरुक्षेत्र द्वारा शनिवार रात्रि गांव अभिमन्युपुर(अमीन) के राधाकृष्ण मंदिर के समीप धर्मशाला में श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और सचिव अटल शर्मा ने बताया कि आयोजक वनखंडी खाटू श्याम संघ के सदस्यों ने श्याम पूजन किया। श्याम जी को 56 भोग पकवान लगाए गए जिसे सभी भक्तों को प्रसाद रूप में वितरित



किया गया। श्याम भक्ति में चूर सभी ग्रामवासी खासकर वृद्ध महिलाएं मदमस्त होकर झूम उठे। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में गायक मेरठ से गायक आयुष कंसल,कैथल से बहादुर सैनी और बब्बू चावला ने श्याम भजनों से समां बांधा। साथ ही हनुमान जी के भी भजन सुनाए गए। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। कोई प्यार से मेरे श्याम को पुकारो..., पलकें ही पलके बिछाएंगे जिस दिन श्याम प्यारे घर आएंगे..., देना है तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ...,मेरे दुख के दिनों में वो बड़ा काम आता है....., सांवरी सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया... और मैं तेरी हो गई रे

**संकीर्तन**

**▶▶ राधाकृष्ण मंदिर के समीप धर्मशाला में श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित आयोजित किया गया**

सांवरिया सरकार... इत्यादि भजनों पर ताली बजाते हुए श्याम प्रेमी झूम उठे। भजनों के पश्चात श्याम जी को भोग लगाया गया। श्याम संकीर्तन में सभी भक्त भावविभोर होकर झूम उठे। चंदन का तिलक लगाकर पंक्तिबद्ध होकर सभी श्रद्धालुओं ने दरबार में माथा टेका। श्याम भक्तों से निवेदन किया कि कुरुक्षेत्र खाटू धाम मंदिर विस्तार हेतु करवाए जा रहे निर्माण कार्य में सभी तन- मन- धन से सहयोग करें। श्री श्याम आरती में श्री श्याम आरती में प्रधान सुभाष सुखीजा,उप प्रधान एल डी कंबोज,सचिव अटल शर्मा,कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा,राजेश मोदगिल,आशीष चोपड़ा, विनीत राजपाल, हेमंत भारद्वाज, राजू छाबड़ा,अशोक शर्मा, अशोक अरोड़ा,ललित अत्री, डॉ.घनश्याम शर्मा,सतीश कारसा, लवकेश शर्मा,जतिन शर्मा,विजय गुलाटी, डा.प्रवीण शर्मा, अनिरुद्ध,साहिल शर्मा,नरेश सैनी बिशनगढ़,जतिन सैनी बिशनगढ़,शेर सिंह शेरा,कृष्ण कुमार मौजूद रहे।

# मानव हित में रक्तदान पुण्य का कार्यः प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि मानव हित में रक्तदान बडे.ही पुण्य का कार्य है। रक्तदान द्वारा हम किसी व्यक्ति को नया जीवन प्रदान करने में महत्वपूर्ण सहयोग कर सकते हैं। वे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान की एनएसएस यूनिट व हार्ट हेल्प फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर का बतौर मुख्यातिथि उद्घाटन करते हुए बोल रहे थे। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने रक्तदानियों को बैज लगाकर शिविर का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि आजकल बदलते समय और प्राकृतिक असंतुलन के




अनुसार बीमारियां निरंतर बढ़ रही है जिसके कारण गंभीर बीमारी से लोगों को रक्त की कमी से जूझना पड़ रहा है। जब समय पर रक्त ना मिले ऐसे व्यक्ति अकाल मौत का शिकार भी हो जाते हैं। इसलिए मानव हित में इस सामाजिक एवं परोपकार के कार्य में केयू अपनी सजग सहभागिता के माध्यम से समाज कल्याण का संदेश दे रहा है। उन्होंने कहा कि युवा विद्यार्थी शिविर में रक्तदान कर अपना सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर रहे अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

इस अवसर पर यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद व विश्वविद्यालय अनुदान आयोग व अन्य शिक्षण उपक्रम के माध्यम से है कि समय-समय पर समाज में रचनात्मक कार्य के लिए दिशा-निर्देश मिलते रहते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### चार डी एस के अलावा कंपनी की बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

**गन्नौर।** नई 33 केवी सीगल लाइन के निर्माण के लिए रविवार को सुबह 9:00 से शाम 4:30 तक 33 के वी हसनपुर सब स्टेशन से फीडर बंद रहेगा । यह जानकारी बिजली विभाग के शहरी कार्यालय के एसडीओ सचिन दहिया ने दी। एसडीओ दहिया ने बताया कि 11 केवी जय काली माँ उद्योग, चरण-1 उद्योग, राजधानी फार्म उद्योग , पॉलिमर इंडिपेंडेंट , आईएचएम इंडिपेंडेंट, जैशिल सल्फर , गुरु माँ स्वतंत्र , कनोडिया स्वतंत्र, रामकृष्ण स्वतंत्र , डिवाइन सिटी इंडिपेंडेंट, इंद्रा कॉलोनी (लडसोर्ली गांव) बड़ी गांव के डी एस के अलावा रामनगर सनपेड़ा व पीपली खेड़ा के डी एस की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी ।

### कर्मचारी ने नुकीले हथियार से मालिक के ऊपर किया हमला

**गन्नौर।** ललहेड़ी रॉड पर एक कर्मचारी ने हिसाब को लेकर अपने मालिक के ऊपर नुकीले हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घायल ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में पुरखास निवासी महावीर ने बताया कि ललहेड़ी रोड पर उसकी कबाड़ी की दुकान है और उसके पास 6-7 व्यक्ति काम करते है। 21 नवम्बर की शाम को उसके पास काम करने वाले खुर्शीद ने हिसाब करने के लिए बुलाया। वह हिसाब करने के लिए खुर्शीद के पास गया तो खुर्शीद ने उसके साथ झगड़ा शुरू कर दिया। उसने विरोध किया तो खुर्शीद ने नुकीले हथियार से उसके ऊपर हमला कर घायल कर दिया। आरोपी से उसकी गर्दन व पेट पर कई वार किए और फरार हो गया। गन्नौर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### बिजली कर्मचारी का पिता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, मामला दर्ज

**गन्नौर।** दुभेटा गांव से एक बुजुर्ग व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने मामले की गुमशुदगी की शिकायत पुलिस को दी है। शिकायत में दुभेटा गांव निवासी अक्षय ने बताया कि वह गुरुग्राम में बिजली विभाग में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत है। उसके पिता बिजेंद्र 18 नवम्बर को घर से संदिग्ध परिस्थितियों में ला पता हो गए। उन्होंने अपने स्तर पर उनकी तलाश की, लेकिन कही पता नही चला। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### महिला की हत्या के मामले में अन्य की संलिप्तता का हुआ खुलासा

**सोनीपत**

**कुंडली** थाना क्षेत्र के प्याऊ मनियारी में हुई ममता की हत्या के मामले में गिरफ्तार प्रेमी से पूछताछ के बाद एक अन्य आरोपित सन्नी की संलिप्तता का पता लगा है। पुलिस ने अब दूसरे आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने मामले में गिरफ्तार आरोपित को रिमांड के बाद अदालत में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शिव कॉलोनी कुंडली निवासी सोनू यादव ने चार नवंबर को पुलिस को बताया था कि उनकी किराना की दुकान है। वह 3 नवंबर की रात करीब पौने ग्यारह बजे दुकान पर थे। तभी एक महिला दौड़ती हुई आई थी। उसे चाकू मारे गए थे। महिला उनकी दुकान के बाहर आकर अचानक गिर गई थी। महिला ने कहा कि मेरे पति ने मुझे चाकू मारे हैं। जिसे अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां महिला की मौत हो गई थी। छह दिन बाद महिला की पहचान बिहार के जिला मुजफ्फरपुर के गांव खनई निवासी ममता के रूप में हुई थी। महिला के किराये के कमरे से आमोद नाम के युवक का आधार कार्ड मिला था, जो बिहार के मुजफ्फरपुर के गुमरिया का रहने वाला था। ममता कुंडली में आमोद के साथ किराए पर रहती थी। पुलिस ने आमोद को गिरफ्तार कर लिया था। उसने बताया था कि ममता अपने पति महेश पंडित को छोड़कर उसके साथ रहती थी। आमोद को शक था कि वह किसी अन्य युवक से फोन पर बात करती है। उसने ममता को प्याऊ मनियारी स्थित मेले में ले जाने के बहाने से सुनसान जगह पर ले जाकर चाकू मार दिए थे। वारदात में उसके साथ उसके गांव का ही साथी सन्नी भी था। पुलिस अब आमोद के साथी सन्नी की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस ने मामले में आरोपित आमोद से वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है।

वारदात के बाद आरोपित भाग गए थे बिहारः वारदात के बाद आरोपित आमोद व सन्नी मुजफ्फरपुर भाग गए थे। पुलिस ने आमोद को गिरफ्तार कर लिया था। अब पुलिस उसके साथी की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि उसके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। उसे जल्द पकड़ा जाएगा।

# सीआईए-1 ने पकडी नशे की बड़ी खेप

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत अम्बाला पुलिस द्वारा अब तक 16 करोड़ 5 लाख रुपए से अधिक के मादक पदार्थो को बरामद कर 104 मामले दर्ज किए गए है। जिनमें से 32 मामले व्यवसायिक, 65 मामले माध्यमिक व 7 मामले निम्न मात्रा के दर्ज किए गए है। इन मामलों में 166 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल की सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है। इसी कड़ी में पुलिस अधिक्षक अम्बाला के निदेर्शानुसार




सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए दिनांक 22 नवम्बर 2024 को आरोपी जगतार सिहँ निवासी वार्ड नम्बर 14 गली नम्बर 01 पीर कालोनी कुराली व लखमीर सिहँ निवासी तोलामाजरा थाना सदर खरड जिला मोहाली पंजाब को 199 किलो 980 ग्राम चूरापोस्त, 5 किलोग्राम अफीम व ट्रक सहित काबू करके मुकदमा नं0 355 दिनांक 22 नवम्बर 2024 धारा 15 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत थाना पडाव में मामला दर्ज कर आरोपियों का माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 7 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया। अभी तक की पूछताछ में आरोपियों ने बतलाया कि यह मादक पदार्थ बिहार से लाया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी। 22 नवम्बर 2024 को सीआईए-1 अम्बाला को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थो की तस्करी का कार्य करते है।

**बरामद**

**▶▶ अब तक 16 करोड़ 5 लाख रुपए से अधिक के मादक पदार्थो को बरामद कर 104 मामले दर्ज किए गए है**

# सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट से ही करें सम्पर्क

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने कहा कि शिक्षा या घूमने के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रेवल एजेन्टों का शिकार बनकर लाखों रुपये गंवा बैठते हैं। लोगों को ऐसे फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की जरूरत है। विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं लें । पुलिस द्वारा विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जा रही । वीजा लगवाने के



नाम पर धोखाधड़ी के बढ़ रहे मामलों के मध्यनजर पुलिस द्वारा हेल्पलाइन नंबर 80530-03400 जारी किया गया है। विदेश भेजने या वीजा लगवाने के नाम धोखाधड़ी होने पर पीड़ित इस नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है।

# दहेज की मांग व भ्रूण जांच करवाने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः शहर** थाना क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने व भ्रूण जांच करवाने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायत दी। जिसमें जांच के बाद आरोपित ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सेक्टर-23 निवासी भारती ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2016 में नकुल गौतम के साथ हुई थी। उसी दौरान नोट बंदी होने के बावजूद परिजनों ने अपने स्तर पर दान दिया। वहीं दान स्वरूप चेक साइन करके कुछ राशि भी दी। उसके बावजूद ससुराल के सदस्य उसे मानसिक व शारीरिक तौर से प्रताड़ित करने लगे। वर्ष 2017 में वह गर्भवती हो गई। जिसको लेकर मुरथल रोड स्थित अस्पताल में भ्रूण जांच करवाई गई। ससुराल पक्ष इस संबंध में खुश नहीं था। रसोई घर में सरसों के तेल की बजाय तिल का तेल इस्तेमाल किया जाने लगा। साथ ही उसे फल के तौर पर पपीता खाने के लिए दिया जाने लगा। वही उसके पति ने बच्चा पैदा करने को लेकर असमर्थता जाहिर की। उसके बद उसकी तबीयत खराब हो गई। जांच करवाने पर गर्भ में बच्चा मर गया।

# स्पेन भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** जिला पुलिस ने स्पेन विदेश भेजने के नाम पर धोखाधडी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना शहर थानेसर के अन्तर्गत सेक्टर-7 चौकी पुलिस की टीम ने विदेश भेजने के नाम पर धोखाधडी करने के आरोप मे कमलदीप राणा पुत्र वीरभान वासी बांसा जिला करनाल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 11 नवम्बर 2024 थाना शहर थानेसर में दी अपनी शिकायत मेंवीरेंद्र सिंह पुत्र निशान सिंह वासी




खरकड़ा जिला कैथल ने बताया कि वह विदेश स्पेन जाना चाहता था। एस बारे में उसके दोस्त ने उसकी फोन पर कमलदीप राणा से बात कराई, जिसमे उसने बताया था कि वह विदेश भेजने का काम करता है तथा पैसे विदेश जाने के बाद लेते हैं। वह उनकी बातों में आ गया और उसके द्वारा मांगे गये कागजात, ओरिजिनल पासपोर्ट व 50 हजार रुपये उसको गुगल-पे के द्वारा दे दिए।

# दुकान के बाहर से बाइक चोरी

**सोनीपत : कुंडली** थाना क्षेत्र के गांव जाखौली में दुकान के बाहर से दो-पहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव जाखौली निवासी राहुल ने बताया कि वह दुकान से किसी काम के लिए प्याऊ मनियारी में गया था। दुकान के बाहर बाइक खड़ी करके सामान लेने के लिए चला गया। कुछ देर बाद वापिस आया तो बाइक गायब मिली।

अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

# 26 नवम्बर को मनाया जाएगा संविधान दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि देश के लोगों को संविधान के बारे में जागरूक करने के लिए 26 नवम्बर का दिन संविधान दिवस के रूप में मनाया जाएगा और इसके दृष्टिगत पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के साथ-साथ सामाजिक संस्थाओं को इस कार्यक्रम का हिस्सा बनाकर सफलता पूर्वक आयोजन करना हैं। इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने चण्डीगढ़ से आयोजित वीसी के माध्यम से संविधान दिवस के आयोजन को लेकर आवश्यक



दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर प्रदेश में विश्वद्यिालयों के साथ-साथ जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के सफलता पूर्वक आयोजन को लेकर बेहतर समन्वय के साथ कार्य करना है। उपायुक्त ने मुख्य सचिव को आश्वस्त किया कि कार्यक्रम के दृष्टिगत जो दिशा-निर्देश दिए गए है उनकी अनुपालना के तहत सभी कार्यो को किया जाएगा।

वीसी के उपरांन्त सम्बधिंत अधिकारियों की बैठक लेते हुए उपायुक्त ने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम को सरकारी कार्यक्रम न बनाकर सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की इसमें भागीदारी सुनिश्चित करनी हैं। कार्यक्रम के दौरान संविधान दिवस पर प्रवक्कताओं द्वारा संविधान विषय पर प्रकाश भी डाला जाएगा।

**तैयारी**

**▶▶ सामाजिक संस्थाओं को इस कार्यक्रम का हिस्सा बनाकर सफलता पूर्वक आयोजन करना हैं**

उपायुक्त ने कहा कि इसी दिन देश ने संविधान को स्वीकार किया था। जिसके चलते सामाजिक न्याय मंत्रालय ने 19 नवम्बर 2015 को फैसला लेते हुए हर साल 26 नवम्बर को देश में संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया हैं। संविधान के महत्वता बारे आमजन के साथ-साथ युवा पीढी को जागरूक करने का काम किया जाएगा।

# श्रमिक का रास्ता रोककर मारपीट करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः कुंडली** थाना क्षेत्र में घर से ड्यूटी पर जा रहे श्रमिक का रास्ता रोककर मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जाचं कर रही है। कुंडली निवासी नवीन कुमार ने बताया कि वह निजी कंपनी में कार्यरत है। वह गत 18 नवंबर को सुबह घर से ड्यूटी के लिए निकला था। रास्ते में मोटरसाइकिल सवार चार युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया। उसके बाद डंडों व लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। उसकी गाड़ी को तोड़ दिया। उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी मिल गई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी धर्मबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# लालचंद की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार, चाकू से किया था वार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

**पुलिस अधीक्षक** लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए टू पुलिस टीम ने लालचंद की हत्या के दो आरोपियों को शनिवार देर शाम भापरा रोड पर गढ़ीछाजू मोड़ से गिरफ्तार किया। चुलकाना निवासी लालचंद 36 की बीती 18 नवम्बर की देर शाम चुलकाना रोड पर जीए कॉलेज के पास चाकू से गोदकर हत्या की थी। आरोपियों की पहचान सोनू उर्फ धान व सन्नी उर्फ जिंद निवासी चुलकाना के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया की थाना समालखा में मृतक के चचेरे भाई प्रवीन पुत्र रणधीर निवासी चुलकाना ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था की उसके ताऊ का लड़का लालचंद उर्फ धोला दिवाना स्थित पालीवाल फैक्ट्री में काम करता था। लालचंद 18 नवंबर की देर शाम करीब 8 बजे साथी अंशु व शुभम के साथ फैक्ट्री से काम कर घर लौट रहा था। तीनों किवाना मोड़ से जीए कॉलेज के पास पहुंचे तो पहले से खड़े सोनू उर्फ धान, सन्नी उर्फ जिंद ने अपने दो तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर लालचंद को पकड़कर कर छाती व पीठ पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। सूचना पाकर वह मौके पर पहुंचा और लालचंद को इलाज के लिए आर्टियोस हॉस्पिटल लेकर गया।



जहा डॉक्टर ने चेक कर लालचंद को मृत घोषित कर दिया। थाना समालखा में प्रवीन की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया गिरफ्तार आरोपी सोनू उर्फ धान व सन्नी उर्फ जिंद ने अपने साथी आरोपी सोनू उर्फ बागा निवासी चुलकाना व अमन उर्फ भीम निवासी पट्टीकल्याणा के साथ मिलकर लालचंद की हत्या करने बारे स्वीकारा। पूछताछ में आरोपी सोनू उर्फ धान ने पूछताछ में पुलिस को बताया लालचंद उर्फ धोला ने उसके साथ किसी बात को लेकर काफी बार झगड़ा किया था। जिसकी रंजिश रखते हुए उसने अपने उक्त तीनों साथी आरोपियों के साथ मिलकर साजिश रचकर लालचंद की चाकू से गोदकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया। प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि गहनता से पूछताछ करने व वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद करने के लिए पुलिस ने रविवार को दोनों आरोपी सोनू उर्फ धान व सन्नी उर्फ जिंद को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।

**काबू**

**▶▶ बीती 18 नवम्बर की देर शाम चुलकाना रोड पर जीए कॉलेज के पास चाकू से गोदकर हत्या की थी**

# जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था जनहित में कर रही है सार्थक प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था के सार्थक प्रयासों से अन्नपूर्णा रसोई के विशेष सहयोग से श्रीमान लखविंदर सिंह सुप्रसिद्ध भजन गायक निवासी झांसा रोड कुरूक्षेत्र ने सुपुत्र के जन्म दिवस के उपलक्ष में एलएनजेपी सरकारी अस्पताल कुरुक्षेत्र में दाखिल मरीजों और उनके सहायकों के लिए भोजन की सेवा दी। संस्था ने मददगार हाथों को सैल्यूट और बेटे को उज्जवल भविष्य की मंगलमय शुभकामनाएं। जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था के सस्थापक मास्टर जितेंद्र संस्था के सभी पदाधिकारियों के साथ




समाजसेवा में दिन-रात लगे रहते हैं। जरूरतमंदों, बेसहारा रोगियों की मदद करना, गरीब कन्याओं की शादी करवाना, रक्तदान शिविर लगाना, विकलांग रोगियों को व्हीलचेयर मुहैया करवाना, रेन बसेरों में असहाय लोगों को सर्दी से बचाने के लिए रजाई व कम्बल उपलब्ध करवाना, प्रशासन के हर कार्य में सहयोग करने के लिए सदैव तैयार रहना ही जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था की पहचान है।

नरेला के प्रसिद्ध गौसेवी राजेंद्र सिंघल ने किया

# छठ आयोजकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला विधानसभा के घोघा रोड स्थित सुरभि कृषि संस्थान में रविवार को भारत माता कल्याण प्रन्यास के महामंत्री और प्रसिद्ध गौसेवी राजेंद्र सिंघल ने छठ आयोजकों का स्वागत, अभिनंदन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में नरेला, बांकनेर, होलंबी, अलीपुर व बख्तावरपुर क्षेत्र के सभी छठ आयोजन समिति के पदाधिकारियों का भारत माता कल्याण प्रन्यास के महामंत्री राजेंद्र सिंघल ने माल्यार्पण कर और पटका पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

इस दौरान कलाकारों ने बिहार के लोक संगीत आदि की मधुर प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं, छठ पूजा समिति के पदाधिकारियों ने लोक आस्था के पर्व छठ महापर्व पर प्रकाश डाला। भारत माता कल्याण प्रन्यास के महामंत्री राजेंद्र सिंघल ने छठ आयोजन समितियों के पदाधिकारियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि आप सभी सनातन संस्कृति के वाहक है।

कार्यक्रम पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में भारत माता कल्याण प्रन्यास महामंत्री राजेंद्र सिंघल, राहुल सिंघल, इंद्रप्रस्थ विश्व हिंदू परिषद संगठन महामंत्री सुबोध कुमार, किसान मोर्चा दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विनोद सहरावत, पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, पूर्व डिप्टी मेयर डा. अर्चना,पूर्व निगम पार्षद केशरानी खत्री,अवध किशोर त्रिपाठी,दीपक साह, संतोष झा, दयानंद चौरसिया,अशोक प्रधान, सुनील शर्मा, आनन्द कर्ण, सुनील साह, हरेराम मंडल, ओम प्रकाश, सुदामा,दिलीप सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## लाल बाग में जनता संग भाजपाइयों ने सुनीं मोदी के मन की बात





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भारत** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 158वें एपिसोड़ में देश की जनता को संबोधित करते हुए अपने मन की बात रखी। इस दौरान पूरे देशभर में भाजपाइयों के अलावा लाखों आम जनमानस ने भी मोदी के मन की बात को ध्यान से सुना। इस दौरान मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित संगम पार्क वार्ड नंबर-67 के लाल बाग में भाजपाइयों द्वारा अलग-अलग जगह पर मोदी के मन की बात सुनने का कार्यक्रम रखा गया। क्षेत्र के लाल बाग के रामलीला मैदान में भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता अनूजा कपूर के नेतृत्व में मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष राजकूमार भाटिया, राजन धीवान संयोजक मॉडल टाउन विधासभा, हरीश असडी पूर्वांचल मोर्चा प्रभारी चांदनी चौक जिला, सुशील जोंटी निगम पार्षद, वीरपाल सिंह प्रधान संगम पार्क मंडल, रंजना महिला मोर्चा अध्यक्ष संगम पार्क मंडल। इसके अलावा लाल बाग के मोजी वाला बाग में जिला चांदनी चौक से पूर्वांचल मोर्चा प्रभारी हरीश असडी के नेतृत्व में मोदी के मन की बात के कार्यक्रम को सुना गया।

## पर्दे के पीछे रहकर शिव प्रकाश ने तैयार की रणनीति



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: महाराष्ट्र** में महायुति ने बड़ी जीत के साथ सत्ता पर वापसी की है। जीत की इस जमीन को तैयार करने में भाजपा के राष्ट्रीय सह महामंत्री संगठन शिव प्रकाश की बड़ी भूमिका रही है। वह पर्दे के पीछे रहकर लगातार रणनीति बनाने में जुटे रहे। संघ और भाजपा के बीच समन्वय का काम किया और इस ऐतिहासिक जीत की बुनियाद रखी।
शिवप्रकाश ने लगातार पूरे सूबे का दौरा कर संगठन को मजूबत किया। महाराष्ट्र में बड़े नेताओं के बीच समन्वय में भी उनकी बड़ी भूमिका रही। शिव प्रकाश महाराष्ट्र के साथ-साथ मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के भी प्रभारी हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा की जीत के बाद उन्होंने महाराष्ट्र में डेरा जमा दिया। मुंबई उनका केंद्र है वह लगातार छोटी-छोटी बैठकें और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करते रहे।
कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक को भाजपा के आला नेतृत्व तक पहुंचाने का काम भी शिव प्रकाश ने किया। इससे पहले वह पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अपनी रणनीतिक समझ दिखा चुके हैं। मूल रूप से यूपी के मुरादाबाद के रहने वाले शिव प्रकाश पहले संघ के क्षेत्र प्रचारक रहे हैं। संघ से संबंध के साथ-साथ माइक्रो मैनेजमेंट और बोथ मैनेजमेंट में उन्होंने महारत हासिल की है।

## प्रदूषण के प्रकोप से हांफी दिल्ली, आप सरकार फेलः माधव प्रसाद



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित संगम पार्क से भाजपा के पूर्व निगम पार्षद व सिविल लाइन जोन चैयरमेन माधाव प्रसाद ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी होने के साथ सबसे प्रदूषित शहर भी है। माधव ने कहा कि अक्टूबर की शुरूआत से लगातार प्रदूषण बढ़ रहा है जिस पर अरविंद केजरीवाल की रहनुमाई वाली आतिशी सरकार नियंत्रण पाने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। इसके साथ ही गैस चैंबर बनी राजधानी में स्वास्थ्य आपातकाल की स्थिति उत्पन्न होने के लिए दिल्ली सरकार जिम्मेदार है।
उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष केजरीवाल सरकार और अब आतिशी सरकार प्रदूषण के लिए कोई सकारात्मक काम करने की बजाय प्रदूषण के लिए दूसरों को जिम्मेदार ठहराती आई है।
उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का प्रदूषण मुक्त अभियान दिल्ली प्रदूषण मुक्त बनाएंगे और रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ, विशेष जल छिड़काव अभियान 70 एंटी स्मॉग गन, स्मॉग टावर, धूल प्रदूषण के विरुद्ध, पानी छिड़काव अभियान कई योजनाओं को लागू करने के बावजूद दिल्ली में ग्रेप 4 लागू करने की नौबत आ गई है। अब सवाल यह खड़ा होता है कि दिल्ली वालों के स्वास्थ के लिए और प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली सरकार ने पूरे साल में क्या कदम उठाए हैं।
माधव प्रसाद ने कहा कि दिल्ली सरकार पिछले दस सालों से बस आरोप-प्रत्यारोपों के मे लगी हुई है, केजरीवाल सरकार व अब अतिशी सरकार को दिल्ली की जनता से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर अतिशी सरकार को दिल्ली के लोगों की चिंता होती तो आज दिल्ली में सांसो की आपातकाल परिस्थिति नहीं होती और दिल्ली की तस्वीर कुछ अलग ही होती, इसका मतलब साफ है आम आदमी पार्टी प्रदूषण रोकथाम के लिए सिर्फ खाना पूर्ति कर रही है।

## जनरल ड्यूटी मेडिकल अफसरों की होगी नियुक्ति



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली सरकार के विभिन्न अस्पतालों में उनके रिक्त पदों के अनुसार 232 जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर की तैनाती को मंजूरी दे दी है। इन डॉक्टरों की नियुक्ति यूपीएससी से की गई थी, जोकि सक्सेना द्वारा उपराज्यपाल का पदभार संभालने के बाद इन पदों को भरने के लिए किए गए ठोस प्रयासों और उनके दिए निर्देशों का परिणाम हैं। ग्रुप 'ए' अधिकारियों के रूप में नियुक्त इन अधिकारियों की पोस्टिंग एनसीएसएसए के माध्यम से की गई है और इन्हें लोक नायक, राजा हरीश चंद्र, लाल बहादुर शास्त्री, दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों और विभिन्न कार्यालयों में तैनात किया जाएगा। उम्मीद है कि इन नियुक्तियों से स्थायी डॉक्टरों की नियुक्ति में पिछले कई वर्षों से हो रही अत्यधिक देरी और आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा एडहॉक तरीके से संविदा के आधार पर नियुक्तियों पर ध्यान केंद्रित करने से जो स्थिति उत्पन्न हुई थी, उससे राहत मिलेगी।

## आप विधायक वीरेंद्र कादियान के घर पर भाजपा का प्रचंड प्रदर्शन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश लीगल सेल के सह-संयोजक भुवन करण सिंह तंवर के नेतृत्व में दिल्ली कैंट विधानसभा के सदर बाजार में एक प्रचंड प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस प्रदर्शन में सैकड़ों बीजेपी कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी और दिल्ली कैंट के विधायक वीरेंद्र कादियान के खिलाफ तीखा विरोध जताया। इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य कादियान और मुख्यमंत्री अतिशी मारलेना से इस्तीफे की मांग करना था, जिनके खिलाफ गंभीर आरोप लगे हैं। तंवर का आरोप है कि विधायक कादियान ने पिछले पांच सालों में दिल्ली कैंट क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य नहीं किया, और उनके परिवार के खिलाफ भी गंभीर आपराधिक आरोप हैं।
**मुख्य आरोपः विधायक के बेटे के खिलाफ आपराधिक गतिविधियांः** प्रदर्शन में शामिल नेताओं और कार्यकर्ताओं ने यह आरोप लगाया कि विधायक वीरेंद्र कादियान के बेटे के खिलाफ मारपीट करने के आरोप में थाना किशनगढ़ में एफआईआर (क्र. 291/2024) दर्ज की गई है, जिसमें वह अवैध गतिविधियों में लिप्त है। प्रदर्शनकारियों ने विधायक कादियान और उनके परिवार के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। साथ ही, कादियान से इस्तीफा देने की भी अपील की गई।
**विकास कार्यों की कमी और विधायक निधि का दुरुपयोगः** तंवर ने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों में दिल्ली कैंट क्षेत्र में कोई नया विकास कार्य नहीं हुआ है।
स्थानीय लोग बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित हैं। एक प्रमुख सवाल जो सामने आया है वह यह था कि विधायक निधि का क्या हुआ? जनता यह जानने के लिए उत्सुक है कि विधायक निधि का उपयोग कहाँ और कैसे हुआ। विधायक कादियान पर यह आरोप भी है कि उन्होंने इस निधि का दुरुपयोग किया है, जिससे क्षेत्र के विकास के लिए निर्धारित धन का सही उपयोग नहीं हो सका।
**बुनियादी सुविधाओं की घोर कमी:** तंवर ने यह भी आरोप लगाया कि विधायक कादियान ने दिल्ली कैंट में नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने में पूरी तरह से विफलता दिखाई है। खासकर वृद्धजनों, विधवाओं और विकलांग व्यक्तियों के लिए सरकारी पेंशन योजनाओं का लाभ नहीं दिया गया।

## बुराड़ी विधानसभाः जनता मांगे विधायक संजीव झा से दस सालों का हिसाब

**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्र सिंह**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली की ऐतिहासिक बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने विधायक संजीव झा को सवालों के कटघरे में खड़ा करते हुए उनसे पिछले दस साल के कार्यकाल में क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर हिसाब मांगा है। क्षेत्र की जनता में विधायक संजीव झा के खिलाफ गहरा रोष व्याप्त है। इतना ही नही क्षेत्र की जनता का कहना है कि विधायक संजीव झा हर पांच वर्षों में क्षेत्र में विकास कार्यों का खाका पेश करते हैं, लेकिन पिछले पांच वर्षों में एक भी विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने में नाकाम साबित हुए हैं। यहीं कारण है कि फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव में क्षेत्र की जनता विधायक संजीव झा को सबक सिखाने की बात कर रही है।
**वादों पर खरे नहीं उतरे विधायक संजीव झा**
क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पांच वर्ष पूर्व भी विधायक संजीव झा ने क्षेत्र के विकास को लेकर लोगों से तमाम वादे किए थे, लेकिन वो पांच साल का कार्यकाल तो पूरा हो गया लेकिन विकास ज्यों का त्यों रहा।
इतना ही नहीं क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि विधायक संजीव झा चुनाव के दौरान ही नज़र आते है या फिर पोस्टरों में पोस्टरबाज़ी करते हुए। वहीं लोगों ने बताया कि बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र का विकास केवल कागज़ों मे ही सिमट कर रह गया है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि पिछले दस साल से लगातार आम आदमी पार्टी से विधायक रहे संजीव झा ने कभी भी क्षेत्र में आकर यह नही देखा है कि क्षेत्र के लोगों को क्या समस्या है क्या नही।






**दीपक गुप्ता,दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष, जदयू:** बस स्टैंड के अभाव में बस से सफ़र करने वाले मुसाफिर बेबस हो गए है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग की लापरवाही व क्षेत्रीय विधायक संजीव झा की कामचोरी के चलते तेज बारिश और तपती धूप में यात्रियों को खुले में खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। बुराड़ी चौक से लेकर मुखमेल पुर तक लगभग दस किलोमीटर के तक बस स्टैंड के अभाव में आज भी सैकड़ों लोग प्रतिदिन सड़क की बीच में खड़े रहकर बसों का इंतजार करने पर विवश हैं।



**गुलाब सिंह राठौर, निगम पार्षद मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8:** फ्लड़ के नाले पर सालों से कार्य चल रहा है जो कि अजतक पूरा होने में नहीं आ रहा है। विधायक संजीव झा की लापरवाही और दिल्ली सरकार की कामचोरी के चलते बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र की हालत दयनीय हो गई है। नतीजन ढ़ाक के तीन पात, मसलन की हर बार विधायक संजीव झा चुनाव में लोगों को झूठे आश्वासन देकर मामले को ठंढे बस्ते में डालकर बड़ी ही चतुराई से कन्नी काट लेते हैं लेकिन इस चुनाव में ऐसा नहीं होगा।



**श्याम सिंह, पूर्व निगम प्रत्याशी मुकुंदपुर वार्ड, कांग्रेस:** जहां एक ओर तो बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के लोग बुनियादी सुविधाओं को लेकर त्रस्त है तो वहीं मुकुंदपुर वार्ड के लोग नारकीय जीवन जीने को विवश हो गए हैं। पिछले दस सालों में विधायक संजीव झा ने मुकुंदपुर में एक भी सामुदायिक भवन नहीं बनवाया है तो वहीं सार्वजनिक शौचालय बनवाने की ओर न तो विधायक ने ध्यान दिया है और न ही निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने कभी जहमत की है शौचालय बनवाने की।



**डा.देवेंद्र चौधरी, प्रधान तोमर कॉलोनी:** क्षेत्र में पिछले कई सालों से सार्वजनिक शौचालय की कमी यहां के दुकानदारों को काफी खल रही है। शौचालय का न होना यहां के बाहरी दुकानदारों के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं है, क्योंकि उन लोगों को शौचलय के लिए दूर-दराज के खाली पड़े हुए प्लॉटो में जाना पड़ता है जिस वजह से जहां एक ओर तो खुले में शौच करने से गंदगी फैल रहीं है तो दूसरी ओर वहां से गुजरने वाली महिलाएं खुद को असहज़ महसूस करती हैं।

## लगातार तीन टी20 शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने तिलक वर्मा

एजेंसी

**राजकोट।** भारत के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने हैदराबाद के लिए मेघालय के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के उद्घाटन मैच में अपने विस्फोटक शतक के बाद एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। वह पुरुष या महिला क्रिकेट में लगातार तीन टी20 शतक लगाने वाले पहले क्रिकेटर बन गए हैं।उन्होंने 2007 में शुरू हुए टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी दर्ज किया। मैच के दौरान तिलक ने सिर्फ 67 गेंदों में 14 चौकों और 10 छक्कों की मदद से 151 रन बनाए। उनके रन 225.37 के स्ट्राइक रेट से आए। 22 वर्षीय तिलक ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घर से बाहर टी20 सीरीज के दौरान, सेंचुरियन में 107* और जोहान्सबर्ग में नाबाद 120 रन बनाकर टूर्नामेंट में प्रवेश किया। वह द्विपक्षीय श्रृंखला में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' बने, उन्होंने चार मैचों में 140.00 की औसत और लगभग 199 के स्ट्राइक रेट से 280 रन बनाए। वह टी20 क्रिकेट में 150 से अधिक का स्कोर बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी भी बने। महिला क्रिकेट में, महाराष्ट्र की ओर से खेल रही किरण नवगिरे ने 2022 में सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में नागालैंड की ओर से खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 162 रन बनाए थे। तिलक ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए तेज गेंदबाज डिप्पू संगमा की 18 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने एमसीए में पिछला सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाया था, उन्होंने 2019 में सिक्किम के खिलाफ मुंबई के लिए 71 गेंदों में सात चौकों और 15 छक्कों की मदद से 147 रन बनाए थे।

## भारत के खिलाफ एकदिनी श्रृंखला के लिए हीली को आराम, ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगी ताहलिया मैकग्राथ

**नई दिल्ली।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने भारत के खिलाफ आगामी तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा कर दी है। चोट के कारण कप्तान एलिसा हीली को आराम दिया गया है, उनकी अनुपस्थिति में ताहलिया मैकग्राथ टीम की कप्तानी करेंगी। हीली घुटने की चोट से उबर रही हैं, जो उन्हें महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) मैच के दौरान लगी थी और उम्मीद है कि अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए वह फिट हो जाएंगी। अब तक साल का दूसरा भाग उनके लिए निराशाजनक रहा है, पैर की चोट के कारण वह आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के दूसरे भाग में नहीं खेल पाईं, क्योंकि उनकी टीम सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका से हार गई थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के परफॉर्मेंस हेड (महिला क्रिकेट) और राष्ट्रीय चयनकर्ता शॉन फ्लेगलर ने कहा, एलिसा हीली के भारत के खिलाफ सीरीज से बाहर होने का फैसला एशेज को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, न्यूजीलैंड सीरीज के लिए उनकी उपलब्धता अगले कुछ हफ्तों में स्पष्ट हो जाएगी।

## फिक्की करेगा खो खो फेडरेशन को 'इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड' से सम्मानित

**नयी दिल्ली।** भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया को खेलों में उनके सराहनीय योगदान के लिए 'इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड 2024' से सम्मानित करेगा। फिक्की ने खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया को 'बेस्ट नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन 2024' चुना है। यह पुरस्कार 14वें 'ग्लोबल स्पोर्ट्स समिट' के दौरान 30 नवम्बर को खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल को फिक्की फेडरेशन हाउस में प्रदान किया जायेगा। फिक्की द्वारा खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया को भेजे गए पत्र में कहा, खेलों में आपके उत्कृष्ट योगदान और बेमिसाल समर्पण ने न केवल उत्कृष्टता में बेंच मार्क स्थापित किया है बल्कि असंख्य खिलाड़ियों को जीवन में ऊंचाइयां छूने के लिए प्रेरित किया है यह पुरस्कार खो खो फेडरेशन के अथक परिश्रम, जूनून, उत्साह तथा देश के खेल मानचित्र में गहरी छाप छोड़ने के लिए प्रदान किया जायेगा। खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने फिक्की को इस पुरस्कार के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यह पुरस्कार प्राचीन भारतीय खेल के विकास और प्रोत्साहन के लिए खो खो फेडरेशन द्वारा किये गए सराहनीय कार्यों को पहचान है। उन्होंने कहा यह पुरस्कार से खो खो फेडरेशन को आगामी विश्वकप को बेहतरीन तरीके से आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

## अंतिम सेकेंड के रोमांच में गुजरात जाएंट्स ने तेलुगू टाइटंस को 31-28 से हराया

**नोएडा।** गुजरात जाएंट्स ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 71वें मैच में तेलुगू टाइटंस को 31-28 के अंतर से हरा दिया। गुजरात को 12 मैचों में तीसरी जीत मिली है जबकि टाइटंस को इतने ही मुकाबलों में पांचवीं हार मिली। गुजरात की जीत में प्रतीक दहिया (11), सोमबीर (3) और जीतेंद्र यादव हीरो बनकर उभरे। यह सोमबीर ही हैं जिन्होंने अंतिम रेड पर आशीष नरवाल को सुपर टैकल गुजरात की जीत पक्की की। आशीष ने सात अंक जुटाए जबकि विजय मलिक (15) ने शानदार खेल दिखाया लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी। अंक तालिका में अपनी स्थिति बदलने के लिए संघर्षरत जाएंट्स ने अच्छी शुरुआत करते तीन मिनट में हुए 4-1 की लीड ले ली लेकिन टाइटंस ने जल्द ही स्कोर 3-4 कर दिया। इसके बाद आशीष ने जीतेंद्र का शिकार कर स्कोर बराबर कर दिया।

# नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने दस खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए पंजाब एफसी को हराया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 अंतरराष्ट्रीय ब्रेक से लौट आई और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में मेजबान पंजाब एफसी पर 2-1 से जीत हासिल की। हाईलैंडर्स की जीत में स्पेनिश स्ट्राइकर गिलर्मो फर्नांडीज ने 15वें और स्पेनिश मिडफील्डर नेस्टर एल्बियाच ने 18वें मिनट में गोल किए। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के कप्तान व स्पेनिश सेंटर-बैक मिगुएल जाबाको को डिफेंस में मजबूत प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। आज घर में आधे समय तक एक ज्यादा खिलाड़ी से खेलने के बावजूद मिली हार से पंजाब एफसी के ग्रीक हेड कोच पैनागियोटिस डिलम्पेरिस निश्चित रूप से निराश होंगे। पंजाब एफसी सात मैचों में चार जीत और तीन हार से 12 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर बरकरार है। वहीं, हाईलैंडर्स द्वारा एक कम खिलाड़ी के साथ खेलकर शानदार जीत दर्ज करने से




स्पेनिश हेड कोच जुआन पेड्रो बेनाली जरूर प्रसन्न होंगे। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी नौ मैचों में चार जीत, तीन ड्रा और दो हार से 15 अंक लेकर तालिका में तीसरे से दूसरे स्थान पर आ गई है। मैच का पहला गोल 15वें मिनट में आया, जब स्पेनिश स्ट्राइकर गिलर्मो फर्नांडीज ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। एक जवाबी हमले में मोरोक्कन विंगर अलाएद्दीन अजारेई ने बॉक्स के अंदर घुसने के बाद बायीं तरफ से क्रॉस डालकर गेंद को सेंटर किया, जहां दौड़ कर पहुंचे गिलर्मो ने दाहिने पैर से गेंद को गोल लाइन के पार पहुंचा दिया, जबकि पंजाब एफसी के गोलकीपर रवि कुमार आगे की तरफ डाइव लगाकर क्रॉस रोकने की कोशिश जरूर की लेकिन विफल रहे। 18वें मिनट में स्पेनिश मिडफील्डर नेस्टर एल्बियाच ने गोल करके नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी की बढ़त को दोगुना करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। बाएं फ्लैंक से राइट-बैक बुआंथांग्लुन सामते ने बॉक्स के अंदर सटीक क्रॉस डाला, जिसे नेस्टर ने दाहिने पैर से शानदार वॉली लगाकर गेंद को टॉप लेफ्ट कॉर्नर के अंदर गोल जाल में उलझा दिया जबकि गोलकीपर रवि कुमार के पास बचाव का कोई मौका नहीं था। 88वें मिनट में क्रोएशियाई सेंटर-बैक इवान नोवोसेलेक ने गोल करके पंजाब एफसी को कुछ राहत पहुंचाते हुए स्कोर 1-2 कर दिया। दाहिनी तरफ से आए क्रॉस पर बोस्निया एंड हर्जेगोविना के विंगर अस्मिर सुल्जीक ने करारी वॉली लगाई, जिसे गोलकीपर गुरमीत सिंह ने बचा तो लिया लेकिन रिबाउंड पर गेंद छह गज के खतरनाक इलाके में रही और वहां मौजूद इवान नोवोसेलेक ने दाहिने पैर से गेंद को लेफ्ट कॉर्नर के अंदर भेज दिया। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को हाफ टाइम ब्रेक से ठीक पहले झटका लगा, जब लेफ्ट-बैक दिनेश सिंह को लियोनल ऑगस्टीन के खिलाफ अपने बॉक्स के बाहर फाउल करने के लिए रैफरी राहुल कुमार गुप्ता ने स्टॉपेज टाइम के दौरान 45+4वें मिनट में दूसरा येलो यानी रेड कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर किया। इसके बाद हाईलैंडर्स को दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

## एफएमएससीआई भारतीय राष्ट्रीय रैली स्प्रिंट चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा गुवाहाटी

एजेंसी

**गुवाहाटी।** दोपहिया वाहनों के लिए एफएमएससीआई इंडियन नेशनल रैली स्प्रिंट चैंपियनशिप (आईएनआरएससी) ईस्ट ज़ोन राउंड के लिए गुवाहाटी, असम में आयोजित की जाएगी। एनइएमए गुवाहाटी स्प्रिंट रैली नामक यह आयोजन, गुवाहाटी से 60 किलोमीटर दूर स्थित सुरम्य पीआरपी घाटी में होगा। रबर के बागानों के बीच में आयोजित यह रैली पहाड़ी इलाकों से होकर चुनौतीपूर्ण सवारी का वादा करती है, जिसमें खड़ी चढ़ाई और अचानक ढलान होती है, जो इसे सवारों के लिए एक वास्तविक परीक्षा बनाती है। यह आयोजन आईएनआरएससी-2डब्ल्यू के लिए क्वालीफाइंग राउंड के अंतिम दौर को चिह्नित करता है, जो इसे राष्ट्रीय चैम्पियनशिप खिताब हासिल करने का लक्ष्य रखने वाले प्रतियोगियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बनाता है। इस रैली में पूर्वोत्तर भारत से लगभग 80 प्रतिभागियों के आने की उम्मीद है। राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की 11 क्लासेस के अलावा, स्थानीय युवाओं के लिए एक अलग स्प्रिंट सपोर्ट रैली आयोजित की जाएगी, जिसमें आठ क्लासें होंगी, जिनमें से प्रत्येक को अपनी ट्रॉफी और पुरस्कार मिलेंगे। इस पहल का उद्देश्य युवा सवारों को रैली की दुनिया से परिचित कराना और उन्हें प्रतिस्पर्धी लेकिन सुलभ वातावरण में इस रोमांचक मोटरस्पोर्ट फॉर्म का अनुभव करने का मौका देना है। आईएनआरएससी के प्रमोटर फराद भथेना ने कहा, हम एफएमएससीआई इंडियन नेशनल रैली स्प्रिंट चैम्पियनशिप को पूर्वोत्तर और विशेष रूप से गुवाहाटी में लाने के लिए बेहद उत्साहित हैं, जो हमेशा से इस क्षेत्र में मोटरस्पोर्ट के प्रति उत्साही लोगों का केंद्र रहा है। यह राउंड सवारों के लिए एक रोमांचक चुनौती होने का वादा करता है, जिसमें अद्वितीय पहाड़ी इलाके और पीआरपी घाटी की अलग-अलग परिस्थितियाँ हैं।

## जॉर्जिया प्लिम्मर चोट के कारण शेष वर्ष के लिए क्रिकेट से बाहर

एजेंसी

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की युवा सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिम्मर चोट के कारण शेष वर्ष के लिए क्रिकेट मैदान से बाहर हो गई हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने रविवार को जारी बयान में यह जानकारी दी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि 20 वर्षीय खिलाड़ी को पिछले महीने भारत में एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान बाएं कूल्हे के जोड़ में दर्द का अनुभव हुआ था। न्यूजीलैंड से लौटने पर एमआरआई स्कैन और जांच से चोट की पुष्टि हुई। चोट का मतलब है कि प्लिम्मर क्रिसमस से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं होंगी। साथ ही अधिकांश हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड और ड्रीम 11 सुपर स्मैश घरेलू प्रतियोगिताओं को भी मिस करेंगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा कि जॉर्जिया को छह सप्ताह के आराम और पुनर्वास की आवश्यकता होगी तथा जनवरी में वह तीव्र गति से दौड़ने में पुनः वापसी करेंगी। व्हाइट फर्न्स के



मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि वह प्लिम्मर के लिए दुखी हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महत्वपूर्ण श्रृंखला से पहले उनका न होना निश्चित रूप से हमारे लिए नुकसानदायक है। उन्होंने कहा कि विश्व कप और भारत में उनकी हालिया सफलता के बाद यह निराशाजनक है कि वह वेलिंगटन ब्लेज और अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली श्रृंखला में उस फॉर्म को जारी नहीं रख पाएंगी। उन्होंने कहा कि जॉर्जिया अच्छी तरह से पुनर्वास करने और जल्द से जल्द वापस आने के लिए दृढ़ संकल्प है और हम उसके सुचारु रूप से ठीक होने की कामना करते हैं।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 26 नवंबर को आईसीसी की बैठक होने की संभावना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से अगले साल (2025) फरवरी और मार्च के महीने में होने वाली आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की तारीखों और स्थानों के लिए अगले सप्ताह एक आपात बैठक आयोजित करने की संभावना है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, बैठक मंगलवार (26 नवंबर) को होने की संभावना है, जहां बैठक का मुख्य उद्देश्य यह होगा कि क्या मार्की इवेंट पूरी तरह से पाकिस्तान में होगा या हाइब्रिड मॉडल में (जहां पाकिस्तान एक और देश के साथ टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, जो अभी तय नहीं हुआ है)। बैठक तब निर्धारित की गई थी जब आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को लिखित रूप से बताया था कि भारत चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगा, जो 2025 की शुरुआत में आयोजित की जाएगी। पीसीबी ने इस मुद्दे पर पाकिस्तान सरकार से परामर्श किया



और अपना रुख पेश करना चाह रहा है।हालांकि, पाकिस्तान बोर्ड ने कहा कि वे चाहते हैं कि भारत पाकिस्तान की यात्रा करे क्योंकि उनकी टीम 2023 में आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप के दौरान भी गई थी। पिछले साल, पाकिस्तान ने एशियाई ट्रॉफी की मेजबानी की थी, लेकिन यह एक हाइब्रिड मॉडल में आयोजित किया गया था, जिसमें भारत ने श्रीलंका में अपने मैच खेले थे। भारत और पाकिस्तान ने अपनी आखिरी द्विपक्षीय श्रृंखला 2012-13 में भारत में खेली थी, जो एक सफेद गेंद की श्रृंखला थी और अब ज्यादातर आईसीसी टूर्नामेंट और एशिया कप में खेलते हैं। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण, भारत 2008 के बाद से पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर रहा है, जब उन्होंने वहां एशिया कप खेला था। कट्टर प्रतिद्वंद्वियों ने अपनी आखिरी द्विपक्षीय श्रृंखला 2012-13 में भारत में खेली थी, जो एक सफेद गेंद की श्रृंखला थी गौरतलब है कि पिछले साल पाकिस्तान ने एशिया कप की मेज़बानी की थी, लेकिन टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में आयोजित किया गया था। भारत ने अपने मैच श्रीलंका में खेले थे।

# पर्थ टेस्ट : दूसरी पारी में भारत की मजबूत शुरुआत, यशस्वी-राहुल ने लगाया अर्धशतक, कुल बढत 218 रनों की हुई

एजेंसी

**पर्थ।** यहां पर्थ में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने भारत को शानदार शुरुआत दिलाई है। दोनों ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए भारत को अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया है। दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने बिना किसी नुकसान के 172 रन बना लिये हैं। यशस्वी जायसवाल शतक से केवल 10 रन दूर हैं और 90 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि केएल राहुल ने भी शानदार अर्धशतक लगाते हुए 62 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत की कुल बढ़त 218 रनों की हो गई है। ऑस्ट्रेलिया को 104 रनों पर समेटने के बाद भारत को यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने



शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया। हालांकि पिच भी पहली पारी की अपेक्षा दूसरी पारी में सपाट दिखी, जिसका भारतीय बल्लेबाजों ने पूरा फायदा उठाया। अब तक दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 172 रनों की साझेदारी हो चुकी है। इससे पहले जसप्रीत बुमराह के नेतृत्व में तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 104 रनों पर समेट दिया है। बुमराह ने 5 विकेट लिए। इसी के साथ पहली पारी के आधार पर भारत को 46 रनों की बढ़त मिली गई है। भारतीय टीम पहली पारी में केवल 150 रनों पर सिमट गई थी। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टॉर्क ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। स्टॉर्क के अलावा एलेक्स कैरी ने 21, ट्रैविस हेड ने 11 और मेकस्विनी ने 10 रन बनाए। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 5, हर्षित राणा ने 3 और मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट लिए। इससे पहले मैच में भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराश किया और पूरी टीम केवल 150 रनों पर सिमट गई। भारत की तरफ से नीतीश रेड्डी ने सर्वाधिक 41 रन बनाए। नीतीश के अलावा ऋषभ पंत ने 37 और केएल राहुल ने 26 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से जोश हेजलवुड ने 4, मिचेल स्टॉर्क, पैट कमिंस और मिचेल मॉर्श ने 2-2 विकेट लिए।

## टेस्ट गेंदबाजी औसत के मामले में दूसरे सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बने जसप्रीत बुमराह

एजेंसी

**पर्थ।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के पहले मैच में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों की सूची में जगह बनाई है।अपनी तेज गति के साथ, बुमराह ने पर्थ की पिच पर अपने तीखे स्पेल से आग लगा दी, जिससे पहली पारी में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ी इकाई हिल गई। बुमराह ने गेंद को अपनी इच्छा के अनुसार चलाकर पारी की गति निर्धारित की और भारत को एक अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया। अपने लुभावने स्पेल के साथ, बुमराह ने क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में सतह पर सबसे अच्छे गेंदबाजों में अपना नाम दर्ज कराया। कम से कम 150 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में, बुमराह दूसरे सबसे बेहतर गेंदबाजी औसत वाले गेंदबाज हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, 178 टेस्ट विकेटों के साथ, बुमराह का औसत 20.16 है, उनसे आगे इंग्लैंड के दिग्गज दाएं हाथ के तेज गेंदबाज सिडनी बार्न्स हैं, जिनका 16.43 का गेंदबाजी औसत है। अपने शानदार करियर के दौरान, बार्न्स ने सिर्फ 27 मैचों में 189 विकेट चटकाए। 30 वर्षीय भारतीय तेज गेंदबाज ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्टार एलन डेविडसन के 20.53 के शानदार टेस्ट गेंदबाजी औसत को पीछे छोड़ दिया।

# भारत ने स्पेशल ओलंपिक्स एशिया पैसिफिक बोचे और बॉलिंग प्रतियोगिता में जीते 25 पदक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और आरक्यूब मोनाड (जहां क्रमशः बोचे और बॉलिंग का आयोजन हुआ) में संपन्न हुई पहली स्पेशल ओलंपिक्स एशिया पैसिफिक बोचे और बॉलिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 25 पदक हासिल किए। भारतीय बॉलिंग दल ने 14 पदक जीते, जिसमें चार स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य शामिल है। जबकि बोचे टीम ने 11 पदकों में एक स्वर्ण, चार रजत और छह कांस्य अपने नाम किए। महिला बॉलिंग टीम का प्रदर्शन खासतौर पर प्रभावशाली रहा, जिसने भारत के चार स्वर्ण पदकों में से तीन पर कब्जा किया। श्रद्धा पटेल, नेहा सिंह, सिमरन पुजारा और संगीता नायक की चौकड़ी ने टीम इवेंट के फाइनल में मलेशिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद श्रद्धा और सिमरन ने नेहा और संगीता नायक को डबल्स इवेंट के फाइनल में हराकर टूर्नामेंट का अपना



दूसरा स्वर्ण पदक जीता। सिंगल्स इवेंट में नेहा ने फाइनल में श्रद्धा को हराकर डिवीजन-3 का स्वर्ण पदक जीता और टूर्नामेंट में तीन पदक अपने नाम किए। वहीं संगीता और सिमरन ने भी डिवीजन 1 और 2 में कांस्य पदक जीतकर अपना-अपना तीसरा पदक जीता। पुरुष वर्ग में, एकमात्र स्वर्ण पदक प्रकाश वाघेला ने डिवीजन-6 सिंगल्स में इभानन साहू को फाइनल में हराकर जीता। दोनों ने पहले डिवीजन-3 डबल्स में कांस्य जीता था, जबकि अंकित और निरुपम डे की जोड़ी ने डिवीजन 2 में कांस्य जीता। अंकित और निरुपम ने डिवीजन 5 और 8 में रजत पदक भी जीते। इन चारों खिलाड़ियों ने मिलकर टीम इवेंट में रजत पदक हासिल किया, जहां फाइनल में उनका सामना उज्बेकिस्तान से हुआ। बोचे में भारत का एकमात्र स्वर्ण पदक महिलाओं की डबल्स (आयु वर्ग 22-29) श्रेणी में आया, जहां जी. सुभाषिनी और प्रियंका ने ऑस्ट्रेलिया की आंद्रियास डुंडेस कैथरीन और टेगन ओ'कीफ को फाइनल में हराया। इस श्रेणी में इंडोनेशिया की गीथा लारासती और डोना फित्री रहमावतरी ने कांस्य पदक जीता।

पुरुषों के डबल्स वर्ग में कबीर प्रीतम बरुआ और एबेनिज़र डेविड की जोड़ी ने 22-29 आयु वर्ग में कांस्य पदक जीता। इसके बाद इन दोनों ने मंजुला और पूर्णिमा मदान के साथ मिलकर मिक्स्ड टीम 1 डिवीजन में एक और कांस्य पदक हासिल किया। मिक्स्ड टीम 2 डिवीजन में भारत के देवेश अग्रवाल, विलफ्रेड डिसूजा, प्रियंका और जी. सुबाशिनी की टीम ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की टीम के खिलाफ खेलते हुए रजत पदक जीता। सिंगल्स श्रेणी में भारत ने कुल सात पदक जीते। पूर्णिमा मदान और मंजुला ने महिलाओं की 30+ आयु वर्ग में एफओ4 और एफओ6 श्रेणियों में रजत पदक जीते, जबकि पुरुषों के एमओ2 (22-29 आयु वर्ग) डिवीजन में विलफ्रेड डिसूजा ने रजत पदक जीता।

# ब्लास्टर्स के गढ़ में धावा बोलने को तैयार चेन्नइयन एफसी

एजेंसी

**कोच्चि।** दक्षिण भारतीय प्रतिद्वंद्वियों के बीच रोमांच चरम पर होगा, जब केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नइयन एफसी रविवार शाम इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले के लिए यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में भिड़ेंगी। चेन्नइयन एफसी आठ मैचों में तीन जीत, तीन ड्रा और दो हार से 12 अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान पर है। केरला ब्लास्टर्स एफसी आठ मैचों में दो जीत, दो ड्रा और चार हार से आठ अंक लेकर तालिका में 10वें स्थान पर है। चेन्नइयन एफसी ने 16 गोल किए हैं, जो किसी भी सीजन में आठ मैचों के बाद उनका सबसे बड़ा स्कोर है। मरीना माचान्स ने प्रति मैच विपक्षी टीम के बॉक्स के अंदर औसतन 25.3 टच किए हैं। चेन्नइयन एफसी ने फरवरी 2024 में केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ पिछले मैच 1-0 से जीता था, जो कि ब्लास्टर्स के खिलाफ अपने पिछले सात मुकाबलों के



बाद आई थी।केरला ब्लास्टर्स ने अपने पिछले 15 घरेलू मैचों में से प्रत्येक में गोल किया है। आगामी मैच में एक गोल लीग के इतिहास में किसी भी टीम द्वारा घर पर सबसे लंबे समय तक गोल करने के बराबर होगा। केरला ब्लास्टर्स ने आईएसएल 2024-25 में सबसे अधिक पेनल्टी (5) गंवाई हैं, जबकि चेन्नइयन ने चार पेनल्टी दी हैं। केरला ब्लास्टर्स एफसी के स्वीडिश हेड कोच माइकल स्टाहरे ने कहा कि उनकी टीम को कुछ रक्षात्मक दिक्कतों को दुरुस्त करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हमने काफी गोल (16) खाए हैं और हमें इस समस्या का समाधान खोजने की जरूरत है। अगर हमने बहुत सारे गोल-स्कोरिंग अवसर भी गंवाएं होते तो स्थिति और भी खराब होती।

स्कॉटिश हेड कोच ओवेन कॉयल ने चेन्नइयन एफसी के समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त किया जो केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ मैच के लिए कोच्चि की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा, केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ अवे मैच के लिए कुछ सौ फैंस आएंगे। हम उनके आभारी हैं क्योंकि वे हर जगह हमारा समर्थन करते हैं। हम उनके चेहरों पर मुस्कान लाना चाहते हैं। बता दें कि दोनों टीमें आईएसएल में एक-दूसरे के खिलाफ 22 मैच खेली हैं। केरला ब्लास्टर्स एफसी छह बार जीती है जबकि चेन्नइयन एफसी ने सात मुकाबले जीते हैं। नौ मैच ड्रा रहे हैं।

# कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स और मैरीलैंड मावेरिक्स ने जीत के साथ किया यूएसपीएल सीजन 3 का आगाज

एजेंसी

**फ्लोरिडा (यूएसए)।** कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स और मैरीलैंड मावेरिक्स ने शानदार जीत दर्ज करते हुए यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) सीजन 3 की धमाकेदार शुरुआत की है। फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में आयोजित यूएसपीएल सीजन 3 के शुरुआती मैच में कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स ने कैरोलिना ईगल्स को 29 रनों से हराया, जबकि मैरीलैंड मावेरिक्स ने सीजन के दूसरे गेम में अटलांटा ब्लैककैप्स को 6 विकेट से हराकर जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए, गोल्डन ईगल्स ने नौमान अनवर के 64 और उन्मुक्त चंद के 63 रन की बदौलत 20 ओवर में 2 विकेट पर 197 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में कैरोलिना ईगल्स की ओर से शायन जहांगीर ने रन गति को बढ़ाने का प्रयास तो किया, लेकिन टीम लक्ष्य का पीछा करने में असफल रही। नौमान अनवर को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मैच में मैरीलैंड मावेरिक्स ने अटलांटा ब्लैककैप्स पर 6 विकेट से जीत दर्ज की। पहले गेंदबाजी करते हुए मावेरिक्स ने एहसान आदिल के 5 विकेट की बदौलत ब्लैककैप को 19 ओवरों में 128 रनों पर रोक दिया। इसके लिए आदिल को प्लेयर ऑफ द मैच की ट्रॉफी से नवाजा गया। जवाब में मावेरिक्स ने 18 गेंद शेष रहते लक्ष्य को हासिल करते हुए जीत के साथ




अपने अभियान की शुरुआत की। यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) सीजन 3 की शुरुआत फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में एक शानदार उद्घाटन समारोह के साथ हुई। समारोह के दौरान प्रशंसकों ने खुले दिल से सभी छह फ्रेंचाइजी कैरोलिना ईगल्स, अटलांटा ब्लैककैप्स, कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स, मैरीलैंड मावेरिक्स, न्यू जर्सी टाइटन्स और न्यूयॉर्क काउबॉय का अभिनन्दन किया। कार्यक्रम के दौरान सभी टीम के कप्तान और फ्रेंचाइजी मालिकों ने भी सीजन 3 के लिए अपनी तैयारी और रणनीति के बारे में भी विचार साझा किए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर मौजूद मेयर डेनिस ग्रांट, कमिश्नर जॉन हॉजसन, रिचर्ड कैंपबेल और लॉडरहिल शहर के रे मार्टिन और अन्य गणमान्य लोगों ने सभा को गर्मजोशी से संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका में जिस तरह से क्रिकेट को बढ़ावा मिल रहा है वो वास्तव में काबिले तारीफ है और हम पूरी तरह से यूएसपीएल को बढ़ावा देने में मदद करेंगे। इस दौरान यूएस प्रीमियर लीग के संस्थापक और अध्यक्ष जयदीप सिंह, यूएसपीएल के संस्थापक और अध्यक्ष संदीप सिंह ने लीग की यात्रा और आगे के दृष्टिकोण पर भी चर्चा की। जयदीप सिंह ने कहा, यूएस प्रीमियर लीग ने पिछले दो वर्षों में धीरे-धीरे अमेरिका और दुनिया भर में अपनी मजबूत पकड़ बनाई है। इसको और विस्तृत करने के लिए मैचों को 15 अलग-अलग टीवी और स्ट्रीमिंग प्लेटफार्मों पर 15 से अधिक देशों में दुनिया के सभी कोनों में प्रसारित किया जा रहा है। लीग एक वैश्विक खेल मीडिया ब्रांड बनने के अपने लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। लीग में प्रतिदिन ट्रिपल और डबल हेडर मुकाबले होंगे, ताकि दर्शकों का रोमांच बना रहे। वहीं 29 दिसम्बर को सेमीफाइनल मुकाबले और 1 दिसम्बर को ग्रैंड फाइनल खेला जाना है।

## मोदी की अगवानी के लिए निषादराज ने किया प्रस्थान

### योगी सरकार के प्रयास से महाकुम्भ की शोभा को और बढ़ाएगा अत्याधुनिक सुविधाओं वाला क्रूज

**दिव्य एहसास**

**▸▸ योगी सरकार श्रद्धालुओं को महाकुम्भ की नव्यता और भव्यता का दिव्य एहसास कराना चाहती है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को महाकुम्भ की नव्यता और भव्यता का दिव्य एहसास कराना चाहती है। इसी के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस बार का महाकुम्भ अभी तक के सभी कुम्भ से ज्यादा अलौकिक होने जा रहा है। पहली बार संगम क्षेत्र में निषादराज की उपस्थिति इसका उदाहरण है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले प्रयागराज के लिए वाराणसी से निकल चुका है। निषादराज क्रूज को भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) ने अपने कब्जे में लेकर वाराणसी से प्रयागराज की ओर रवाना कर दिया है। साथ ही इसके इंतजाम के लिए लगी टीम को तत्काल प्रभाव से सक्रिय भी कर दिया है।




अत्याधुनिक सुविधाओं वाले इस क्रूज को रिसीव करने के लिए कस्तूरबा समेत दो वीआईपी वाहन बाकायदा नैनी ब्रिज के पीछे तैनात कर दिए गए हैं। मेला प्राधिकरण के साथ वाराणसी प्रशासन मिलकर तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है।

**मोदी करेंगे क्रूज की सवारी**

देश दुनिया की नजर इस समय महाकुम्भ पर टिकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी कार्यक्रम यहां 13 दिसंबर को प्रस्तावित है। श्रंगवेरपुर धाम में भगवान राम और निषादराज की प्रतिमा का पीएम मोदी अनावरण करेंगे। इसके बाद वे अत्यधिक सुविधाओं वाले निषादराज क्रूज पर सवार होकर अरैल से संगम तक आएंगे। यहां पीएम मोदी मां गंगा को प्रणाम कर संगम स्नान के साथ कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे।

उसके बाद गंगा आरती की योजना बनाई गई है, जिसके बाद बड़े हनुमान मंदिर और अक्षयवट का भी दर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसके साथ ही परेड स्थित सभा स्थल पर देश दुनिया के जाने-माने संतों से मुलाकात करेंगे।

**मेला प्राधिकरण और वाराणसी प्रशासन के बीच कोआर्डिनेशन**

अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि अत्याधुनिक सुविधाओं वाले निषादराज क्रूज को वाराणसी से प्रयागराज लाने में कोई दिक्कत ना हो, इसके लिए सभी पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

क्रूज को लेकर मेला प्राधिकरण और वाराणसी प्रशासन के बीच लगातार कोआर्डिनेशन हो रहा है। वाराणसी प्रशासन ने क्रूज को प्रयागराज की ओर रवाना कर दिया है। विशेष सुविधाओं वाले लग्जरी क्रूज निषादराज के जल्द ही प्रयागराज पहुंचने की संभावना है।

### महाकुम्भ को स्वच्छ, सुरक्षित और प्लास्टिक मुक्त बनाएंगे गंगा सेवादूत

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज: महाकुम्भ** 2025 को स्वच्छ, सुरक्षित और प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प सीएम योगी ने लिया है। सीएम योगी के संकल्प को सफल बनाने की दिशा में प्रयागराज मेला प्राधिकरण पूरी तरह सक्रियता से आगे बढ़ रहा है। महाकुम्भ को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के लिए मेला प्राधिकरण द्वारा रविवार को गंगा सेवादूतों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। लगभग 1800 गंगा सेवादूत, 250-250 के बैच में प्रशिक्षित किये जायेंगे। ये गंगा सेवादूत महाकुम्भ में स्वच्छता, सैनिटेशन, टेंटेज की कार्ययोजना, आग और अन्य आपदा से सुरक्षा और निरीक्षण का कार्य करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम 29 नवंबर तक जिला पंचायत सभागार, प्रयागराज में चलेगा। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार और मेला विशेष कार्याधिकारी आकांक्षा राना के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है।

महाकुम्भ को स्वच्छ, सुरक्षित और प्लास्टिक मुक्त बनाएंगे गंगा सेवादूत सीएम योगी के स्वच्छ और सुरक्षित महाकुम्भ के संकल्प को सफल बनाने में गंगा सेवादूत अहम भूमिका निभाएंगे। प्रयागराज मेला प्राधिकरण लगभग 1800 गंगा सेवादूतों को प्रशिक्षित कर रहा है।

## सुक्खू सरकार की दो साल की नाकामियों को उजागर करेगी भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला: हिमाचल** प्रदेश में कांग्रेस की सुक्खू सरकार 11 दिसम्बर को दो साल का कार्यकाल पूरा कर रही है। इस उपलक्ष्य पर सुक्खू सरकार बिलासपुर में एक बड़ा आयोजन कर अपनी उपलब्धियों का बखान करेगी। इसके लिए सरकार तैयारियों में जुटी है। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के इस समारोह में आने की संभावना है। दूसरी तरफ विपक्षी दल भाजपा ने भी सरकार को घेरने की कवायद शुरू कर दी है। सरकार के दो साल पूरे होने के मौके पर भारतीय जनता पार्टी राज्य सरकार की नाकामियों को उजागर करेगी। इसके लिए भाजपा ने पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिन्दल द्वारा गठित इस कमेटी में चार विधायकों को जगह दी गई है। इनमें रणधीर शर्मा, त्रिलोक जमबाल, राकेश जमबाल और सुधीर शर्मा शामिल हैं। प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नन्दा को भी कमेटी में जगह मिली है। कमेटी में सबसे रोचक



**सरकार को घेरेंगे**

**▸▸ सरकार के दो साल पूरे होने के मौके पर बीजेपी सरकार की नाकामियों को उजागर करेगी**

नाम धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा का है। दरअसल सुधीर शर्मा कांग्रेस के विधायक रहे हैं और पूर्व कांग्रेस सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मतभेद के कारण उन्होंने भाजपा का दामन थामा है। इसी साल फरवरी महीने में हुए राज्यसभा चुनाव में सुधीर शर्मा सहित कांग्रेस के तत्कालीन छह विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। इस पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने इन्हें विधानसभा सदस्य से अयोग्य ठहराया था। इसके बाद इन्होंने भाजपा का दामन थामा और उपचुनाव लड़ा। इनमें इंद्रदत्त लखनपाल बड़सर और सुधीर शर्मा धर्मशाला से दोबारा जीत कर विधायक बने। सुधीर शर्मा विधायक निर्वाचित होने के बाद सरकार पर लगातार निशाना साध रहे हैं।

**फास्ट न्यूज**

### उत्तराखंड में बढ़ेगी ठंड, कोहरे का अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** उत्तराखंड में आगामी दिनों में ठंड बढ़ने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार हरिद्वार और उधमसिंह नगर जिले के कुछ क्षेत्रों में सुबह के समय घने कोहरे और धुंध के कारण दृश्यता कम रहेगी। कोहरे का असर खासकर सुबह यात्रा करने वाले लोगों पर पड़ेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि कोहरे के कारण यातायात में बाधा आ सकती है, इसलिए वाहन चालकों को सतर्क रहने और धीमी गति से वाहन चलाने की सलाह दी गई है। राज्य के पहाड़ी इलाकों में मौसम साफ रहने की संभावना है, लेकिन तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। रात के समय ठंड में बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे फसलों को ठंड और पाला से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। अगले कुछ दिनों में बारिश की संभावना नहीं है, लेकिन ठंडी हवाओं का असर बढ़ सकता है। विशेषज्ञों ने लोगों को सलाह दी है कि कोहरे के कारण सड़क यात्रा के दौरान सतर्क रहें और वाहनों की गति नियंत्रित रखें। यह स्थिति विशेष रूप से सुबह के समय देखने को मिलेगी। इसके अलावा, प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में मौसम सामान्य रहने की उम्मीद है। तापमान में हल्की गिरावट हो सकती है, जिससे ठंड बढ़ सकती है।

### आरजी कर से सबक: पोस्टमार्टम का चालान अनिवार्य

**टीम एक्शन इंडिया**

कोलकाताः आर.जी. कर की घटना से सीख लेते हुए कोलकाता पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। असामान्य मौतों के पोस्टमार्टम के लिए अब चालान अनिवार्य कर दिया गया है। कोलकाता पुलिस मुख्यालय लालबाजार की ओर से सभी पुलिस स्टेशनों को विशेष रूप से सतर्क किया गया है। उल्लेखनीय है कि आर.जी. कर के मुद्दे पर राज्य को सुप्रीम कोर्ट में सवालों का सामना करना पड़ा।

## सीएम नीतीश ने विकास कार्यों को लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना: मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने निर्माणाधीन बिहटा-दानापुर एलिवेटेड सड़क तथा राज्य आपदा मोचन बल, मुख्यालय के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहटा-दानापुर एलिवेटेड सड़क का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। इससे लोगों का आवागमन और सुलभ होगा। साथ ही उनके समय की भी बचत होगी। इस पथ को दानापुर स्टेशन के पास के आरओबी से जोड़ा जाएगा। इसके निर्माण से बिहटा एयरपोर्ट जाना सुगम हो जाएगा। इसके पश्चात



मुख्यमंत्री ने बिहटा के दिलावरपुर में बनाए जा रहे राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) मुख्यालय के भवन के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। यहां मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) मुख्यालय परिसर में बनाए जा रहे भवनों का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की

**सीएम का दौरा**

**▸▸ निर्माणाधीन एलिवेटेड सड़क और एसडीआरएफ मुख्यालय के निर्माण कार्य की प्रगति का लिया जायजा**

तर्ज पर वर्ष-2010 में राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) का गठन किया गया। पहले राज्य आपदा मोचन बल के जवानों को प्रशिक्षण केन्द्र के अभाव में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता था।



राजद के सम्मेलन में तेजस्वी यादव का अभिनंदन करते कार्यकर्ता।

## 'राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करता है एनसीसी'

**अनुशासन**

**▸▸ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले केडट्स को पुरस्कृत किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रविवार को राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित 76वें एनसीसी दिवस समारोह में शामिल हुए। एनसीसी दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि



एनसीसी युवाओं में राष्ट्रप्रेम और अनुशासन की भावना को जगाता है और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है। मुख्यमंत्री ने एनसीसी कैडेट्स की परेड की सलामी ली। एनसीसी दिवस कार्यक्रम में एनसीसी के छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुति के साथ ही हार्स राइडिंग, एरो मॉडलिंग, सेक्शन मूवमेंट, सीमा फोर जैसे प्रदर्शन किये गए।




## मुसलमानों और यादवों का साथ छोड़ना अखिलेश की असली पीड़ा : ब्रजेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उप्र के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को कहा कि समाजवादी पार्टी की जमीन खिसक गयी है। अब उनके साथ उनका वोट बैंक यादव और मुस्लिम समाज भी नहीं रहा। कुंदरकी में भाजपा की डेढ़ लाख मतों से जीत, करहल और सीसामऊ विधान सभा सीटों पर सपा के कम हुए मत, यह बयां कर रहे हैं। अखिलेश यादव के रविवार को पत्रकार वार्ता कर



चुनाव नतीजों और संभल में मस्जिद के सर्वे पर सवाल उठाने के कुछ देर बाद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि उपचुनाव परिणाम के बाद जमीन खिसकने से विपक्षी दलों, खास कर सपा में खलबली है।

**तंज कसा**

**▸▸ उपचुनाव परिणाम के बाद जमीन खिसकने से विपक्षी दलों, खास कर सपा में खलबली है: अखिलेश यादव**

### सर्व हिन्दू समाज ने दिया 'एक हैं तो सेफ है' का नारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**जगदलपुर:** सर्व हिन्दू समाज द्वारा एक घण्टा राष्ट्र के नाम अभियान के निमित्त जगन्नाथ मंदिर में आज रविवार को आयोजित साप्ताहिक बैठक में विभिन्न समाजों व संगठन के प्रमुख की उपस्थित में राष्ट्रहित में अपने विचारों को बैठक में रखा। इस अभियान के तहत सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिये देश-विदेश में घट रही घटनाओं के संबंध में आमजन को जागरूक किया गया।

**धरोहर** 428 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से गुजरात के ऐतिहासिक धरोहर स्थलों को किया जा रहा विकसित

## 21 लाख से अधिक पर्यटकों ने गुजरात विजिट किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गांधीनगरः** सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए यूनेस्को हर साल 19 नवम्बर से 25 नवम्बर तक विश्वभर में विश्व विरासत सप्ताह मनाता है। भारत में भी इसे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सहयोग से देशभर के ऐतिहासिक धरोहर स्थलों के लिए आयोजित किया जाता है। इस वर्ष विश्व धरोहर सप्ताह 2024 की थीम "विविधता की खोज और अनुभव" है। ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध गुजरात



में भी कई ऐसे ऐतिहासिक धरोहर स्थल हैं जो देश-विदेश के लाखों पर्यटकों की पहली पसंद बने हुए हैं। गुजरात के पर्यटन विभाग के अनुसार वर्ष 2023-24 में लगभग 21 लाख से अधिक पर्यटकों ने गुजरात के प्रमुख विरासत पर्यटन स्थलों को विजिट किया है। सूचना विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार ऐतिहासिक विरासत स्थलों को पर्यटकों के लिए आकर्षक और सुविधा जनक बनाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात सरकार ने 428 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विभिन्न विकास कार्यों को शुरू किया है। इतना ही नहीं, इन विरासत स्थलों में गुजरात सरकार नाईट टूरिज्म के कॉन्सेप्ट के तहत लाइट एंड शो जैसी कई आकर्षक गतिविधियाँ भी संचालित कर रही है, जिसे देश-विदेश के पर्यटक खूब पसंद भी कर रहे हैं। वडनगर एक ऐतिहासिक धरोहर स्थल के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म स्थान भी है। वडनगर के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व को समझते हुए गुजरात सरकार ने यहां पिछले तीन वर्षों में 70 करोड़ रुपये खर्च कर कई बुनियादी और आधुनिक पर्यटन सुविधाओं को